बैशाख शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 20 मई 2024
वर्ष 34, अंक 113, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





चिराग-सात्विक ने जीता थाईलैंड ओपन 15

रणवीर को पसंद आई फिल्म श्रीकांत 16


# इंजन में आग लगने से विमान की आपात लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक के बेंगलुरु से केरल के कोच्चि जाने वाले एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान के दाएं इंजन में उड़ान भरने के तुरंत बाद आग लगने के कारण उसे बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शनिवार को 179 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों को ले जा रहे विमान के इंजन में बेंगलुरु से रवाना होने के तुरंत बाद आग लग गई। चालक दल ने इसकी जानकारी तुरंत यातायात नियंत्रक को दी। इसके बाद विमान रात 11:12 बजे सुरक्षित रूप से उतर गया, हवाईअड्डे की अग्निशमन सेवाओं ने तेजी से आग बुझा दी। सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित बच गए। केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के संचालक बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि 18 मई को बेंगलुरु से कोच्चि जाने वाली उड़ान IX 1132 को एक इंजन में आग लगने के बाद रात 11:12 बजे बेंगलुरु हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। हवाई अड्डे पर पूर्णतः आपातकाल घोषित कर दिया गया था, विमान के लैंड करते ही आग को तुरंत बुझा दिया गया। सभी 179 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों को विमान से सुरक्षित निकाल लिया गया। कारणों की जांच की जा रही है।



- बेंगलुरु से कोच्चि जा रही थी एआई एक्सप्रेस की फ्लाइट
- विमान में सवार थे 179 यात्री व चालक दल के 6 सदस्य

# पांचवां चरण : पांच केंद्रीय मंत्रियों समेत राहुल की प्रतिष्ठा दांव पर

## दिग्गज नेताओं के भाग्य का फैसला करेंगे करीब ढाई करोड़ मतदाता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में पांचवें चरण के चुनाव में पांच केंद्रीय मंत्रियों, राजनाथ सिंह, कौशल किशोर, स्मृति ईरानी, साध्वी निरंजन ज्योति व भानु प्रताप वर्मा समेत कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की प्रतिष्ठा दांव पर है। इस चरण में लखनऊ, मोहनलालगंज, अमेठी व रायबरेली समेत 14 लोकसभा व लखनऊ पूर्व विधानसभा सीटों पर मतदान 20 मई को होगा। करीब ढाई करोड़ मतदाता इन दिग्गज नेताओं के भाग्य का फैसला करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने इन सीटों पर निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं।



- प्रदेश की 14 लोकसभा और एक विधानसभा सीट पर आज होगा मतदान

लखनऊ सीट पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। इंडी गठबंधन में शामिल सपा ने उनके मुकाबले में मौजूदा विधायक रविदास मेहरोत्रा को चुनाव मैदान में उतारा है। बसपा ने सरवर मलिक को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह, मोहनलालगंज सीट पर केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर भी तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। इंडी गठबंधन के तहत सपा से पूर्व मंत्री आरके चौधरी व बसपा के राजेश कुमार से उन्हें चुनौती मिल रही है।

हाईप्रोफाइल सीटों में शामिल अमेठी सीट पर केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी चुनाव मैदान में हैं। नेहरू-गांधी परिवार के करीबी माने जाने वाले किशोरी लाल शर्मा उन्हें चुनौती दे रहे हैं। रायबरेली सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी को भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह से चुनौती मिल रही है। दोनों सीटों को जीतने के लिए गांधी परिवार क्षेत्रों में डेरा डाले हुए है।

### हाईप्रोफाइल अमेठी व रायबरेली सीटों पर भाजपा-कांग्रेस में घमासान

हाईप्रोफाइल अमेठी व रायबरेली सीटों को जीतने के लिए भाजपा व कांग्रेस में घमासान की स्थिति है। पिछले दिनों सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी व राहुल गांधी के अलावा सपा प्रमुख अखिलेश यादव चुनावी सभाओं के जरिये मतदाताओं को अपने पाले में लाने की कोशिश में लगे रहे, जबकि भाजपा की ओर से केंद्रीय मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी चुनावी सभाएं कर अमेठी के साथ ही इस बार रायबरेली सीट जीतने के लिए माहौल बना चुके हैं। फतेहपुर सीट पर केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति चुनाव मैदान में हैं। सपा प्रत्याशी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल उन्हें चुनौती दे रहे हैं। इसी तरह, जालौन सीट पर केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा चुनाव मैदान में हैं। उनके खिलाफ इंडी गठबंधन से नारायण दास अहिरवार चुनाव मैदान में हैं। अहिरवार बसपा के संस्थापक सदस्य रहे हैं। 2007 से 2011 तक वह मायावती सरकार में मंत्री थे







# प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में पीओके होगा हमारा : मुख्यमंत्री

## योगी ने छह लोकसभा सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में की जनसभा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरा कार्यकाल दीजिए, पीओके (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) भारत का हिस्सा होगा। इस घोषणा के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुंडा-माफिया के सरगना कह रहे हैं कि योगी जी को बुलडोजर नहीं चलाना चाहिए। मैं कहता हूं कि चिंता न करो, जो गुंडे और माफिया बचे हैं चुनाव बाद उनकी संपत्ति पर भी बुलडोजर चल जाएगा। मुख्यमंत्री ने रविवार को छह लोकसभा सीटों आजमगढ़, लालगंज, जौनपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर और इलाहाबाद में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

योगी ने आजमगढ़ में सांसद व भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' के पक्ष में कहा कि आजमगढ़ को अभी बहुत कुछ देना है, इसे औद्योगिक सिटी बनाना है। यह फिल्म सिटी का केंद्र बनेगा, जहां से ढेर सारे निरहुआ और आम्रपाली दुबे निकलेंगे। सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वो लोग यहां पिकनिक मनाने आ रहे हैं और चुनाव बाद इंग्लैंड घूमने निकल जाएंगे। योगी ने आजमगढ़ के फूलपुर पवई में लालगंज लोस सीट से भाजपा प्रत्याशी नीलम सोनकर के लिए भी प्रचार किया।

जौनपुर में योगी ने भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह के लिए वोट मांगा। बोले कि सपा और माफिया का चोली-दामन का साथ है। हम उत्तर प्रदेश की धरती से रामद्रोहियों, भारत विरोधियों और माफिया को समाप्त करके रहेंगे। योगी ने कहा कि सपा-कांग्रेस के इंडी गठबंधन का एकजुट होना खतरे की घंटी का संकेत है। उन्होंने आश्वस्त किया कि भाजपा न आपकी संपत्ति का सर्वे कराने देगी, न ही जजिया कर लगाने देगी और न ही आरक्षण पर सेंध लगाने देगी।

मुख्यमंत्री ने रामपुर खास में प्रतापगढ़ के सांसद व भाजपा प्रत्याशी संगमलाल गुप्ता के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर को भारत का हिस्सा बनाना है, इसलिए अबकी बार 400 पार सीटें चाहिए। कांग्रेस और सपा को इस नारे से चक्कर आने लगा है, क्योंकि प्रयागराज और गाजीपुर वाले इनके शागिर्द मिट्टी में मिल चुके हैं।

योगी ने करछना में इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के पक्ष में जनसभा की। बोले कि प्रयागराज में विधायक राजू पाल की हत्या कर दी जाती है और सपा बेशर्मी से माफिया को अपने गले का हार बना लेती है। उन्होंने दो लड़कों की जोड़ी फूलपुर आई थी, लेकिन जनता ही नहीं थी, ऐसे में वापस चले गए हैं। यहां मतदाताओं से कहा कि, माफिया के मरने पर मातम मनाने वालों की जमानत जब्त कराइए।



- मतदाताओं से अपील-माफिया के मरने पर मातम मनाने वालों की जमानत जब्त कराइए

### औरंगजेब की आत्मा को जीवित नहीं होने देंगे

मुख्यमंत्री ने फूलपुर से विधायक और लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवीण पटेल के पक्ष में सोरांव में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विरासत टैक्स की घोषणा कर कांग्रेस व सपा ने साबित कर दिया कि औरंगजेब की आत्मा को जीवित कर वह हिंदुओं को तबाह करना चाहती हैं, लेकिन भाजपा इनकी कारस्तानी पूरा नहीं होने देगी।

## सुरक्षा घेरे की बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुसे कार्यकर्ता, मंच पर चढ़े

# प्रयागराज में राहुल-अखिलेश की सभा में भगदड़, कई घायल

राज्य ब्यूरो, प्रयागराज/लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की रविवार को प्रयागराज में आयोजित जनसभा में जबरदस्त हंगामा हुआ। जनसभा में आई भीड़ बेकाबू हो गई और सुरक्षा घेरे की बैरिकेडिंग तोड़कर मंच तक पहुंच गई। इससे पहले भीड़ ने पुलिस से भी धक्का-मुक्की की। बाद में पुलिस के लाठीचार्ज में भगदड़ मच गई। इसमें तमाम घायल हुए, कुर्सियां टूटीं तो बहुतों के मोबाइल फोन भी गिर गए। स्थिति देखकर दोनों नेताओं के सुरक्षाकर्मियों के भी हाथपांव फूल गए। ऐसे में भाषण दिए बगैर अखिलेश और राहुल को जनसभा से वापस जाना पड़ा।

रैली का आयोजन पड़िला महादेव (फाफामऊ क्षेत्र) में फूलपुर लोकसभा सीट के सपा प्रत्याशी अमरनाथ मौर्या के समर्थन में किया गया था। जनसभा में चारों तरफ सिर पर लाल टोपी और गले में लाल गमछा डाले हुए कार्यकर्ताओं, समर्थकों को अपने नेताओं के आने का इंतजार था। जैसे ही हेलीकॉप्टर से राहुल गांधी और अखिलेश वहां पहुंचे स्थिति बेकाबू हो गई। इन नेताओं के करीब पहुंचने के लिए पहले हेलीकॉप्टर वाली बैरिकेडिंग और फिर मंच से पहले डी वाली बैरिकेडिंग तोड़कर भीड़ अंदर घुस गई। तमाम कार्यकर्ता मंच पर चढ़ गए।

अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं, समर्थकों को शांत रहने के लिए समझाया लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद राहुल और अखिलेश नाराज हो गए। दोनों नेता मंच से चले गए। सपा एमएलसी मान सिंह यादव ने हंगामे के पीछे भाजपा की साजिश बताई है। तर्क दिया कि जनसभा की भीड़ को देखकर साजिशन पुलिस फोर्स की व्यवस्था नहीं की गई, इस वजह से अव्यवस्था फैली।



जनसभा के दौरान मंच पर बैठे राहुल गांधी और अखिलेश यादव। ● अमृत विचार

- समर्थकों ने की पुलिस से धक्का मुक्की, पुलिस ने भांजी लाठी
- नाराज दोनों नेता बगैर संबोधित किए जनसभा छोड़कर चले गए



भगदड़ के बाद जनसभा स्थल पर बिखरा पड़ा सामान। ● अमृत विचार

## एक नजर

### तीन नए आपराधिक कानूनों पर आज सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट तीन नए आपराधिक कानूनों के अधिनियमन को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। पुराने कानूनों में विभिन्न प्रकार के दोषों और विसंगतियों के मद्देनजर आपराधिक कानूनों में बदलाव की मांग की जाती रही है। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की अवकाशकालीन पीठ इस मामले की सुनवाई कर सकती है। लोकसभा ने पिछले साल 21 दिसंबर को भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक को पारित किया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन्हें मंजूरी दी थी।

### कांग्रेस नेता प्रतापराव भोसले का निधन

**कोल्हापुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री प्रतापराव भोसले (90) का रविवार को निधन हो गया। भोसले के परिवार में पूर्व विधायक मदन भोसले समेत तीन पुत्र और एक पुत्री हैं। भोसले वाई-खंडाला क्षेत्र से चार बार विधायक चुने गए थे। तीन बार सतारा लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर भी रहे।

# 2023-24 में जीडीपी 7 प्रतिशत रहने का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (इंडरा) को उम्मीद है कि मार्च तिमाही में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग 6.9-7 प्रतिशत रह सकती है। रेटिंग एजेंसी के प्रमुख अर्थशास्त्री सुनील कुमार सिन्हा ने यह अनुमान जताया है।

सरकार चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2024) और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि के शुरुआती अनुमान 31 मई को जारी करेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 की जून तिमाही में 8.2 प्रतिशत, सितंबर तिमाही में 8.1 प्रतिशत और दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। सिन्हा ने एक साक्षात्कार में बताया कि हम उम्मीद कर रहे हैं कि चौथी तिमाही की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत होगी और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कुल जीडीपी वृद्धि दर लगभग 6.9-7 प्रतिशत होगी। उन्होंने कहा कि पहली दो तिमाहियों में वृद्धि दर को कम आधार का फायदा मिला, हालांकि तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर 2023) तिमाही में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर आश्चर्यजनक थी।

- चौथी तिमाही में वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद

### सीआईएसएफ संभालेगी 20 मई से संसद की सुरक्षा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद की सुरक्षा 1,400 से अधिक सीआरपीएफ कर्मचारियों के हटने के बाद सोमवार से पूरी तरह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के हवाले हो जाएगी। इसके 3,300 से अधिक कर्मी आतंकवादरोधी तथा अन्य सुरक्षा दायित्वों की जिम्मेदारी अपने हाथों में ले लेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संसद दायित्व समूह (पीडीजी) ने शुक्रवार को परिसर से अपने प्रशासनिक अमले के साथ वाहन, हथियार और कमांडो को हटा लिया।

# केजरीवाल के आवास से सीसीटीवी डीवीआर जब्त

## स्वाति मामला

- जांच के सिलसिले में मुख्यमंत्री के आवास पर पहुंची पुलिस

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस की एक टीम आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट की जांच के सिलसिले में रविवार को यहां मुख्यमंत्री केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर पहुंची। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी डीवीआर (डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर) सहित इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं ताकि 13 मई को मालीवाल पर हुए कथित हमले की फुटेज हासिल की जा सके। उस दिन केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार ने मुख्यमंत्री आवास पर आप की राज्यसभा सदस्य पर कथित हमला किया था। मालीवाल ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री आवास की सीसीटीवी फुटेज के साथ छेड़छाड़ की गई है। कुमार को शनिवार को गिरफ्तार किया गया और एक अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। सूत्रों ने बताया कि कुमार पूछताछ के दौरान गोलमोल जवाब दे रहे थे। दिल्ली पुलिस ने मालीवाल की शिकायत के बाद सिविल लाइंस पुलिस थाने में गैर इरादतन हत्या की कोशिश, बंधक बनाना, निर्वस्त्र करने के इरादे से महिला पर हमला, आपराधिक भयादोहन और महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से शब्द, भाव-भंगिमा का इस्तेमाल करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है।

### आप को खत्म करना चाहते हैं मोदी : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए उनकी पार्टी चुनौती बन सकती है इसलिए वह 'आप' को ख़त्म करना चहते हैं। केजरीवाल ने पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को भाजपा मुख्यालय तक मार्च निकालने की कोशिश की, लेकिन पुलिस के भारी सुरक्षा बंदोबस्त की वजह से वह 'आप' मुख्यालय से आगे नहीं बढ़ पाए। उन्होंने मार्च निकालने से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी और भाजपा ने आम आदमी पार्टी को कुचलने के लिए 'ऑपरेशन झाड़ू' शुरू किया है।



## एक नजर

### राजनाथ से मिलकर दिया समर्थन का भरोसा

**अमृत विचार, लखनऊ :** कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा उप्र. के प्रतिनिधिमंडल ने रक्षामंत्री और लखनऊ से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह से रविवार को मुलाकात की। लखनऊ स्थित आवास पर मुलाकात करने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वीपी मिश्र ने किया, उन्होंने पुरानी पेंशन बहाली समेत कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया और चुनाव में सभी कर्मचारियों द्वारा सहयोग व समर्थन देने का विश्वास दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में शशि कुमार मिश्रा, सतीश कुमार पांडेय संयोजक, गिरीश चन्द्र मिश्रा, गिरजा शंकर तिवारी, अतुल मिश्रा, मनोज कुमार मिश्रा, घनश्याम यादव आदि उपस्थित थे।

### प्रदेश में हुई रिकॉर्ड बिजली की आपूर्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में बीते दिन लगभग 587 .75 मिलियन यूनिट की रिकार्ड बिजली आपूर्ति की गई। उप्र राज्य विद्युत अभियंता संघ ने इसके लिए ऊर्जा प्रबंधन व अभियंताओं को बधाई दी है। अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने जारी बयान में कहा कि वर्ष 2023 में इसी दिन अधिकतम बिजली आपूर्ति 579 मिलियन यूनिट थी। उन्होंने कहा कि इस बार 28,092 मेगावाट की मांग को भी सफलतापूर्वक पूरा किया गया।



# हर बेरोजगार के खाते में 8500 रुपये खटाखट डालेंगे : राहुल

## कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बोले, कूड़ेदान में जाएगी अग्निवीर योजना

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** हर बेरोजगार और परिवार की एक महिला के खाते में 8,500 रुपये खटाखट डालेंगे और साल में एक लाख रुपये देंगे। हमारी सरकार प्रत्येक नागरिक को लखपति बनायेगी। इसके अलावा अग्निवीर योजना को कूड़ेदान में डाला जायेगा और सेना में स्थायी भर्ती की जाएगी। यह बात कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने करछना में रविवार को इंडी गठबंधन के इलाहाबाद 52 संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी कुंवर उज्ज्वल रमण सिंह के समर्थन में जनसभा में कही। मंच पर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव भी थे।

अखिलेश यादव ने कहा कि यह ऐतिहासिक भीड़ इंडी गठबंधन की विजय का संकेत है। 4 जून के बाद न केवल नौकरी के रास्ते खुलेंगे, बल्कि अग्निवीर परीक्षा सदैव के लिए खत्म की जायेगी। दोनों ने ही भारतीय जनता पार्टी पर जमकर प्रहार किया।



करछना में आयोजित जनसभा में मौजूद भारी भीड़ के बीच राहुल गांधी।

## हमारी सरकार बनी तो ईडी व सीबीआई खत्म : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि ईडी और सीबीआई की जरूरत नहीं है और इन्हें बंद कर देना चाहिए। एक अंग्रेजी अखबार को दिए साक्षात्कार में शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वह विपक्ष के इंडी गठबंधन को यह प्रस्ताव देंगे।

साक्षात्कार में अखिलेश यादव ने सीबीआई और ईडी को बंद कर देने के पीछे तर्क दिया कि अगर आपने धोखा दिया है, तो इससे निपटने के लिए आयकर विभाग है। आपको सीबीआई की जरूरत क्यों है? हर राज्य में भ्रष्टाचार की रोकथाम के लिए एक विभाग है, जरूरत पड़ने पर इसका इस्तेमाल करें।

अखिलेश यादव ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल केवल भाजपा के राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के सत्ता में आने पर मैं इस निजी प्रस्ताव को गठबंधन के सामने रखूंगा।

# 5वें चरण में 14 सीटों पर 144 प्रत्याशी मैदान में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** 5वें चरण में 14 लोकसभा सीटों पर 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, इनमें 131 पुरुष व 13 महिला प्रत्याशी हैं, जबकि लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर चार प्रत्याशियों में मुकाबला है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सीटों पर दो करोड़ 71 लाख 36 हजार 363 मतदाता व लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर चार लाख 64 हजार 510 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इस चरण में जिन सीटों पर मतदान होना है, उनमें मोहनलालगंज (अजा), लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन (अजा), झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी (अजा), बाराबंकी (अजा), फैजाबाद, कैसरगंज व गोण्डा लोकसभा सीटें और लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट शामिल हैं। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा।

5वें चरण के चुनाव में कुल 28,688 मतदेय स्थल हैं, जिसमें से 4,232 संवदेनशील हैं। कुल 17,128 मतदान केन्द्र हैं। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग की ओर से तीन विशेष प्रेक्षक, 14 सामान्य प्रेक्षक, नौ पुलिस प्रेक्षक और 15 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं। इसके अलावा 2416 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 327 जोनल मजिस्ट्रेट, 549 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 3619 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये हैं।

### सबसे अधिक मतदाता मोहनलालगंज में

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सीटों में इस चरण में दो करोड़ 71 लाख 36 हजार 363 मतदाता हैं, जिसमें एक करोड़ 44 लाख पांच हजार 97 पुरुष, एक करोड़ 27 लाख 30 हजार 186 महिला व 1,080 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता मोहनलालगंज (अजा) व सबसे कम मतदाता बांदा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट में कुल चार लाख 64 हजार 510 मतदाता हैं, जिसमें दो लाख 42 हजार 937 पुरुष व दो लाख 21 हजार 558 महिला और 15 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।

### सबसे अधिक प्रत्याशी फतेहपुर सीट पर

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सीटों में सबसे अधिक 15 प्रत्याशी फतेहपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में व सबसे कम चार प्रत्याशी कैसरगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं।

### खरीफ गोष्ठी 12 जून से

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में खरीफ अभियान 2024 के तहत राज्य व मंडल स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। निदेशक कृषि डॉ. जितेंद्र कुमार तोमर ने बताया कि 12 जून को राज्य व लखनऊ मंडल की गोष्ठी राजधानी में होगी। 14 जून को मेरठ, सहारनपुर व मुरादाबाद मंडल की गोष्ठी मेरठ में, 18 जून को अलीगढ़, आगरा व बरेली मंडल की गोष्ठी अलीगढ़ में, 20 जून को झांसी, कानपुर व चित्रकूट धाम मंडल की गोष्ठी झांसी में, 22 जून को गोरखपुर, बस्ती व आजमगढ़ मंडल की गोष्ठी गोरखपुर में, 24 जून को वाराणसी, प्रयागराज व विंध्यांचल मंडल की गोष्ठी वाराणसी में व 26 जून को अयोध्या व देवीपाटन मंडल की गोष्ठी अयोध्या में आयोजित होगी।

# 10 वर्षों में पूरा बदल गया देश : योगी

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** वर्ष 2014 के पहले देश में किसान आत्महत्या करता था। गरीब भूख से मरता था। नौजवान पलायन करता था और बेटी व व्यापारी दोनों सुरक्षित नहीं थे। 2014 के बाद दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आतंकवाद और नक्सलवाद पर प्रभावी अंकुश लगा है। दस वर्ष में पूरा भारत बदल गया है। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करछना में भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में हुई जनसभा में कही।

**करछना में मुख्यमंत्री बोले- दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा**



उन्होंने कहा कि 10 वर्ष में पूरा भारत बदल गया है। अब तो पटाखे भी बज जाएं तो पाकिस्तान सबसे पहले सफाई देता है कि मैंने कुछ नहीं किया है। पाकिस्तान को खाने के लाले पड़े हैं, वहीं भारत में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन दिया जा रहा है। प्रदेश में सभी माफिया बुलडोजर का भय खाते हैं। रीता जोशी के आशीर्वाद से नीरज त्रिपाठी को मोदी जी ने चुनाव में उतारा है। आज हम सबको मोदी के नेतृत्व में भारी बहुमत से सरकार बनानी है। इस मौके पर पूर्व विधायक राजबली जैसल ने भाजपा की सदस्यता ली।

# पहली बार मिले 39 सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सक

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग को पहली बार 39 सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सक मिल गये हैं। इन डॉक्टरों के आने से सरकारी अस्पतालों में बीमारी विशेष के इलाज के लिए मरीजों को उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर नहीं करना पड़ेगा। इन चिकित्सकों की नियुक्ति लोक सेवा आयोग द्वारा 268 पदों के सापेक्ष हुई है।

स्वास्थ्य विभाग में निदेशक प्रशासन डॉ.राजा गणपति ने बताया कि लोकसेवा आयोग, प्रयागराज को 268 सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजा गया था। विज्ञापन प्रकाशित होने के बाद आयोग को 71 आवेदन प्राप्त हुए थे, इनमें से 39 विशेषज्ञों का चयन हुआ है। चयनित विशेषज्ञों में एमडी मेडिसिन, प्लास्टिक सर्जन, नेफ्रोलॉजिस्ट, पैथोलॉजिस्ट और अन्य विशेषज्ञ शामिल हैं। जल्द ही इन्हें विभिन्न चिकित्सालयों में तैनाती दी जायेगी, ताकि मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध हो।

### मिलेगा अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ

19010 चिकित्सकों के विभाग में ग्रेड टू के 7240 पद हैं, इनमें से 3620 पद स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की सीधी भर्ती के लिए हैं, इनमें से सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों को अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ दिया गया है। यानी ग्रेड चार में पहुंचने तक इन चिकित्सकों को तीन वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाएगा।

मालूम हो कि स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी है। जिसकी वजह से विभिन्न बीमारियों के मरीजों को बेहतर इलाज के लिए किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, डॉ.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान या अन्य उच्च संस्थानों में रेफर किया जाता है। अब, इन सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की तैनाती से सरकारी अस्पतालों में भी अत्याधुनिक और विशेषज्ञता पूर्ण इलाज मिलने का रास्ता प्रशस्त हो गया है। गरीब मरीजों को बेहतर इलाज के लिए बड़े संस्थानों में चक्कर नहीं लगाने पड़ेगे। साथ ही मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।

# ड्रोन स्प्रे से पहले किया जाएगा फसलों का सर्वे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कृषि कार्य में ड्रोन को बढ़ावा देने के लिए विभाग जिलों में फसलों का सर्वे करेगा और बुवाई के आधार पर ड्रोन से तरल उर्वरक व कीटनाशक के छिड़काव यानी स्प्रे की संभावना तलाशेगा। इसी आधार पर केंद्र पोषित नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समूह की महिलाओं को ड्रोन बांटे जाएंगे।



**नमो ड्रोन दीदी योजना में उपलब्धता के आधार पर महिलाओं को बांटे जाएंगे ड्रोन**

सर्वे में ऐसे क्षेत्र चिह्नित किये जाएंगे, जहां बड़े क्षेत्रफल में किसान खेती करते हैं और उनके लिए फसलों में स्प्रे करना मुश्किल रहता है। ऐसी जगहों पर महिलाएं किसानों से शुल्क लेकर ड्रोन से फसलों में तरल उर्वरक व कीटनाशक छिड़केंगी। शुल्क से महिलाओं की आमदनी होगी। विभाग ने एक ड्रोन से प्रतिवर्ष 2 हजार से ढाई हजार एकड़ औसतन स्प्रे करने का लक्ष्य रखा है और 25 मई तक सर्वे रिपोर्ट मांगी है।

**आठ लाख का मिलेगा अनुदान, जल्द निर्धारित होगा लक्ष्य :** समूह की महिलाओं को कृषि कार्य के लिए ड्रोन खरीदने पर कृषि विभाग योजना के तहत आठ लाख रुपये अनुदान देगा। जबकि फर्टिलाइजर कंपनियां समूह की महिलाओं को निशुल्क ड्रोन बांटेंगी। केंद्र से जल्द ड्रोन का लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा। वर्ष 2022-23 में नमो ड्रोन दीदी के तहत प्रदेश के 39 जिलों में 114 ड्रोन महिलाओं को दिए गए थे। इस योजना का मकसद कृषि कार्य को ड्रोन के इस्तेमाल से आसान करना है और महिलाओं को रोजगार देना है।




गोरा बाजार आईटीआई में चुनाव सामग्री का मिलान करते कर्मचारी। अमृत विचार

# अमेठी में 'कमल' खिलाने में जुटे हैं सपा के तीन विधायक

▸▸ सपा के साथ गठबंधन होने से कांग्रेस दे रही कड़ी टक्कर

नीरज श्रीवास्तव

परशदेपुर, रायबरेली

**अमृत विचार।** देश की चर्चित सीट अमेठी लोकसभा में वैसे तो आज मतदान होना है लेकिन यहां पर अलग ही चुनावी तस्वीर नजर आ रही है। एक तरफ गठबंधन होने से कांग्रेस को मजबूत करने में समाजवादी पार्टी अपनी पूरी ताकत झोंके है वहीं दूसरी तरफ सपा के ही तीन विधायकों ने अमेठी में लगातार दूसरी बार 'कमल' खिलाने में दिन-रात एक कर दिया है।

1967 में अस्तित्व में आई अमेठी लोकसभा में अब तक कुल 16 बार चुनाव हुए हैं। जिसमें विजयी हुए नौ सांसदों ने अमेठी का प्रतिनिधित्व किया है। इस बार भाजपा से स्मृति इरानी लगातार तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं।


डॉ मनोज पांडेय


राकेश प्रताप सिंह

राहुल गांधी के रायबरेली जाने से इस बार गांधी परिवार के करीबी किशोरी लाल शर्मा अपने जीवन का पहला चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, नन्हे सिंह चौहान भी बसपा का परचम लहराने में जुटे हैं। कांग्रेस का गढ़ कही जाती रही अमेठी में पिछले विधान सभाचुनाव का आंकलन करें तो कांग्रेस की स्थिति अच्छी नहीं रही। यहां पर गौरीगंज, अमेठी, जगदीशपुर,तिलोई और सलोन विधानसभा हैं। सिर्फ जगदीशपुर को छोड़कर कांग्रेस कहीं भी लड़ाई में नहीं दिखी। जबकि सपा मजबूती से लड़ी और अमेठी और गौरीगंज जीत भी दर्ज की।

हालांकि विधानसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस के बीच गठबंधन नहीं था। लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन होने से कांग्रेस, भाजपा को कड़ी टक्कर दे रही है। लेकिन दूसरी तरफ सपा के गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह भाजपा के पक्ष में खुलकर बैटिंग कर रहे हैं। गौरीगंज विधायक महाराजी प्रजापति का परिवार स्मृति इरानी के समर्थन में जनसंपर्क में जुटा है। वहीं, रायबरेली जिले के ऊंचाहार से सपा विधायक डॉ मनोज पांडेय ने भाजपा का दामन थाम लिया है। और रायबरेली व अमेठी दोनों ही सीटों पर कमल खिलाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी है।

### 2022 में विधान सभा चुनाव की स्थिति

**विधान सभा गौरीगंज**
सपा – 79040
भाजपा – 72077
कांग्रेस – 28964
बसपा – 9872

**विधान सभा अमेठी**
सपा – 88217
भाजपा – 70121
कांग्रेस – 14080
बसपा – 10202

**विधान सभा तिलोई**
भाजपा – 99472
सपा – 71643
कांग्रेस – 21978
बसपा – 6121

**विधान सभा जगदीशपुर**
भाजपा – 89315
कांग्रेस – 66491
सपा – 27971
बसपा – 10198

**विधान सभा सलोन**
भाजपा – 87715
सपा – 85604
कांग्रेस – 11439
बसपा – 9335

# 17 लाख मतदाता तय करेंगे आठ प्रत्याशियों का भविष्य

## जिले में हैं 1463 मतदान केंद्र व 2263 मतदेय स्थल, भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ मतदान केंद्र पहुंची पोलिंग पार्टियां

▸▸ 1236 मतदान केंद्र रायबरेली में बनाए गए हैं।
▸▸ 1463 कुल मतदान केंद्र जिले में बनाए गए हैं।
▸▸ 2263 मतदेय स्थल बने हुए हैं।

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** रायबरेली संसदीय सीट के लिए आज होने वाले मतदान को लेकर शहर के गोरा बाजार मैदान से रविवार को पोलिंग पार्टियां रवाना हुईं। अधिकारियों के पहुंचने से पहले ही मैदान में गहमा-गहमी रही। उमस भरी गर्मी के बीच मतदान कर्मी एक दूसरे को खोजते रहे। उधर चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को माइक से आवाज देकर उनकी ड्यूटी के बारे में उन्हें अवगत कराया जाता रहा। जिले में 1463 मतदान केंद्र व 2263 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। जिनमें मतदान कराने को लेकर वाहनों से पोलिंग पार्टियां पोलिंग बूथों पर पहुंच गई हैं। संसदीय सीट के लिए आठ उम्मीदवार मैदान में हैं। जिनमें कांग्रेस से राहुल गांधी, भारतीय जनता पार्टी से दिनेश प्रताप सिंह, बसपा से ठाकुर प्रसाद, अखिल भारतीय अपना दल से दिलीप सिंह, अपना दल कमेरावादी से मो मोवीन, मानवतावादी समाज पार्टी से हिन्द रोहिताश, भारतीय पंचशील पार्टी से सुदर्शन राम व निर्दलीय के रूप में होरीलाल चुनावी मैदान में हैं। जिले में सोमवार सुबह 7 बजे से मतदान शुरू कराने के लिए तय कार्यक्रम के मुताबिक रविवार की सुबह 10 बजे से पोलिंग पार्टियों को रवाना करने का सिलसिला शुरू हुआ, जिसके लिए अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों से काउंटर स्थापित किये गये थे। पीठासीन अधिकारियों सहित अन्य कर्मचारियों को मतदान सामग्री उपलब्ध कराई गई। मतदान सामग्री पाने के बाद ज्यादातर मतदानकर्मी ईवीएम व वीवीपैट का मिलान करते नजर आए। सभी सामान का मिलान करने के बाद ही मतदान कर्मी पोलिंग बूथों के लिए रवाना हुये। सुबह से जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक रवानगी स्थल पर मौजूद रहे। वहीं मुख्य विकास अधिकारी की अन्य की रवानगी में लगे अधिकारियों पर पैनी नजर थी।


गोरा बाजार से चुनाव सामग्री लेकर जाते मतदान कर्मचारी। अमृत विचार


गोरा बाजार आईटीआई परिसर में चुनाव ड्यूटी से संबंधित जानकारी लेते मतदान कर्मचारी

**रायबरेली लोकसभा के मतदाता**
पुरुष–930983
महिला–852552
अन्य–36
कुल मतदाता–1783571

**सलोन विधान सभा के मतदाता**
पुरुष 188816
महिला 172486
227 मतदान केंद्र बनाए गए है
369 मतदेय स्थल बनाए गए हैं।

# चिलचिलाती धूप में छांव ढूंढते रहे कर्मचारी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** गोरा बाजार स्थित आईटीआई मैदान से रविवार की सुबह मतदान में लगे कर्मचारियों की गहमा-गहमी रही। सुबह से लोग अपनी-अपनी ड्यूटी को लेकर उत्सुक रहे। तेज धूप व तपती दोपहरी में लोग पेड़ की छांव ढूंढते रहे, लेकिन मैदान में कहीं छावं नहीं नजर आई, जिससे कर्मचारियों को काफी असुविधा का भी सामना करना पड़ा। खासकर ऐसी दशा में बुजुर्ग व बच्चों को लेकर जो महिला कर्मचारी आईं थी उन्हें खासी दिक्कतें उठानी पड़ी, लेकिन जब दोपहर बाद पोलिंग पार्टियां हुई तो थोड़ा सा राहत मिली।


धूप से बचाव करतीं महिलाकर्मी

### कर्मचारी करते रहे ड्यूटी कटवाने का जुगाड़

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। गोरा बाजार मैदान से रविवार की सुबह पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जा रहा था। जिसको लेकर चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारी समय से अपनी ड्यूटी में पहुंच रहे थे, लेकिन उसी में कई ऐसे कर्मचारी नजर आए जो जुगाड़ के सहारे अपनी ड्यूटी कटवाना चाह रहे थे, लेकिन उनके मंसूबे कामयाब नहीं हो पाए और बने विधानसभा काउंटरों से लगातार ऐसे कर्मचारियों को लेकर अधिकारियों द्वारा हिदायतें दी जा रही थी तब जाकर लोगों ने ड्यूटी को रिसीव किया। लाउडस्पीकर के माध्यम से अधिकारी लगातार यह कहते रहे कि संबंधित कर्मचारी अपनी ड्यूटी रिसीव कर लें नहीं तो उनके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही होगी और इन कर्मचारियों में प्रथम मतदान अधिकारियों की संख्या ज्यादा रही, लेकिन सख्त प्रशासन के आगे ऐसा कुछ हो नहीं पाया।

# मतदान स्थलों पर पहुंच पोलिंग पार्टियों ने संभाला मोर्चा

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के बाबत मतदान कराने के लिए मतदेय स्थलों पर पोलिंग पार्टियां पहुंच गई हैं। प्रत्येक मतदान स्थल पर चार लोगों की पोलिंग पार्टियां पहुंची है। जिनमे पीठासीन अधिकारी सहित तीन मतदान अधिकारी निर्वाचन आयोग के द्वारा नियुक्त किए गए हैं। इन्हीं पोलिंग पार्टियों पर निष्पक्ष मतदान करने का जिम्मा है।

बैसवारा इंटर कॉलेज के बूथ नंबर 148 पर पहुंचे पीठासीन अधिकारी अतुल पांडे ने पोलिंग बूथ पर अव्यवस्था होने की बात कही और बताया कि यहां पर कमरों में सीमेंटेड बेंच है जिन पर मशीन नही रखी जा सकती है और ना हीं कागज रख करके कुछ लिखा जा सकता है। मोबाइल चार्जिंग के लिए प्वाइंट भी नहीं है। हालांकि कॉलेज के प्रधानाचार्य ने व्यवस्थाएं दुरुस्त कराए जाने की बात कही है। पीठासीन अधिकारी ने बताया कि मतदान कराने के लिए कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और वीवीपैट मशीन मिली है। इस बार मतदाता जिस किसी भी प्रत्याशी को वोट देगा। वीवीपैट से 7 सेकंड के अंदर पर्ची निकलेगी और वह देख सकेगा कि उसने किसे वोट दिया है। मतदेय स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। इसके अलावा प्रत्येक बूथ के बाहर निर्वाचन अधिकारी और सहायक निर्वाचन अधिकारी सहित सुपरवाइजर और बीएलओ के नंबर भी लिखे हुए हैं। जिस किसी भी मतदाता को कोई जरूरत पड़े तो वह फोन कॉल करके अपनी समस्या बता सकता है। इंटर कॉलेज में सात बूथ बनाए गए हैं। सभी में पोलिंग पार्टियां पहुंच गई है।


पोलिंग बूथ पर पहुंचे मतदान अधिकारी।

### जमीनी विवाद में मां-बेटी को घर से घसीट कर पीटा

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। पैतृक जमीन के बंटवारे के विवाद के मां-बेटी को घर से घसीटकर बुरी तरह पीटा गया। जिससे मां-बेटी दोनों घायल हो गई है। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव खरौली का है।

गांव की रहने वाली महिला गोमती देवी ने बताया कि उसका उसके परिवार के ही कुछ लोगों से पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद में रविवार को उनके विपक्षियों ने मिलकर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसके घर में घुसकर उसकी बेटी को बाहर घसीट लाया गया। उसे भी बहुत बुरी तरह मारा पीटा गया, जिससे मां-बेटी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने उन्हे सीएचसी में भर्ती कराया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में कोतवाली कोई नहीं आया है, इसकी जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

# बेटे को गोद में लेकर ड्यटी पर गईं महिला कर्मी


अपने बच्चों को लेकर पोलिंग बूथ जाती महिला मतदान कर्मी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** चुनाव ड्यूटी को अपना कर्तव्य मानकर एक महिला मतदान कर्मी अपने मासूम बेटे को गोद में लेकर चुनाव ड्यूटी के लिए आई थी और उन्होंने बाकायदा अपनी ड्यूटी रिसीव करते हुये पोलिंग पार्टी के साथ रवाना हुईं। इतना ही नहीं ऐसी कई महिलाएं थी जो खुद बच्चों को गोद में लिये थी। या फिर उनके साथ परिवार का सदस्य उनकी मदद में लगे रहे। जबकि वहीं पर कई ऐसे कर्मचारी रहे जो अपनी ड्यूटी कटवाने की जुगाड़ में लगे रहे।


बच्चे के साथ पोलिंग बूथ जाती महिला कर्मचारी।


**जिले के सभी पोलिंग बूथों पर पुलिस बल की तैनाती है। सोमवार को होने वाले मतदान को लेकर पुलिस ने पूरी तैयारी कर रखी है। किसी भी दबाव में न आकर मतदाता भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। पोलिंग बूथों पर जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल भ्रमण शील रहेंगे।**
**अभिषेक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक**


चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई। आज चुनाव सामग्री के साथ सभी पोलिंग पार्टियां मतदान स्थल पर पहुंच गई हैं। चुनावी ड्यूटी में लगाए गए सभी कर्मचारियों को सकुशल चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं। सुबह 7 बजे से मतदान प्रारंभ होगा।
**पूजा यादव, सीडीओ**


निर्वाचन सामग्री के साथ भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ पोलिंग पार्टियों को रवाना कर दिया गया है। आज सोमवार को मतदान होना है सभी मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी करें। सभी कर्मचारियों को जिम्मेदारी के साथ निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं। पोलिंग पार्टियों के अलावां रिजर्व में कर्मचारियों को रखा गया है।
**हर्षिता माथुर, जिला निर्वाचन अधिकारी**

## वायनाड 2000 किमी माइलस्टोन पर कांग्रेस खफा, बोले-छोटी मानसिकता

संवाददाता, रायबरेली

**रायबरेली।** रायबरेली सीट पर सोमवार को हो रहे मतदान को लेकर जिले में एक बार सियासत गर्म हो गई है। जिले के कई मार्गों पर वायनाड 2000 किलो मीटर का माइल स्टोन लगा है।


माइल स्टोन के बाद सियासी घमासान मचा हुआ है। हर तरफ लोग यह जानना चाहते है कि आखिर यह क्या है। गौरतलब है कि कांग्रेस के प्रत्याशी राहुल गांधी रायबरेली के साथ वायनाड से भी चुनाव लड़ रहे है। ऐसे में इस तरीके के लिखे माइलस्टोन के बाद सियासत गर्म है। आज मतदान होना है। जिले के प्रमुख मार्गों पर लगे यह पत्थर किसने और क्यों लगाए है इस पर कोई बोलने को तैयार नहीं है। लेकिन माइल स्टोन के बाद राजनीति के साथ चुनाव का रंग गाढ़ा हो गया है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि यह एक छोटी मानसिकता वाले लोगों का काम है।



सड़क किनारे लगा वायनाड 2000 माइलस्टोन

## 'अमृत विचार' की मुहिम — 20 मई आज, करें मतदान

रायबरेली, अमृत विचार। शहर के कैनवास क्लब के संयोजक अभिषेक वर्मा ने आज होने वाले मतदान को लेकर अपनी कलाकृति के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करते हुये वोट हमारा है अधिकार, नहीं करेंगे इसको बेकार को लेकर एक चित्र के माध्यम से मतदाताओं से मतदान में बढ़ चढ़कर भागीदारी करने की अपील की है। चित्र के माध्यम से बताया गया कि समाज के सभी वर्गों को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। यही भारत देश का गौरव है। आपके भी मन में मतदान को लेकर कोई सवाल गूंज रहा है तो उसे अमृत विचार समाचार पत्र में भेज सकते हैं। आपकी कलाकृतियों के माध्यम से सवाल और जवाब प्रकाशित किया जाएगा। 20 मई को होने वाले चुनाव में जिला प्रशासन की मतदान प्रतिशत बढ़ाने की मुहिम में आप भी अपनी भागीदारी कर सकते हैं। अपनी कलाकृतियों को ई-मेल आईडी avrbl@gmail.com या व्हाटसएप नंबर 9140826999 पर भेज सकते हैं।




# एम्स में आयुर्वेदिक दवाओं और योग क्रियाओं से होगा इलाज

▸▸ आयुष मंत्रालय से मंजूरी मिलने के बाद इंटीग्रेटेड विभाग ने शुरू की कवायद

दुर्गेश पांडेय

**रायबरेली, अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान मुंशीगंज (एम्स) में अब आयुर्वेदिक दवाओं और योग क्रियाओं से भी इलाज किया जाएगा। इसके लिए आयुष मंत्रालय से स्वीकृति मिल गई है। इसी माह इंटीग्रेटेड मेडिसिन विभाग शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। एम्स प्रशासन और आयुष मंत्रालय भारत सरकार के बीच सभी प्रकार की औपचारिकताएं पूरी हो चुकी है। इसके बाद से एम्स प्रशासन इंटीग्रेटेड विभाग शुरू करने की कवायद तेज कर दी है। एम्स प्रशासन की तेजी को देखते हुए इसी माह इंटीग्रेटेड विभाग शुरू करने की संभावना बढ़ गई है।

सरकार की मंशा के अनुरूप इंटीग्रेटेड विभाग शुरू होते ही सभी प्रकार के मरीज इस का लाभ उठा सकेगे। अभी तक एम्स मे आने वाले सभी प्रकार के मरीजों का एलोपैथ विधि से उपचार किया जाता था, लेकिन इंटीग्रेटेड मेडिसिन विभाग के शुरू होते ही यहां पर आने वाले मरीजों को आयुर्वेदिक दवाओं व योग क्रियाओं के उपयोग से इलाज कर मरीजों को लाभ पहुंचाया जाएगा। आयुष मंत्रालय से स्वीकृति मिलते ही एम्स इंटीग्रेटेड विभाग को शुरू करने की कवायद शुरू कर चुकी है।

अधीक्षक प्रोफेसर डॉ. सुयश सिंह ने बताया कि बहुत जल्द इसी माह इंटीग्रेटेड मेडिसिन विभाग का शुभारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा की निदेशक प्रो. डॉ. अरविंद राजवंशी के प्रयास से यह संभव हो पाया है। आयुष मंत्रालय के नियमानुसार इंटीग्रेटेड मेडिसिन विभाग शुरू किया जा रहा है। जिसमें आयुर्वेद व योगा के माध्यम से एम्स में आने वाले सभी प्रकार के मरीजों का उपचार किया जाएगा। लगभग सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली गई है। डाक्टर की भी नियुक्ति किया जा चुका है।


अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान। अमृत विचार


एम्स अपने लक्ष्य की ओर प्रतिदिन एक कदम बढ़ा रहा है। इंटीग्रेटेड मेडिसिन विभाग में डाक्टर नियुक्त किया जा चुका है। इस विभाग के शुरू होने से एम्स में आने वाले मरीज को आयुर्वेदिक उपचार की सुविधा मिलने लगेगी।
**प्रो. डा. अरविंद राजवंशी, निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान मुंशीगंज (एम्स)**

## तबियत बिगड़ी — दो सौ से अधिक कर्मियों का हुआ चिकित्सीय उपचार, करीब चार सौ कर्मियों को ओआरएस पैकेट दिए गए

# भीषण गर्मी से बेहाल रहे मतदान कार्मिक, कई हुए बीमार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** गोरा बाजार स्थित मैदान में पोलिंग पार्टी रवाना के दौरान अफरा-तफरी का माहौल रहा। भीषण गर्मी में मतदान कार्मिक बेहाल रहे। छांव तलाशते हुए इधर-उधर भटकते रहे। इस दौरान कई कार्मिक बेहोश भी हो गए, जिन्हे मौजूद साथियों ने उपचार भी कराया। इस दौरान करीब चार सौ कर्मियों को ओआरएस पैकेट दिए गए। वहीं दो सौ से अधिक कर्मियों का चिकित्सीय उपचार किया गया।

जिला प्रशासन की ओर से भीषण गर्मी में किसी तरह की दिक्कत ना हो इसके लिए मतदान कार्मिक रवानगी स्थल पर स्वास्थ्य विभाग की टीम तैनात की गई थी। मौजूद चिकित्सकीय टीम ने करीब 400 मतदान कार्मिकों का उपचार किया। इसमें अधिकतर कर्मचारी बेहोश होने, पेट दर्द, बुखार, उल्टी, सिर दर्द से पीड़ित रहे। इसके अलावा कई कर्मचारियों की स्थिति गम्भीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कर्मचारी योगेश गुप्ता अधिक गर्मी के कारण बीपी बढ़ने के साथ ही अत्यधिक पसीना आने से मुर्छित होने लगे। मौके पर मौजूद साथियों ने किसी तरह संभाला। सबसे अधिक परेशान का सामना बच्चों के साथ आई महिलाओं को करना पड़ा। गर्मी से बच्चे बेहाल रहे। उनका कहना रहा कि छोटा बच्चा होने के कारण साथ लाना मजबूरी है। वहीं कई दिव्यांग भी ड्यूटी करने के लिए पहुंचे।

### इन प्रपत्रों को दिखाकर कर सकेंगे मतदान

निर्वाचन आयोग की ओर से घर-घर मतदान के लिए मतदान पर्ची पहुंचाए गए हैं। इसके अलावा भी कई अन्य विकल्प दिए गए हैं। आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, बैंक या डाकघर की पासबुक, पासपोर्ट, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, मनरेगा जाब कार्ड, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों की ओर से कर्मचारियों को जारी किया गया फोटोयुक्त पहचान पत्र, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसद विधायक व एमएलसी को जारी पहचान पत्र से मतदान कर सकेंगे।

# लोकतंत्र का महापर्व आज, बूथों पर पहुंचीं पोलिंग पार्टियां

## कड़ी सुरक्षा में नवीन मंडी और जीआईसी ऑडिटोरियम से रवाना किये गये मतदान कार्मिक, तपिश ने किया परेशान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** नवीन मंडी और जीआईसी ऑडिटोरियम से रविवार को पोलिंग पार्टियां बूथों पर रवाना की गयीं। देर शाम तक सभी पोलिंग पार्टियां बूथों पर पहुंच गयी थीं। इस दौरान चिलचिलाती धूप से मतदान कार्मिक परेशान रहे। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। डीएम सत्येंद्र कुमार दोनों रवानगी स्थलों पर पहुंचे और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

चिलचिलाती धूप में मतदान कार्मिकों सहित सुरक्षाकर्मी छांव ढूंढते दिखे। इस दौरान कई कार्मिक ड्यूटी कटवाने के लिए भटकते रहे। बच्चों को गोद में लेकर महिला कर्मी अधिकारियों के कार्यालय के बाद खड़ी दिखाई पड़ीं। एक कर्मचारी जिसके एक हाथ में फ्रैक्चर था वह भी पूरे साक्ष्य के साथ ड्यूटी कटवाने पहुंचा था। शहर के जीआईसी मैदान से कुर्सी और हैदरगढ़ तो नवीनमंडी स्थल से दरियाबाद, रामनगर, जैदपुर और बाराबंकी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। गर्मी को लेकर दोनों रवानगी स्थल पर भले ही जिला प्रशासन द्वारा बंदोबस्त किए गए हो लेकिन भीषण गर्मी के चलते कर्मचारी व्याकुल दिखे। रविवार को दिन का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मतदान कराने पोलिंग पार्टियां देर शाम तक बूथों पर पहुंच गईं। दोहपर से शुरु हुई रवानगी का सिलसिला शाम करीब तीन बजे तक चलता रहा। उधर सेक्टर मजिस्ट्रेटों ने अपने क्षेत्र के बूथों पर पहुंच कर पोलिंग पार्टियों के पहुंचने की स्थिति देखी। वहीं बूथ पर पहुंचने पर कार्मिकों ने देर रात तक मतदान की तैयारियां पूरी कर ली थीं।

### बीते लोकसभा चुनावों का मतदान प्रतिशत

| | |
|---|---|
| 1951 | 34.10 |
| 1957 | 44.91 |
| 1962 | 53.97 |
| 1967 | 46.79 |
| 1971 | 55.60 |
| 1977 | 50.72 |
| 1980 | 47.59 |
| 1984 | 55.93 |
| 1989 | 52.59 |
| 1991 | 51.19 |
| 1996 | 46.23 |
| 1998 | 52.59 |
| 1999 | 57.93 |
| 2004 | 44.47 |
| 2009 | 52.30 |
| 2014 | 62.0 |
| 2019 | 63.5 |

### वोटर आईकार्ड नहीं है तो 12 विकल्प से कर सकते हैं मतदान

**बाराबंकी :** वोटर आईकार्ड नहीं है तो इन विकल्पों के जरिये मतदान कर सकते हैं। इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक और डाकघर से फोटो के साथ पासबुक, श्रम मंत्रालय से जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, सरकारी, निजी कंपनी से जारी फोटोयुक्त पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, एमएलसी को जारी किए गए पहचान पत्र, यूनिक डिसेबिलिटी आईडी।

### कार्मिकों को दीं दवाएं

दोनों रवानगी स्थलों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाए गए काउंटर पर चिकित्सकों और कर्मचारियों की तैनाती की गई थी। इस काउंटर पर पोलिंग पार्टियों को गर्मी को देखते हुए ओआरएस के पैकेट के साथ सर्दी, जुखाम, बुखार, जी-मतलाने समेत कई अन्य जरूरी दवाएं उपलब्ध कराई गईं।


बूथ के लिए रवाना होते कार्मिक। अमृत विचार


ईवीएम लेकर मतदान कराने जाती महिला कर्मचारी। अमृत विचार


पोलिंग पार्टियों की रवानगी स्थल पर मौजूद सामान्य, व्यय प्रेक्षक व डीएम।


धूप से बचने को छाता बना सहारा।


लोकसभागार में बने कंट्रोल रूम में मौजूद कर्मचारी। अमृत विचार

### खूब बिकीं पानी की बोतलें

गर्मी को लेकर नवीन मंडी परिसर में भले ही ठंडे पानी के लिए वॉटर कूलर लगाया गया हो लेकिन कार्मिकों की संख्या के आगे वह पानी की आपूर्ति नहीं कर पा रहा था। ऐसे में रवानगी स्थल के पास दुकानों से मतदान कार्मिकों ने पानी की बोतलें खरीदकर प्यास बुझायी। जानकारी के अनुसार करीब पांच हजार से अधिक पानी की बोतलें बिकीं।


बस में बैठ कर बूथ पर जातीं पोलिंग पार्टियां। अमृत विचार

### ये हैं प्रत्याशी


राजरानी रावत — भारतीय जनता पार्टी


तनुज पुनिया — कांग्रेस-गठबंधन प्रत्याशी


शिवकुमार दोहरे — बहुजन समाज पार्टी

### ये भी चुनावी मैदान में

नाम- आशा देवी
पार्टी-स्वतंत्रता अभिव्यक्ति पार्टी

नाम- महेंद्र कुमार
पार्टी- आवामी समता पार्टी

नाम- प्रेमचंद्र
पार्टी- सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी

नाम- रामगुलाम राजदान
पार्टी-पब्लिक अधिकारी सोशलिस्ट इंडियन पार्टी

नाम- संतोष कुमार
पार्टी-डॉ.भीमराव आंबेडकर दल

नाम- ओमकार
पार्टी- निर्दलीय

नाम- मिथलेश कुमारी
पार्टी- निर्दलीय

नाम- रामलखन
पार्टी- निर्दलीय

नाम- बाबूराम
पार्टी- निर्दलीय

नाम-देवतादीन
पार्टी- निर्दलीय

### पटेल पंचायती इंटर कॉलेज बूथ पर सिर्फ महिला कार्मिक


पोलिंग पार्टी में मतदान कार्मिक के रूप में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

हम भारत की सशक्त महिला है सखी बूथ के लिये तैयार है हम, उक्त स्लोगन के साथ रविवार को नवीन मंडी परिसर में सखी मतदान बूथ की महिला मतदान कार्मिकों के जज्बे की जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार और पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने सराहना करते हुए उन्हें मतदान बूथ के लिये रवाना करने से पूर्व शुभकामनाएं दी। जिले में महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत बढ़ सके इसके लिये जिले की विधानसभा दरियाबाद के पटेल पंचायती इंटर कॉलेज भिटरिया के बूथ पर सभी महिला मतदान कार्मिकों की तैनाती की गई है।


मतदान कराने जाती महिला कार्मिक। अमृत विचार

### हाईवे पर लगा जाम


रामनगर जाने वाले हाईवे पर जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

पोलिंग पार्टी रवानगी को लेकर नवीनमंडी स्थल के सामने से गुजरे रामनगर हाइवे पर वाहनों का जाम लगा रहा। ऐसे में इस मार्ग से गुजर रहे वाहन स्वामियों, बाइक सवारों को कड़ी धूप में खड़ा रहना पड़ा। हालांकि यातायात को लेकर लगाए गए पुलिसकर्मी भी जाम हटाने के प्रयास में लगे रहे। इस बीच घंटों तक वाहन रेंगते हुए निकले।

# पोलिंग बूथों को तैयार करने में जुटे रहे मतदान कार्मिक




देवा के प्राथमिक स्कूल तासपुर बूथ पर तैयारी करते मतदान कार्मिक। अमृत विचार



पोलिंग बूथ के प्रवेश द्वार पर दिशा-निर्देश की स्लिप चस्पा करते कर्मचारी


प्राथमिक विद्यालय सलारपुर बूथ के बाहर छांव के लिए लगाया गया पंडाल।

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** पोलिंग पार्टियों के बूथ पर पहुंचने के बाद कार्मिक बिना देरी किए बूथ को मतदान के लिए तैयार करने में जुट गए थे। कोई सामग्रियों का मिलान और आयोग के निर्देशों को पढ़कर उस पर अमल की तैयारी में लगा था तो कोई बूथ के प्रवेश व निकास द्वारा जरुरी स्लिप चस्पा कर रहा था। इसके अलावा गर्मी को देखते हुए मतदाताओं को धूप में खड़ा न रहना पड़े इसके लिए वोटिंग कक्ष के बाहर पंडाल भी लगाया गया। मतदान सुबह सात बजे से शुरु होकर शाम छह बजे तक चलेगा। शाम छह बजे के बाद अगर कोई मतदाता मतदान केंद्र के अंदर है तो उसका मतदान हरहाल में कराया जाएगा।

### विधानसभावार कुल मतदाताओं की संख्या

| विधानसभा | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर | टोटल वोटर |
|---|---|---|---|---|
| 266-कुर्सी | 216132 | 190813 | 13 | 406958 |
| 267-रामनगर | 185948 | 162749 | 9 | 348706 |
| 268-बाराबंकी | 213644 | 189726 | 32 | 403202 |
| 269-जैदपुर सु. | 213472 | 193682 | 13 | 407167 |
| 270-दरियाबाद | 220526 | 198783 | 10 | 419319 |
| 272-हैदरगढ़ सु. | 184978 | 167272 | 8 | 352258 |
| कुल मतदाताओं की सं. | 12,34,700 | 11,03,025 | 85 | 23,37,810 |

### डीएम ने लोगों से की मतदान करने की अपील

**बाराबंकी, अमृत विचार:** जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने कहा कि 20 मई को सभी बूथों पर सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। सभी लोग शतप्रतिशत मतदान अवश्य करें। सभी मतदान केंद्रों पर आप के स्वागत के लिए सभी व्यवस्थाएं कराई गईं हैं। इसलिए सभी लोग मतदान करने जरूर आएं।लोकतंत्र की मजबूती के लिए भारत देश को सशक्त बनाने के लिए मतदान करना जरूरी है।उन्होंने कहा कि आप यह संकल्प लें कि वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरुर डालेंगे हम।


डीएम सत्येंद्र कुमार

उन्होंने कहा कि अगर आपकी मतदाता पर्ची नहीं है या खो गई है तो बूथ पर वोटरों की सहायता के लिए मतदाता सहायता बूथ स्थापित किया गया है। जिस पर आपकी सहायत के लिए बीएलओ को तैनात किया गया है। इसके अलावा 12 अन्य फोटोयुक्त पहचान पत्रों में से कोई एक आईडी से भी मतदान कर सकते हैं। आपको को मतदान कराने में मतदेय स्थल पर तैनात पोलिंग पार्टी मदद करेगी। अंत में उन्होंने कहा कि सभी लोग आज मतदात जरुर करें क्योंकि देशभक्ति की यही पहचान, बांयी अंगूली पर हो, नीली स्याही का निशान।

### पिछली बार का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका आज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** 53 बाराबंकी लोकसभा संसदीय सीट पर 19 लाख 18 हजार 491 मतदाता सोमवार को अपना सांसद चुनेंगे। चुनाव मैदान में ताल ठोंक रहे प्रत्याशियों की किस्मत मतदान के बाद ईवीएम में बंद हो जाएगी। नतीजों के लिए चार जून तक इंतजार करना होगा। इस बार 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। भारतीय जनता पार्टी से राजरानी रावत, सपा-कांग्रेस गठबंधन से कांग्रेस के तनुज पुनिया और बहुजन समाज पार्टी से शिव कुमार दोहरे प्रमुख हैं। इसके अलावा 11 अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। इनमें 10 लाख 14 हजार 174 पुरुष, 9 लाख 4 हजार 242 महिला और 75 थर्ड जेंडर के रूप में मतदाता शामिल हैं। वहीं फैजाबाद संसदीय क्षेत्र के तहत जिले की दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के 4 लाख 19 हजार 319 मतदाता अपना वोट देकर रामनगरी के सांसद का चुनाव करेंगे। इस प्रकार जिले के कुल 23 लाख 37 हजार 810 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता दर्ज कराएंगे। सभी बूथ पर सुरक्षा के मुकम्मल इंतजाम किए गए हैं। चुनाव आयोग ने मौसम का मिजाज देखते हुए मतदाताओं को धूप से बचाने का इंतजाम भी किया है। मतदान केंद्रों पर तंबू लगाए गए हैं। इनमें पेयजल का इंतजाम भी है। हर विधानसभा क्षेत्र में महिला और युवा बूथ बनाए गए हैं। इन्हें दुल्हन की तरह सजाया गया है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में छह-छह बूथ दिव्यांग, युवा व मॉडल के रूप में बनाए गए हैं।

# लोकतंत्र के पर्व में जोश और उत्साह के साथ करें मतदान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में एक अच्छी सरकार चुनने के लिए हमें एक बार फिर से पांच साल बाद मतदान करने का मौका मिल रहा है। इसलिए इस मौके का फायदा सभी मतदाताओं को उठाना चाहिए। मताधिकार हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमें मजबूत राष्ट्र व लोकतंत्र के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए। सभी मतदाता आज बिना किसी डर और लालच के मतदान केंद्रों पर जाकर मतदान करें।

### जरूर करें मतदान

हम सभी को जागरुकता का परिचय देते हुए सबसे पहला काम वोट डालने का करना चाहिए। सभी से आवाहन है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपना वोट जरूर करें।


रेनू वर्मा, शिक्षिका

### आज छुट्टी का दिन नहीं

मतदान होने के चलते यह न समझें कि यह केवल छुट्टी का दिन है, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र की मजबूती की नींव और पांच साल तक देश का विकास करने वाली सरकार के लिए अहम है।


वीना शुक्ला।

### पहले करें मतदान

हर बार के चुनाव के आंकड़े बताते हैं कि महिलाओं का मतदान प्रतिशत कम रहता है। सभी महिलाएं मतदान को महत्वपूर्ण समझें। सबसे पहला काम वोट डालने का करें।


अजय मंगली।

### बढ़ चढ़कर करें मतदान

मतदान से मजबूत लोकतंत्र का निर्माण होता है। हमें अपने अधिकार मिलते हैं और राष्ट्र का निर्माण होता है। सभी महिला और पुरूषों को देशहित में बढ़चढ़ मतदान करना चाहिए।


स्वाति, गृहणी।

### लोकतंत्र होता है मजबूत

मजबूत लोकतंत्र की दिशा और दशा का मतदान तय करता है। इसलिए सभी को मिलकर मतदान करना चाहिए। खासतौर पर युवाओं को इसके लिए आगे आने की जरुरत है।


कनक सिंह।

## एक नजर

### आठ लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लोक सभा चुनाव को देखते हुए जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने 8 लोगों के खिलाफ शांति भंग की आशंका को देखते हुए कार्यवाही की गई। जबकि नौ वांछित व अन्य आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### सांप ने युवक को डसा

**रामनगर बाराबंकी, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम गोबरहा निवासी 35 वर्षीय धर्म सिंह पुत्र राम किशोर देर शाम गांव के बाहर खेत जा रहे थे। उसी वक्त जहरीले सांप ने डस लिया। यह जानकारी परिजनों को होते ही उसे आनन फानन सीएचसी रामनगर लाए। जहां पर हालत गंभीर होने के चलते चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### बंदरों के उत्पात से आमजन परेशान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पिछले कई दिनों से गांधी नगर वार्ड के अभय नगर व आस पास के मुहल्लों में बंदरों का उत्पात काफी बढ गया है। इन बंदरों का झुंड छत पर लागी पानी की टंकियों की पाइप लाइन तोड़ दे रहे। यही नही छतों पर फैलाये गये कपड़े और अनाज पर भी टूट पडतें है। कपडों को लेकर भाग जाते है। लोगों ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

### रामसेवक की समाधि के पास नशेड़ियों का अड्डा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जमुरिया नाले के पास शाम होते ही रामसेवक यादव की समाधि के पास जुआरियों व नशेड़ियों का अड्डा लगना शुरू हो जाता है। इसकी वजह से शाम को उधर से निकलने वाली महिलाओं का आना-जाना दूभर हो रहा है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

# असलहे के दम पर लूट करने वाले सात बदमाश गिरफ्तार

## सतरिख के भिटौली कला में 17 मई को हुई लूट का खुलासा

कार्यालय संवाददाता बाराबंकीः

**अमृत विचार :** असलहे के दम पर लूट की घटना को अंजाम देने वाले सात लुटेरों को सतरिख पुलिस टीम ने रविवार को गिरफ्तार कर लूटे गये सामान को बरामद कर लिया। पूरा मामला सतरिख क्षेत्र के गांव भटौली कला का है। गांव के एक घर में सात लुटेरों ने असलहे के दम पर घर में घुस कर लूट कर घटना को अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार द्वारा बनाई गई टीम ने मुखबिरों और सूत्रों के आधार पर रविवार को मुनीम उर्फ मनीष यादव, सुल्तान अहमद, हरीराम रावत, सुमित कुमार श्रीवास्तव, यश गुप्ता, राजीव कुमार, अविनाश कुमार अनमोल ईंट भट्टे के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किये गए लुटेरों के पास से पुलिस ने तीन मोटर साइकिल, तमंचा व 35 हजार रुपये की नकदी बरामद की। पकड़े गए अभियुक्त मुनीम उर्फ मनीष यादव व. सुमित कुमार श्रीवास्तव के पास से पुलिस ने लूट में इस्तेमाल किया गया तमंचा बरामद किया। लूट के इस गिरोह में शामिल कुछ लुटेरे बाराबंकी, लखनऊ व कानपुर से थे। पुलिस पूछताछ में पता चला कि इन लूटेरों ने 17 मई को भिटौली कला में एक घर में असलहे के दम पर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। गिरोह का सदस्य उसी गांव का रहने वाला था। मनीष को मालूम था कि जिसके घर लूट की योजना बनाई जा रही है उसकी प्लाईवुड की फैक्ट्री है। इस लिए घर में नकदी अधिक होगी। पुलिस ने सभी लुटेरों को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। गिरोह से जुड़े सभी तार और लूट की घटनाओं के बारे में पुलिस जानकारी हासिल करने में लगी है।

## कूड़े के ढेर में लगी आग से हड़कंप

**मसौली, बाराबंकी।** महिला अस्पताल मसौली परिसर में बने ड्रग वेयर हाउस की बाउंड्री के बगल में एक तालाब में पड़े कूड़े के ढेर में रविवार को दूसरी पहर आचनक आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पीआरबी, मसौली पुलिस और फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। कस्बा मसौली स्थित महिला अस्पताल परिसर में जनपद का ड्रग वेयर हाउस स्थापित है। अस्पताल परिसर की बाउंड्री के बगल तालाब में पड़े कूड़ा कबाड़ा में अचानक धुआं उठने लगा। देखते ही देखते आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। उसी में किसी ने पीआरबी और मसौली पुलिस को दूरभाष केन्द्र पर सूचना दी। सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंचकर देखा तो आग की लपटे उठ रही थी। आनन-फानन में फायर बिग्रेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने पहुंचकर आग पर काबू पाया गया।

# नदी के किनारे मिले युवक के कपड़े

रामसनेहीघाट बाराबंकी

**अमृत विचार:** कोतवाली राम सनेही घाट अंतर्गत एक गांव में जल नल की पाइप बिछाने आये युवक ने ठेकेदार से कल्याणी नदी के किनारे शौच को बता कर गया युवक काफी देर हो जाने पर वापस न आने पर उसके सभी साथी उसको नदी किनारे खोजने पहुंचे तो मौके पर युवक के कपड़े ,मोबाइल और बाइक नदी के किनारे रखे मिले। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दिया गया। पुलिस ने शक के आधार पर गोताखोरों द्वारा युवक को नदी में खोज शुरू किया।

जानकारी के अनुसार थाना पटरंगा अंतर्गत लोनियन पुरवा मजरे सिठौली निवासी पंचम लाल रावत पुत्र राम सनेही रावत 20 वर्षीय लगभग एक सप्ताह पूर्व शाहपुर ग्राम सभा में पाइप बिछाने के लिये आया था। रविवार को दोपहर में सभी साथियों के साथ में खाना खाने के बाद साथियों से पंचम लाल ने बताया कि शौच के लिये शाहपुर ग्राम सभा में सूबेदार पुरवा के पास नकटा कुंड के कल्याणी नदी के किनारे जा रहा हूँ। नदी किनारे पहुँच कर पहले अपनी मोटर साइकिल खड़ी कर दी अपने कपड़े ,चप्पल ,मोबाइल रख कर दिया। काफी देर तक जब युवक लौट कर नही आया तो उसके साथियों ने मौके पर पहुँच कर देखा कि उसका सारा सामान नदी किनारे रखा है और युवक गायब है। लोगों द्वारा मौके पर पहुंच कर पुलिस को सूचना दिया। पुलिस ने बताया कि मौके पर कोई चश्मदीद गवाह नहीं जो बता सके डूब गया या कहीं चला गया। आशंका के आधार पर नदी में गोताखोरों के द्वारा खोजा जा रहा है।


युवक के डूबने की आशंका पर रोते-बिलखते परिजन।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नहर पटरी पर मिला युवक का शव

**फतेहपुर बाराबंकी, अमृत विचार:** दो दिन पूर्व मजदूरी करने गए युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में माइनर नहर पटरी पर पड़ा हुआ मिला।

फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर मजरे हजरतपुर में रविवार की सुबह माइनर नहर पटरी के किनारे ग्रामीणों ने एक युवक का शव पड़ा हुआ देखा। जिसके बाद यह खबर पूरे क्षेत्र में फैल तो लोगो की भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक की पहचान कराई तो उसकी पहचान देवा थाना क्षेत्र के ग्राम कोटवाकला निवासी मोहम्मद रिजवान 42 पुत्र वारिस के रूप में हुई। सूचना पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मृतक के भाई ताज मोहम्मद ने बताया कि रिजवान मजदूरी का काम करता था। शुक्रवार को इसरौली में लगने वाली मंडी में गया था। जहा से वह हरखड़ा निवासी राम नरेश के खेत में काम करने गया था। जिसके बाद शाम से वह लापता हो गया। तब से उसकी तलाश की जा रही थी।

## करंट लगने से बालक की मौत

**देवा , बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा क्षेत्र में एक किशोर कुछ दिन पूर्व बिछाई गई बिजली की नई लाइन के खंभे पर चढ़ गया जिससे करंट से उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना बिजली विभाग व पुलिस विभाग को घटना की सूचना दी है। कुर्सी के जयगुरुपुरवा निवासी अंश (12) पुत्र बलिराम रविवार को भैंस चराने गया था। लालपुर के निकट नहर की पटरी पर कुछ दिन पहले नई लाइन पर तार बिछाए गए थे तारों में करंट चल रहा था शाम करीब 5 बजे अंश खम्भे पर चढ़ गया ऊपर चढ़ते ही अंश हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गया।

# युवक को लकड़ी के पटरे से पीटा, मुकदमा दर्ज

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** ट्रैक्टर से खेत की जुताई का पैसा मांगने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति ने एक युवक की लकड़ी के पटरे से पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने घायल के पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। मामला देवा कोतवाली क्षेत्र के विशुनपुर चौकी अंतर्गत मोहम्मदपुर गांव का है गांव के रहने वाले एक व्यक्ति का रिश्तेदार कल्लूराम ने अपने ट्रैक्टर से मोहम्मदपुर गांव में कुछ लोगों का खेत जोता था और उसका पैसा मांगने आया था बताते है इसी दौरान मोहम्मदपुर गांव का रहने वाला प्रभात कुमार उर्फ पिंटू उससे विवाद करने लगा जिस पर गांव के रामसजीवन ने इसका विरोध किया तो प्रभात कुमार ने रामसजीवन से धक्का मुक्की करने लगा यह देख रामसजीवन का पुत्र अभिषेक उन्हें बचाने आया तो प्रभात ने लकड़ी के पटरे से अभिषेक की पिटाई कर दी जिससे उसके सिर और पेट में काफी चोटे आई जिसे गंभीर हालत में सीएचसी देवा ले जाया गया जहां से डाक्टरों ने उसे जिलास्पताल रेफर कर दिया जिसका लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है चौकी प्रभारी विशुनपुर दोमित्र सेन रावत ने बताया कि तहरीर मिली थी जिस पर हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को जेल भेज दिया।

## सार-संक्षेप

### श्रीकृष्ण के विवाह की झांकी से श्रद्धालु भावविभोर


श्रीमद्भागवत कथा सुनातीं कथावाचिका। अमृत विचार

**रामनगर बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बा रामनगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर कामाख्या धाम से आई कथा व्यास मानस मनाइलाका दीप माला महाराज ने रासलीला का वर्णन करते हुए भगवान के मथुरा गमन की कथा को श्रवण कराया। श्री कृष्ण व माता रुक्मणी के विवाह का वर्णन किया गया। माता रुक्मणी व श्री कृष्णा के विवाह की झांकी भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मैया ने भगवान को ही पद के रूप में स्वीकार किया। श्री कृष्ण की संतानों का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान की प्रत्येक पत्नी से 10-10 पुत्र एक-एक पुत्री हुई और कथा व्यास ने आगे कहा कि उनके सभी पुत्रों को भी 10-10 पुत्र हुए। इस प्रकार इस एक लाख पुत्र हुए। इसके उपरांत जरासंध के अत्याचारों को भगवान ने समाप्त करने का प्रसंग सुनाया। इस मौके पर आचार्य महंत भास्कर दास, शेषनारायण पांडेय ,बनवारी, बृज किशोर, कृष्णा का मंचीय विशेष सहयोग रहा।

### पंप में उतरा करंट, महिला की मौत

**निन्दूरा बाराबंकी, अमृत विचार।** घुंघटेर थाना क्षेत्र में रविवार को हाजीपुर के खरतला गांव में कोकिला 44 वर्षीय पत्नी कालीचरण गौतम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रविवार की सुबह कालीचरण की पत्नी कोकिला घर में लगे टिल्लू पंप में चिपक कर मौत हो गई। सुबह पत्नी झाड़ू पोछा करने के बाद जैसे ही मोटर चलाने के दौरान करंट उसके पांव में लग गया। मोटर से उतरे हुए करंट से चिपक कर मौत हो गई। जिस वक्त घटना घटी उसे वक्त कालीचरण खेत में मेंथा मिकाई करने खेत गया हुआ था, लगभग 1 घंटे के बाद जब कालीचरण खेत से वापस आया तो देखा कि पत्नी मोटर के पास गिरी हुई पड़ी है। जब उसको उठाने के लिए हाथ लगाया तो उसको भी करंट के झटके लगे लेकिन गरीमत रही कि उस वक्त वह चप्पल पहने हुए था जिससे वह बाल बाल बच गया उसके बाद पड़ोसियों की मदद से पत्नी को मोटर से छुड़ाकर तत्काल उसको सीएचसी घुघंटेर अस्पताल पहुंच गए। डाक्टर ने नाजुक हालत को देखते हुए उसे बाराबंकी रेफर कर दिया, लेकिन परिजन उसको लेकर निजी अस्पताल लखनऊ ले गए लेकिन वहां डाक्टर ने उसको जवाब दे दिया परिजन उसको लेकर मेडिकल कॉलेज लखनऊ ले गए जहां उसकी इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गई मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया रविवार शाम को शव का पोस्टमार्टम के बाद गांव में देर रात अंतिम संस्कार कर दिया गया

### टीम ने अब तक 13 लाख 26 हजार 133 रुपए किए जब्त

**बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रभारी उड़न दस्ता, स्थायी निगरानी टीम व जिला वन अधिकारी आकाश दीप वाधवान ने बताया कि रविवार को 21 चेक पोस्ट पर कुल 4255 वाहनों की जांच स्थाई निगरानी टीम प्रभारियों द्वारा की गयी। जांच के समय किसी प्रकार की नकदी व सामग्री नहीं पायी गयी। उनके अनुसार 26 अप्रैल से 19 मई तक कुल 80131 वाहनों की जांच चेक पोस्ट पर की गयी है। उन्होंने बताया कि रविवार को उड़नदस्ता टीम द्वारा किसी प्रकार की नगदी व सामग्री जब्त नहीं की गयी है। उड़नदस्ता प्रभारियों द्वारा अब तक कुल धनराशि रू 13 लाख 26 हजार 133 जब्त की जा चुकी है।

### शिलाफलकम बोर्ड ढका गया

**रामनगर बाराबंकी, अमृत विचार :** सभी मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टियों पहुंच गई हैं। आज मतदान होना है। पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों में पहुंचकर देर शाम तक अपनी व्यवस्थाएं दुरुस्त करती रहीं सेक्टर मजिस्ट्रेट जोनल मजिस्ट्रेट स्थानीय पुलिस के अधिकारी घूम घूम कर बूथों का निरीक्षण करते रहे। प्राथमिक विद्यालय मीतपुर में बनाए गए मतदान केंद्र पर पहुंचे सेक्टर मजिस्ट्रेट ने विद्यालय परिसर में स्थित शिलाफलकम बोर्ड को ढकने को कहा। थोड़ी देर में पोलिंग पार्टी के कर्मचारियों ने उसे ढक दिया। बिजली पानी से दुरुस्त सभी मतदान केंद्रों पर ग्राम प्रधानों के द्वारा चाय नाश्ता भोजन बनवाने के इंतजाम किए गए। विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों को भोजन चाय आदि बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### मुस्कराकर चुनौतियों का करना चाहिए सामना

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार :** विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत अंदुपुर के पूरे पांडे में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा वाचक पंडित विनोद शुक्ला ने कहा कि श्रीकृष्ण ने सिखाया कि जीवन में चाहे कितनी भी चुनौतियां क्यों ना आ जाएं, हमें सदैव मुस्कुराते रहना चाहिए, इससे न केवल हमें देखकर अन्य लोग प्रेरित होंगे बल्कि हर समस्या को आसानी से सुलझाने में मदद मिलेगी। कथा वाचक ने कंस वध की कथा सुनाते हुए हुए कहा कि कंस को जब श्री कृष्ण जी के गोकुल में होने की सूचना मिली तो उसने उन्हें मारने के लिए कई प्रयास किए, कई असुरों को भेजा लेकिन कृष्ण लीला के आगे उसकी एक भी नहीं चली। एक बार कंस ने कृष्ण जी को मारने के लिए अपने दरबार में आमंत्रित किया, यहीं पर कृष्ण जी ने मामा कंस का वध कर प्रजा को उसके अत्याचारों से मुक्त कराया था। वहीं रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि रुक्मणी श्रीकृष्ण को पसंद करती थीं और उन्हें मन ही मन अपना पति स्वीकार कर चुकी थीं। श्रीकृष्ण को पता चला कि रुक्मणी का विवाह उनकी इच्छा के विरुद्ध किसी और के साथ हो रहा है। तब उन्होंने रुक्मणी से विवाह रचा लिया। इस अवसर पर पंडित पवन कुमार पाण्डेय, भाई लाल पाण्डेय,पिंकू पांडेय,सुभाष पांडेय, विजय पांडेय, सर्वेश मिश्रा, सुनील सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत

**करनैलगंज, गोंडा। अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला बालकराम पुरवा में ठाकुर रामजानकी मंदिर स्थित है। इस मंदिर के नाम कई एकड़ वेसकीमती भूमि दर्ज है। जिस पर भूमाफियाओं की नजर टिकी है। मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जेदारी को लेकर एसडीएम सहित उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई है। शिकायतकर्ता घनश्याम दास ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें कहा है कि गाटा संख्या 431/1, 431/2 स्थित करनैलगंज शहर ठाकुर राम जानकी मंदिर के नाम दर्ज कागजात भूमि है।

# संदिग्ध हालत में युवती की मौत, हत्या का आरोप

**संवाददाता, नवाबगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज थाना क्षेत्र के चौबेपुर के चक रसूल गांव की रहने वाली एक युवती की रविवार को इलाज के दौरान संदिग्ध हालत में मौत हो गयी। मृतका की मां गांव के ही चार लोगों पर उसकी बेटी को लाठी डंडों से पीट-पीट कर मार डालने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस का कहना है कि जहरीला पदार्थ खाने से युवती के मौत की जानकारी मिली है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने पर स्थिति स्पष्ट होगी। नवाबगंज थाना क्षेत्र के चौबेपुर के चक रसूल गांव की रहने वाली नन्ही देवी ने बताया कि उसका गांव के ही केवल यादव के परिवार से जमीन भूमि विवाद चल रहा है। शनिवार को जब वह घर से बाहर गयी थी तब केवल यादव ने अपनी पत्नी व दो बेटियों के साथ उसके घर आ धमका। घर पर उसकी बेटी मालती (19) व शिवांगी (7) मौजूद थी। केवल उसके परिवार वालों ने मालती को लाठी डंडे से दम कर पीटा। इस पिटाई से मालती को गंभीर चोटें आई। देर रात उसकी तबीयत बिगड़ गई तो वह मालती को ले जाकर एक स्थानीय एक अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन हालत बिगड़ने पर डाक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज अयोध्या रेफर कर दिया।

# कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा

गोंडा कार्यालय

अमृत विचारः श्रीमद् भागवत कथा तथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। श्रद्धालु व यजमान के परिजन ने कलश यात्रा निकालकर कथा के प्रथम दिन पूजन आदि किया। केदारनाथ धाम से आए आचार्य मुकेश शुक्ला के अगुवाई में बहराइच रोड सहित विभिन्न मोहल्ले में कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धालु कलश को सिर पर रखकर प्रभु का स्मरण करते हुए कलश यात्रा निकाले। कलश यात्रा यजमान के घर पहुंचने के बाद समाप्त हुई। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन डॉक्टर परमानंद गुप्ता के आवास पर हो रहा है। इसमें वे ही मुख्य यजमान हैं। कथा रविवार से प्रारंभ हुई है जो 26 मई तक चलेगी।कथा के समापन के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है। कथा शाम 7:00 बजे से प्रारंभ होगी जो देर शाम तक चलेगी। केदारनाथ धाम से पधारे आचार्य मुकेश शुक्ला ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से व्यक्ति पाप मुक्त हो जाता है। इस कथा सुनने से जीवन मरण से भी मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि अच्छे कर्म जिस घर व कुल में होते हैं वही श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होता है। कथा से कई पीढ़ियां तर जाती हैं। भंडारे का आयोजन बहराइच रोड स्थित जय हरी मैरिज हॉल में किया जाएगा। आचार्य ने बताया कि कलश यात्रा मोहल्ले के विभिन्न रास्ते से होते हुए पुनः कथा स्थल पर पहुंची जहां पर स्थापना के बाद कथा का शुभारंभ किया गया है।


कलश यात्रा निकालते लोग। अमृत विचार

# मेडिकल किट के साथ मतदान केंद्र पर रहेंगे स्वास्थ्य कर्मी

गोंडा कार्यालय

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर गठित की गई रैपिड रिस्पांस टीम, स्वास्थ्य कर्मियों को किया गया अलर्ट

**अमृत विचार :** प्रत्येक मतदान केंद्र पर मेडिकल किट व ओआरएस के साथ एएनएम, आशा कार्यकर्ता व सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की तैनाती की गई है। मतदान कार्मिकों, सुरक्षा बलों एवं मतदान के लिए मतदान केंद्र पर आने वाले मतदाताओं को चिकित्सकीय आकस्मिकता की स्थिति में तत्काल स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के लिए सीएचसी स्तर पर रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया है।

मेडिकल किट में 19 प्रकार की दवा व स्वास्थ्य सामग्री रखी गयी है। मतदान ड्यूटी के समय कार्मिकों को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत न हो, इसके लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जिले के प्रत्येक पोलिंग बूथ पर मेडिकल किट उपलब्ध कराएगा। पीठासीन अधिकारी को 19 प्रकार की दवा व सामग्री दी गयी है। मतदान के दौरान किसी कर्मचारी के बीमार होने पर तत्काल प्राथमिक उपचार होगा। मेडिकल किट में दवा खाने की डोज व किस बीमारी में कौन सी दवा खानी है, इसका अलग से एक पर्चा भी रखा गया है, जिससे ड्यूटी के समय आवश्यकता पड़ने पर मतदान कर्मियों का प्राथमिक उपचार करने में मुश्किल न हो। लू से बचाव के लिए पर्चा प्रत्येक किट में रखा गया है। मेडिकल किट में पैरासीटामाल, ओमेप्राजोल, ओआरएस पाउडर, डाई साइक्लोमीन, मैट्रोनिडाजाल, डोमपेरिडोन, डाइक्लोफेनेक जेल, गाज पैड, हैंसप्लास्ट, पोवीडोन आयोडीन ओइंटमेट, सेबीलान, सैनिटाइजर, मास्क, कैंची, ग्लब्स, चिमटी, काटन, रोल बैंडेज व एडीसिव टेप शामिल किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रश्मि वर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदान ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों के लिए मेडिकल किट की व्यवस्था की गई है। मतदान केंद्र पर स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई। सीएचसी को अलर्ट किया गया।

## बूथों पर पहुंचीं पोलिंग पार्टियां, कर रहीं मतदान की तैयारी

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** रविवार की देर शाम तक सभी पोलिंग पार्टियां पोलिंग बूथों पर पहुंच गईं। झंझरी ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय करमा माफी पैड़ी अजब सिंह बूथ पर पोलिंग पार्टी पहुंच गई। कैसरगंज लोकसभा के बटौरा बख्तावर पोलिंग बूथ पर पहुंचे मतदान कर्मी कागजी कार्य करते दिखे। इसके अलावा बूथों पर टेंट लगवाए गए हैं। वहीं पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दौरान प्रशासन की ओर से बेहतर नाश्ते की व्यवस्था व पानी की व्यवस्था की गई थी। सभी को फल, नमकीन, मठरी व एक एक बोतल ठंडा पानी मुहैया कराकर बूथों पर रवाना किया गया। बूथों पर पहुंचने पर सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट ने पहुंच कर पूरी व्यवस्था देखी। शाम को सभी बूथों पर रसोइयों द्वारा भोजन की व्यवस्था की जाने लगी।

# वनटांगिया में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम


वन टांगिया गांव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से वनटांगिया गांव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जय कुमार ग्राम विकास अधिकारी, विशिष्ट अतिथि के रूप में रेखा देवी ब्लाक समूह कार्यकर्ती मौजूद रहे। इस अवसर पर पूरे गांव में स्टीकर चस्पा किया गया और गांव में पम्पलेट वितरित कराया गया। संचालन जय सिंह, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी लखनऊ ने किया। विभाग के पंजीकृत दल बालाजी म्यूजिकल ग्रुप ने ग्राम वासियों के बीच मतदाता जागरूकता संबंधी गीत संगीत के माध्यम से "वोट डालने जायेंगे, वोट डालने जायेंगे" गाना सुनाकर ग्रामवासियों को जागरूक किया।

# अंग्रेजी हुकूमत के दौरान हुआ था करनैलगंज बाजार का उदय


करनैलगंज के चौक घंटाघर स्थित आदि शक्ति माता भवानी मंदिर।

रमेश पाण्डेय

- कर्नल के सम्मान में करनैलगंज पड़ा था नाम, 1802 में अस्तित्व में आया था यह बाजार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** मूल रूप से आज का करनैलगंज अंग्रेजी हुकूमत में एक छोटा सा गांव हुआ करता था। जिसे सकरोरा के नाम से जाना जाता था। जानकारों के मुताबिक 1780 में, अवध राज्य के राजा ने स्थानीय शासकों को अपने अधीन करने और उन्हें गोंडा और बहराईच के नाजिमों के अधीन वापस लाने के लिए एक मेजर बिंग के नेतृत्व में एक ब्रिटिश सेना को क्षेत्र में भेजा। अंग्रेजों ने सकरोरा में पड़ाव डाला और 8 वर्षों तक उसका रखरखाव किया। कुछ साल बाद, 1802 में, कर्नल फूक्स के नेतृत्व में एक अन्य ब्रिटिश सेना ने सकरोरा में पुराने शिविर पर फिर से कब्जा कर लिया। इसके बाद धीरे धीरे यहां एक बाजार अस्तित्व में आने लगा। जानकार बताते है कि ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ बगावत की चिंगारी इसी करनैलगंज के सकरोरा से फूटी थी। जो धीरे धीरे चारों ओर फैल गयी। 7 फरवरी 1856 को गोण्डा जिला अस्तित्व में आया। जिले के पहले कलेक्टर बने कर्नल व्यालू ने आतंक का ठीकरा जनता पर फोड़ना शुरू कर दिया। जिससे नाराज फजल अली नाम के क्रांतिकारी ने उनका सर सकरोरा छावनी में घुस कर कलम कर दिया था। बताया जाता है कि तभी से उदय हुए इस बाजार का नाम कर्नलगंज पड़ गया। जिसे अब करनैलगंज के नाम से जाना जाता है।

### वर्तमान समय में सर्राफा व बर्तनों का होता है व्यापार

वर्तमान समय में यह बाजार सर्राफा व बर्तनों के लिये प्रसिद्ध है। हालांकि अनाज का व्यापार आज भी यहां होता है। लेकिन जूट का व्यापार बंद हो गया। जानकार बताते है कि करनैलगंज में प्रति सप्ताह दो बाजार होते थे, सोमवार और मंगलवार। लेकिन धीरे धीरे अब यह बाजार प्रत्येक दिन के लिये हो चुकी है। केवल सोमवार के दिन बंदी होती है।

### एक डिपो के रूप में कार्य करता था करनैलगंज

करनैलगंज एक डिपो के रूप में कार्य करता था जहाँ निर्यात होने से पहले उन सामानों को आसपास के ग्रामीण इलाकों से लाया जाता था। निर्यात की तुलना में आयात की मात्रा बहुत कम थी। आयात में कानपुर से नमक , भगवंत नगर और मिर्जापुर से तांबे के बर्तन और कपास शामिल थे।

### छोटी अयोध्या के नाम से प्रसिद्ध है करनैलगंज

करनैलगंज के हर मोहल्ले में मंदिर होने से इसे छोटी अयोध्या के नाम से भी जाना जाता है। नगर में राम जानकी महादेव और कृष्ण को समर्पित कई मंदिर स्थापित थे। जो आज भी मौजूद है। पहले यहां सावन मास में लगने वाला झूला मेला दूर दूर तक प्रसिद्ध था। लेकिन समय परिवर्तन के साथ ही वह भी इतिहास बन चुका है। लेकिन यहां एक माह तक चलने वाली प्रसिद्ध रामलीला का मंचन अभी भी होता है। जिसे देखने के लिए अन्य जिलों से भी लोग आते हैं।

# ट्रक में भिड़ी वोल्वो बस, दो की मौत

## तीन घायल हायर सेंटर रेफर, रौनाही थाना क्षेत्र में सुबह हुआ दर्दनाक हादसा

**सोहावल /अयोध्या**

**अमृत विचारः** लखनऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार सुबह एक वातानुकूलित वोल्वो बस सड़क किनारे खड़े मोरंग लदी ट्रक में जा भिड़ी। हादसे में ट्रक के क्लीनर और बस सवार एक यात्री की मौत हुई है, जबकि बस चालक समेत तीन यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दुर्घटना रौनाही थाना क्षेत्र में सोहावल स्थित एक पेट्रोल पंप के निकट हुई।



दुर्घटनाग्रस्त बस को क्रेन से किनारे करवाती पुलिस। अमृत विचार

नागालैंड प्रांत में पंजीकृत एक वातानुकूलित वोल्वो बस जयपुर से यात्रियों को लेकर गोरखपुर की ओर जा रही थी। सुबह लगभग साढ़े छह बजे रौनाही थाना क्षेत्र में सोहावल स्थित ओवरब्रिज से उतरते ही पेट्रोल पंप के निकट स्थित ढाबे के पास सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक में जा भिड़ी। घटना के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से पांच गंभीर घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया। सुबह घायलों को जिला अस्पताल लाए जाने पर इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने दो लोगों को परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया, जबकि अस्पताल प्रशासन ने सिराज (52) पुत्र इदरीश निवासी बीरऊपुर कोतवाली नगर जिला बस्ती, कपूरचंद्र (50) पुत्र जगदीश कुमार निवासी जयपुर कोतवाली नगर जिला जयपुर, राजस्थान और धर्मेंद्र कुमार (26) पुत्र राजेंद्र कुमार निवासी गोपालपुर थाना कुमारगंज को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया।

मृतकों में ट्रक क्लीनर की पहचान छोटू दूबे (19 ) पुत्र पट्टर दूबे निवासी चिड़िया डांड जिला बहराइच तथा मृतक यात्री की पहचान जितेंद्र (40) पुत्र संत प्रसाद निवासी चार पाना खुर्द थाना बेलीपार जिला गोरखपुर के रूप में हुई है। थाना प्रभारी रौनाही पंकज सिंह का कहना है कि ट्रक में टक्कर के चलते दो लोगों की मौत हुई है।

## अचानक नाले में गिरा फौजी, मौत

**अयोध्या, अमृत विचारः** नगर कोतवाली के नाका क्षेत्र में एक फौजी जवान की नाले में गिरने के चलते मौत हो गई। मनऊपुर निवासी आदित्य सिंह (32) भारतीय सेना में जवान था और वर्तमान में उसकी तैनाती झांसी में थी। वह रविवार सुबह अपने घर आ रहा था। एक नीली बस से वह लखनऊ हाईवे पर नाका क्षेत्र में दिशा कोचिंग के पास अपने लाल रंग के ट्रॉली बैग के साथ उतरा। सड़क किनारे स्थित पेड़ के पास नाले पर बैठ गया। पड़ोस में ही गन्ने का जूस बेंचने वाले तथा सवारी का इंतजार कर रहे लोगों ने बताया कि नाले पर बैठने के कुछ क्षणों बाद ही युवक लड़खड़ाया और फिर पानी युक्त नाले में गिर पड़ा।

# मोहिनी एकादशी: लाखों भक्तों ने किया रामलला का दर्शन

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** रामनगरी में मतदान से पहले श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। रविवार को मोहिनी एकादशी थी। इसके चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे। राम मंदिर में राम लला का दर्शन पूजन किया। आशीर्वाद लिया।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद से शनिवार और रविवार को ज्यादा भीड़ होती है। अवकाश के चलते बड़ी संख्या में लोग राम मंदिर में पहुंच राम लला का दर्शन पूजन करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि मोहिनी एकादशी पर भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण कर देवी-देवताओं को अमृत पान कराया था। अयोध्या में विराजमान भगवान रामलला भी भगवान विष्णु के अवतार माने जाते हैं। इसिलए रविवार को भक्तो की बारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही दर्शन के लिए लाइन लग गई। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि मोहिनी एकादशी पर बड़ी संख्या में भक्तों ने रामलला का दर्शन किया। सुबह विशेष श्रृंगार आरती की गई।



राम मंदिर में दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु।। अमृत विचार


यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
भारत सरकार का उपक्रम
Union Bank of India
A Government of India Undertaking

**मेगा ई-नीलामी बिक्री सूचना**
(सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत)

क्षेत्रीय कार्यालय : अयोध्या 436 अतरदीप कॉम्प्लेक्स, देवकाली बाईपास, अयोध्या–224001 ई–मेल : crld.roayodhya@unionbankofindia.bank

**अचल सम्पत्तियों के लिए बिक्री सूचना, परिशिष्ट-IV- [ नियम 8(6) और नियम 9 (1) के प्रावधान को देखें ]**

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन), 2002 के नियम 8 (6) और नियम 9 (1) के परन्तुक सपठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनगर्ठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस**

सर्वसाधारण को विशेषकर ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पतियां, जो प्रतिभूति के रूप में हमारे बैंक के पास दृष्टिबंधक/बंधक है जिसका **सांकेतिक/भौतिक कब्ज़ा** यूनियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है का विक्रय दिनांक **12.06.2024** (समयः 12 बजे से सायं 05 बजे तक) को होने वाली ई.नीलामी में ''जहाँ है'', ''जैसा है'', ''जो कुछ भी है'' और ''बिना किसी सहारे के'' आधार पर नीचे वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी की वसूली के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के द्वारा किया जायेगा। आरक्षित धनराशि एवं ईएमडी राशि नीचे वर्णित है। ई–नीलामी के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के वेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in** पर लिंक उपलब्ध है। निम्नलिखित संपत्तियों की बिक्री वेबसाइट **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp.** के माध्यम से ऑनलाइन ई–नीलामी द्वारा की जाएगी। नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां ऑनलाइन ई–नीलामी में वेबसाइट **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp** के द्वारा दिनांक **12.06.2024** को ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी ब्याज एवं अन्य कोई व्यय की वसूली के लिए बिक्री की जायेगी।

**ऑनलाइन ई–नीलामी के आध्यम से बेबसाइट : https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp नीलामी की तिथि व समय – 12.06.2024**
**समय : दोपहर 12 बजे से सायं 05:00 बजे (10 मिनट के असीमित अतिरिक्त समय सहित) बोली/ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : ई–नीलामी शुरू होने पर या उससे पहले**

| क्र. सं. | 1. उधारकर्ता का नाम<br>2. जमानतकर्ता का नाम<br>3. शाखा | अचल सम्पत्ति का विवरण<br>बंधक/सम्पत्ति मालिक का नाम (बंधक सम्पत्ति/या परिसम्पत्ति से सम्बन्धित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित) | अ) डिमांड नोटिस की तिथि 13 (2) सरफेसी नियम 2002<br>ब) कब्जा की तिथि<br>स) बकाया राशि<br>द) कब्जे का प्रकार (सांकेतिक/भौतिक) | अ) आरक्षित मूल्य<br>ब) धरोहर धनराशि<br>स) वृद्धिशील बिड धनराशि<br>द) प्राधिकृत अधिकारी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **उधारकर्ता** : मेसर्स **बी.पी. इण्टरप्राइजेज,** इसके प्रोपराइटर श्री कुष्मेश कुमार पुत्र स्व. बद्री प्रसाद, निवासी खसरा सं–99 व 125 का मिनजुमला पर मकान–ग्राम तेजपुर, पो. भानमऊ, परगना सतरिख तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी, उत्तर प्रदेश (प्रोपराइटर फर्म) **जमानतकर्ताः श्री राम प्रकाश चौहान** पुत्र श्री भभूति, निवासी ग्राम जुगुनिया डीह पोस्ट बरायण, जिला बाराबंकी, उ.प्र.<br>**शाखाः बाराबंकी शाखा (10662)** | श्री कुष्मेश कुमार के स्वामित्व में मकान के सभी भाग व खण्ड निर्मित खसरा सं. 209 व 214, न्यू खसरा सं. 99 एवं 125 क–मिन–जुमला, ग्राम तेजवापुर परगना सतरिख, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी, उत्तर प्रदेश, क्षेत्रफल 141.26 वर्गमीटर या 1519.96 वर्गफीट, **चौहद्दीः** पूर्वः श्री सहदेव का मकान, पश्चिमः श्री भरोसे का मकान, उत्तरः सीसी रोड. दक्षिणः मकान | अ) 09.11.2015<br>ब) 24.02.2016<br>स) रू. 9,57,998.36 दिनांक 13.05.2022 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 11,13,000.00<br>ब)रू. 1,11,500.00<br>स)रू. 11,130.00<br>द) श्री के.के. वर्मा 9773832060 |
| 2. | **उधारकर्ता : मेसर्स अमन फैब्रिकेशन (प्रोप्राइटरशिप फर्म)** श्रीमती सबा बानो पत्नी नौसाद अली ग्राम–कस्बा गिर्दनेवाह, परगना, तहसील व जिला रायबरेली **प्रोप्राइटर का नाम :** श्रीमती सबा बानो पत्नी नौसाद अली निवासीः ग्रा. कस्बा गिर्दनेवाह, परगना, तहसील व जिला–रायबरेली,<br>**जमानतकर्ता : श्री इरशाद अली** पुत्र स्व. हाफिज अली, ग्रा. व पो.–बखाई, तहसील–लालगंज, जिला–रायबरेली **शाखा : ऐहार (69380)** | गाटा नं. 379 मि. क्षेत्रफल 115.32 वर्गमीटर, ग्राम कस्बा गिरदनेवाह, परगना, तहसील और जिला– रायबरेली , श्री इरशाद अली पुत्र स्वर्गीय हाफिज अली के स्वामित्व में।<br>**चौहद्दी :** पूर्व– सोनकर का खेत , पश्चिम– प्रस्तावित 20 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तर–सह काश्तकार की भूमि, दक्षिण– किरण का भूखंड **वास्तविक के अनुसार संपत्ति की सीमाएंः** पूर्व– सोनकर का घर, पश्चिम– प्रस्तावित 20 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तर– खुली भूमि, दक्षिणः– किरण का घर। | अ) 17.06.2019<br>ब) 10.01.2020<br>स) रू. 7,39,763.70 दिनांक 17.06.2019 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 05,98,000.00<br>ब)रू. 59,800.00<br>स)रू. 5,980.00<br>द) श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील 9896322800 |
| 3. | **उधारकर्ता : श्री विनोद सिंह** पुत्र श्री हरिहर सिंह, लखपेड़ा बाग, अग्रवाल आटा चक्की के पास, बाराबंकी, उ.प्र.<br>**जमानतकर्ताः श्रीमती विंध्याचली देवी** पत्नी श्री हरिहरसिंह, लखपेड़ा बाग, अग्रवाल आटा चक्की के पास, बाराबंकी, उ.प्र.<br>**शाखाः बाराबंकी शाखा (10662)** | श्रीमती विंध्याचली देवी पत्नी श्री हरिहर सिंह के स्वामित्व में मकान सम्पत्ति के सभी 2 भाग व खण्ड स्थित खसरा नंबर 37 3. ग्राम–बराली, मोहल्ला–लखपेड़ा बाग, नवाबगंज सीमा से बाहर, परगना एवं तहसील–नवाबगंज, जिला–बाराबंकी, उत्तर प्रदेश, प्लॉट का क्षेत्रफल 1740 वर्ग फीट,<br>**चौहद्दीः** उत्तर– प्लॉट अब श्रीमती मालती मिश्रा का मकान, दक्षिण–15 फीट चौड़ा रास्ता, पूर्व– प्लॉट अब विजय सिंह का मकान, पश्चिम– उमेश चंद्र का प्लॉट अब सूर्य प्रकाश वर्मा का मकान | अ) 01.03.2015<br>ब) 20.05.2015<br>स) रू. 10,55,816.00 दिनांक 30.09.2014 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 37,68,000.00<br>ब)रू. 3,76,800.00<br>स)रू.37,700.00<br>द) श्री के.के. वर्मा 9773832060 |
| 4. | **उधारकर्ता : कामधेनु दुग्ध उत्पादन केंद्र,** प्रो. श्री प्रेम प्रकाश पुत्र बिराय, निवासी : परसा तुड़ी, पोस्ट : भेलखा, तहसील : सदर बस्ती जिला : बस्ती–272001<br>**शाखा : मुख्य शाखा, बस्ती** | सभी सम्पत्ति के भाग व हिस्से निहित स्थित आवासीय भवन का समस्त भाग एवं पार्सल– गाटा/प्लॉट संख्या–50 आ. क्षेत्र 0.094 हेक्टेयर, खाता संख्या 0039 परसा तुड़ी, टप्पा हवेली, परगना : बस्ती पश्चिम तहसीलः बस्ती सदर जिला : बस्ती, नामे श्री प्रेम प्रकाश पुत्र बिराय।<br>**चौहद्दी :** उत्तरः हरदाई राम की भूमि, दक्षिणः राम केश की भूमि, पूर्वः सड़क और पश्चिमः प्रेम प्रकाश की भूमि (बंधक) | अ) 22.02.2022<br>ब) 13.10.2022<br>स) रू. 18,18,194.00 दिनांक 16.03.2022 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 45,54,000.00<br>ब)रू. 4,55,400.00<br>स)रू. 45,540.00<br>द) श्री शैलेन्द्र भदौरिया 9752520989 |
| 5. | **उधारकर्ता : (1) आरपीएस पोल्ट्रीज** पता : गांव–भुजवान खेड़ा, पोस्ट–दिघोरा, रायबरेली यूपी 229303 **(2) राम प्रसाद सोनकर** पुत्र सिया राम पता : गांव–भुजवान खेड़ा, पो.–दिघोरा, रायबरेली (उ.प्र.) 229316<br>**जमानतकर्ता : (1) कबीर दास** पुत्र सियाराम, पता : गांव– भुजवान खेड़ा, पोस्ट–दिघोरा, रायबरेली (उ.प्र.) **(2) राकेश कुमार** पुत्र महावीर पता : गांव–सराय उमर, पो.–दिघोरा, रायबरेली (उ.प्र)<br>**शाखा : ऐहार (59380)** | गाटा संख्या 359 मि. स्थित ग्राम–दिघौरा सोम्मऊ, परगना, तहसील एवं जिला–रायबरेली, श्री राम प्रसाद सोनकर पुत्र श्री सियाराम उत्तर प्रदेश में रहते है, जिसका क्षेत्रफल 1520 वर्गमीटर है।<br>**दस्तावेज़ों के अनुसार चौहद्दी :** उत्तर–गलियारा, दक्षिण–महराजदीन का खेत, पूर्व–गलियारा, पश्चिम– रामपाल का खेत **साइट के अनुसार चौहद्दी :** उत्तर–लिंक रोड, दक्षिण–राम पाल का खेत, पूर्व–लिंक रोड, पश्चिम–रामदीन का खेत | अ) 24.05.2019<br>ब) 25.08.2020<br>स) रू. 15,61,202.00 दिनांक 24.05.2019 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 22,16,000.00<br>ब)रू. 2,22,000.00<br>स)रू. 22,160.00<br>द) श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील 9896322800 |
| 6. | **उधारकर्ता–(1) मेसर्स राजेश राइस मिल** (प्रोप्राइटरशिप फर्म) प्रोप्राइटर–श्री राजेश कुमार पुत्र श्री राम देव (खाता सं. 560371000373196), ग्राम नायपुरा परगना हवेली अवध तहसील सोहावल जिला–फैजाबाद/अयोध्या **(2) प्रो. श्री राजेश कुमार** पुत्र श्री राम देव (खाता सं. 560371000373196) ग्राम नायपुरा परगना हवेली अवध तहसील सोहावल जिला फैजाबाद/अयोध्या<br>**शाखाः फैजाबाद (12332)** | श्री राजेश कुमार पुत्र श्री राम देव के स्वामित्व में भूमि बियरिंग प्लॉट स्थित खाता संख्या 278, प्लॉट संख्या 701, क्षेत्रफल 130 वर्गमीटर अर्थात् 1398 वर्ग फीट स्थित राजस्व ग्राम नायपुरा, परगना हवेली अवध, तहसील – सोहावल जिला अयोध्या, **(संपत्ति की चौहद्दी):** पूर्व : श्री राम देव पश्चिमः श्री राम केवल की भूमि उत्तरः श्री राम धीरज की भूमि, दक्षिणः लिंक रोड से नायपुरा **(वास्तविक के अनुसार संपत्ति की चौहद्दी) :** पूर्व : श्री राम देव पश्चिमः श्री राम केवल की भूमि उत्तरः श्री राम धीरज की भूमि, दक्षिणः लिंक रोड से नायपुरा | अ) 22.09.2020<br>ब) 09.03.2021<br>स) रू. 2,63,687.00 दिनांक 22.09.2020 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 5,16,000.00<br>ब)रू. 52,000.00<br>स)रू. 5,260.00<br>द) श्री रत्नेश कुमार 9569667575 |
| | **उधारकर्ता : मेसर्स जय गंगा ऑफसेट,** प्रो श्री अमित मौर्य पुत्र श्री राम वर्मा, निवासी कटान का पुरवा, जेल रोड, आपोजिट परियोजना प्रबंधक, आईएफएफडीसी रायबरेली, जिला रायबरेली, उ.प्र. (स्वामित्व फर्म) **जमानतकर्ता : 1) श्री राज कुमार मौर्य** पुत्र गंगा सागर मौर्य निवासी समरध, फुर्सतगंज, जिला रायबरेली, उ.प्र. **2) श्री जगत प्रसाद मौर्य** पुत्र राम दास मौर्य, पुत्र दिघिया, जिला रायबरेली, उ.प्र.<br>**शाखा : मधुपुरी (69390)** | स्थित संपत्ति का सभी हिस्सा और भाग, गाटा संख्या 163/3, ग्राम–खोर, परगना, तहसील–सदर, जिला–रायबरेली, उत्तर प्रदेश, श्री राम सिंह पुत्र श्री भभूति के स्वामित्व में। क्षेत्रफल–315 वर्ग मीटर **(चौहद्दी):** पूर्वः प्रकाश की भूमि, पश्चिमः धानी की भूमि, उत्तरः शिव प्रकाश की भूमि, दक्षिणः रास्ता | अ) 07.09.2016<br>ब) 22.12.2017<br>स) रू. 4,25,337.00 दिनांक 24.05.2019 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 6,30,000.00<br>ब)रू. 63,000.00<br>स)रू. 6,300.00<br>द) श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील 9896322800 |
| 7. | **उधारकर्ता : अ. मेसर्स मां वैष्णो एग्रो प्रोडक्ट्स,** ग्राम सोहिलपुर, सरकारी इंडस्ट्रियल इस्टेट, जैदपुर, बाराबंकी (प्रोप्राइटरशिप फर्म)<br>**ब. श्री राम सिंह पुत्र भभूति** ( प्रोप्राइटर), ग्राम जुगुनिया डीह पोस्ट बरैया, जैदपुर, तहसील – नवाबगंज,<br>**जमानतकर्ताः अ. श्री कुष्मेश कुमार** वर्मा पुत्र बद्री प्रसाद वर्मा, ग्राम रामुआपुर, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी<br>**ब. श्री राम प्रकाश पुत्र** भभूति, ग्राम जुगुनिया डीह पोस्ट बरैया, जैदपुर, तहसील – नवाबगंज, बाराबंकी<br>**शाखा : बाराबंकी (10662)** | (1) श्री राम सिंह पुत्र श्री भभूति के स्वामित्व में प्लॉट सं. 12,13,14,15,16 एवं 17 पर राइस मिल की फैक्ट्री भूमि व भवन स्थित मिनी इंडस्ट्रियल इस्टेट, सोहिलपुर, जैदपुर, जिला बाराबंकी, क्षेत्रफल 774.32 वर्गमीटर या 8331.68 वर्गफीट,<br>**चौहद्दीः** पूर्वः ग्राम समाज भूमि, पश्चिमः पीडब्ल्यूडी रोड, उत्तरः कृषि भूमि, दक्षिणः खडंजा रोड<br>**वास्तविक के अनुसार संपत्तियों की चौहद्दी :** पूर्वः खाली भूमि, पश्चिमः 30 फीट चौड़ी पक्की सड़क (जैदपुर रोड), उत्तरः कृषि भूमि दक्षिणः 15 फीट चौड़ी बीओई रोड एवं फिर मालिक के भाई राम प्रकाश चौहान की राइस मिल<br>(2) श्री राम प्रकाश चौहान पुत्र श्री भभूति के स्वामित्व में प्लॉट सं. 5,6,7,8,9,10 एवं 11 पर भूमि व भवन पर सिंगल स्टोरी राइस मिल स्थित मिनी इंडस्ट्रियल इस्टेट, सोहिलपुर, जैदपुर, जिला बाराबंकी,<br>**चौहद्दीः** पूर्वः चौड़ी सड़क, पश्चिमः पीडब्ल्यूडी रोड, उत्तरः खडंजा दक्षिणः इंडस्ट्रियल स्टेट प्लॉट। | अ) 01.11.2014<br>ब) 20.05.2015<br>स) रू. 33,93,565.86 दिनांक 01.11.2014 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) भौतिक कब्जा | अ–1)रू. 22,77,000.00<br>ब–1)रू. 2,27,700.00<br>स–1)रू. 22,770.00<br>अ–2)रू. 32,47,200.00<br>ब–2)रू. 3,24,720.00<br>स–2)रू. 32,472.00<br>द) श्री के.के. वर्मा 9773832060 |
| 9. | **उधारकर्ता : मेसर्स आशीर्वाद शूज** (प्रो. श्री अशोक कुमार), पताः तालेबंद खेड़ा, भैरमपुर, महराजगंज, बछरावां, रायबरेली, उ.प्र. –229301.<br>**शाखाः बछरावां (69360)** | श्री अशोक कुमार पुत्र श्री लाल बहादुर के स्वामित्व में आवासीय भूमि के सभी भाग व खण्ड, क्षेत्रफल 1373.5 वर्ग फीट, स्थित मोहल्ला मनिहारन टोला नगर पंचायत बछरावा, परगना बछरावा, तहसील महराजगंज, जिला रायबरेली।<br>**चौहद्दीः** पूर्वः खड़ंजा मार्ग, पश्चिमः शुसील कुमार का मकान, उत्तरः स्वतः क्रेता की भूमि, दक्षिणः चंद्रकांति का मकान। | अ) 06.06.2022<br>ब) 14.11.2022<br>स) रू. 5,25,372.95 दिनांक 03.06.2022 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 08,33,000.00<br>ब)रू. 83,300.00<br>स)रू. 08,330.00<br>द) श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील 9896322800 |
| 10. | **उधारकर्ताः मैसर्स कृष्णा इलेक्ट्रॉनिक्स,** श्री हरीश सोनकर (प्रो ) महराजगंज रोड, बछरावां, रायबरेली उ. प्र.–229301<br>**श्री हरीश कुमार सोनकर** पुत्र श्री जगन्नाथ, निवासी मोहल्ला किला, वार्ड नंबर 1, नगर पंचायत बछरावां, परगना बछरावां, तहसील महाराजगंज, जिला. रायबरेली | साम्यिक बंधक भूमि एवं भवन स्थित प्लॉट संख्या 3208, ग्रा.–बछरावां, परगना–बछरावां, तहसील– महराजगंज एवं जिला–रायबरेली, उ.प्र. –229301, क्षेत्रफल 92.936 वर्गमीटर, जोकि श्री हरीश कुमार सोनकर पुत्र श्रीजगन्नाथ के नाम पर है,<br>**चौहद्दीः** पूर्व राजमार्ग बछरावां–लालगंज, दक्षिण–सह–किरायेदार हरीश कुमार का शेष भूखंड, पश्चिम– विशाल का खेत, उत्तर– दिलीप कुमार का भूखंड | अ) 05.06.2023<br>ब) 16.12.2023<br>स) रू. 10,20,255.05 दिनांक 16.12.2023 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 27,40,000.00<br>ब)रू. 2,74,000.00<br>स)रू. 27,400.00<br>द) श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील 9896322800 |
| 11. | **उधारकर्ता : श्री राजाबाबू गुप्ता** पुत्र श्री गणेश प्रसाद, पता : म.नं. 303ए, ग्राम–कुढ़ा केशवपुर दर्शननगर परगना–हवेली अवध, तहसील–सदर, फैजाबाद जिला– अयोध्या, उत्तर प्रदेश<br>**जमानत कर्ता : (1) श्रीमती गीता देवी** पत्नी श्री गणेश प्रसाद पता : म.नं. 303ए, ग्राम–कुढ़ा केशवपुर दर्शननगर परगना–हवेली अवध, तहसील–सदर, फैजाबाद जिला– अयोध्या, उत्तर प्रदेश **(2) श्री गणेश प्रसाद गुप्ता** पुत्र श्री राम नारायण गुप्ता पता : म.नं. 303ए, ग्राम–कुढ़ा केशवपुर दर्शननगर परगना–हवेली अवध, तहसील–सदर, फैजाबाद जिला– अयोध्या<br>**शाखा : फैजाबाद मुख्य शाखा (38510)** | म.नं. 303ए, ग्राम–कुढ़ा केशवपुर दर्शननगर परगना–हवेली अवध, तहसील–सदर, फैजाबाद जिला–अयोध्या, उत्तर प्रदेश जो कि सुश्री गीता देवी पत्नी श्री गणेश प्रसाद के नाम पर है, क्षेत्रफल 800 वर्गफ़ीट।<br>**चौहद्दी :** उत्तर–अकबरपुर रोड, दक्षिण–कन्या प्राथमिक पाठशाला, पूर्व–गीता देवी पत्नी रामजी का घर , पश्चिम–अजय कौशल का घर | अ) 13.01.2022<br>ब) 14.10.2022<br>स) रू. 9,83,231.00 दिनांक 30.09.2021 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 34,16,000.00<br>ब)रू. 3,41,600.00<br>स)रू. 34,160.00<br>द) श्री रत्नेश कुमार 9569667575 |
| 12. | **उधारकर्ता : श्री राजेंद्र कुमार,** पुत्र अरिमर्दन, गाटा नं 1013 मील, गांव अहमदपुर नजूल, मलिक मऊ (सरस होटल के पास) जिला रायबरेली, उ.प्र. –229001<br>**जमांतकर्ता : श्री अंजनी कुमार,** गाटा नं 1013 मील, गांव अहमदपुर नजूल, मलिक मऊ (सरस होटल के पास) जिला रायबरेली, उ.प्र.–229001<br>**शाखा : रायबरेली (eCB)(13442)** | स्थित संपत्ति का सभी हिस्सा और भाग, कुल 1729.60 वर्ग फुट श्री अंजनी कुमार के हैं, गाटा नंबर 1013 एमआई, गांवः अहमदपुर नजूल, मलिकमऊ (सरस होटल के पास), सुल्तानपुर रोड, परगना, तहसील व जिला रायबरेली,<br>**चौहद्दीः** पूर्वः शिवकेश कुमार की भूमि, पश्चिम : राम देव गुप्ता का घर, उत्तरः शिवकेश कुमार की भूमि, दक्षिणः रायबरेली से सुल्तानपुर रोड। | अ) 20.07.2021<br>ब) 13.10.2021<br>स) रू. 32,42,283.87 ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 43,61,400.00<br>ब)रू. 4,36,140.00<br>स)रू. 43,614.00<br>द) श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील 9896322800 |
| 13. | **उधारकर्ता : श्रीमती जूली सिंह** पत्नी श्री आनंद सिंह, ग्राम कटया, पोस्ट कटया, जिला बस्ती, उत्तर प्रदेश–272302<br>**जमानतकर्ता/बंधककर्ता : श्री चिंता हरण सिंह** पुत्र श्री राम अवध सिंह, पत्नी श्री आनंद सिंह,ग्राम कटया, पोस्ट कटया, जिला बस्ती, उत्तर प्रदेश–272302<br>**शाखा : बस्ती (eAB)** | आराजी 57, ग्राम–गोटा, टप्पा गणेशपुर, परगना–नगर पूर्वी, तहसील–बस्ती, जिसका स्वामित्व श्री चिंता हरण सिंह पुत्र श्री राम अवध सिंह के पास है, जिसका क्षेत्रफल 1172 वर्ग मीटर है।<br>**चौहद्दी :** पूर्व–राम लाल का प्लॉट, पश्चिम–इंटरलॉकिंग रोड, उत्तर –राम औतार की भूमि और दक्षिण–प्लॉट नंबर 58 (श्री लाल की भूमि) | अ) 11.06.2019<br>ब) 06.12.2019<br>स) रू. 21,26,706.00 दिनांक 01.06.2019 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 55,53,000.00<br>ब)रू. 5,55,300.00<br>स)रू. 55,530.00<br>द) श्री शैलेन्द्र भदौरिया 9752520989 |
| 14. | **उधारकर्ताः मेसर्स संत एग्रो इण्डस्ट्रीज** (पार्टनरशिप फर्म) ग्राम व पोस्ट सिद्धौर तहसील हैदरगढ़,जिला–बाराबंकी<br>**पार्टनर्स : अ) श्री कुलदीप वर्मा** एवं श्री सुशील वर्मा, दोनों पुत्र श्याम लाल वर्मा, निवासी–ग्राम मेहंदीपुर हरख, पोस्ट हरख तहसील नवाबगंज जिला–बाराबंकी **ब) श्री दिग्विजय सिंह** एवं श्री हर्ष पटेल पुत्र श्री बाबू लाल, ग्राम मेहंदीपुर निवासी–हरख पोस्ट हरख तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी – 225121 **स) श्री विपिन कुमार** पुत्र रामकेवल ग्राम मेहंदीपुर निवासी–हरख पो. हरख, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी–225121<br>**जमानतकर्ताः i) श्री कुलदीप वर्मा** पुत्र श्री श्याम लाल वर्मा **ii) श्री दिग्विजय सिंह** पुत्र श्री बाबू लाल **iii) श्री विपिन कुमार** पुत्र राम केवल पअद्ध **श्री श्याम लाल** पुत्र राम आधार वर्मा **v) श्री बाबू लाल** पुत्र राम आधार वर्मा **vi) श्री राम केवल** पुत्र राम आधार वर्मा **vii) श्री हर्ष पटेल** पुत्र श्री बाबू लाल वर्मा **viii) श्री सुनील वर्मा** पुत्र श्याम लाल वर्मा उपरोक्त सभी (**i** से **viii**) निवासीगण ग्रा. मेहंदीपुर, हरख पो. हरख तह. नवाबगंज, जिला बाराबंकी– 225121 **शाखा : बाराबंकी (10662)** | (1) श्री कुलदीप एवं श्री सुशील वर्मा दोनों पुत्र श्री श्याम लाल (2) श्री विपिन वर्मा पुत्र श्री राम केवल (3) श्री दिग्विजय सिंह एवं श्री हर्ष पटेल दोनों पुत्र श्री बाबू लाल के स्वामित्व में राइस मिल बिल्डिंग, खसरा सं. 17 क–मिन–जुमला के भूमि पर निर्मित, बाराबंकी – सिधौर से देवीगंज रोड, ग्राम खपरैच (विशेष गांव ) परगना – सिद्धौर, तहसील – हैदरगढ़, जिला – बाराबंकी, क्षेत्रफल 21,950.00 वर्ग फीट (2040 वर्ग मी०),<br>**चौहद्दीः** पूर्व–चक रोड व उसके बाद शकीर का खेत, पश्चिम– श्री मुन्ना का खेत, उत्तर–बाराबंकी–सिधौर से देवीगंज रोड, दक्षिण–श्री विजय शंकर का खेत, **वास्तविक के अनुसार सम्पत्ति की चौहद्दीः** पूर्व–चक रोड एवं उसके बाद शकीर का खेत, पश्चिम–श्री मुन्ना का खेत, उत्तर– बाराबंकी–सिधौर से देवीगंज रोड, दक्षिण–श्री विजय शंकर का खेत | अ) 02.04.2019<br>ब) 15.06.2019<br>स) रू. 59,34,995.00 दिनांक 30.06.2023 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) भौतिक कब्जा | अ)रू. 92,11,500.00<br>ब)रू. 09,22,000.00<br>स)रू. 92,200.00<br>द) श्री के.के. वर्मा 9773832060 |
| 15. | **उधारकर्ता : (1) मेसर्स हाई टेक एजेंसी** प्रो. श्री मो. अमजद खान पुत्र श्री अंसार खान उर्फ मुन्ने खान, मोहल्ला–नजीरपुरा, मकान नं. 354, परगना, तहसील व जिला– बहराइच (उ.प्र.) **(2) श्री मो. अमजद खान** पुत्र श्री अंसार खान उर्फ मुन्ने खान, प्रो मेसर्स हाई टेक एजेंसी, मोहल्ला–अकबरपुरा, पोस्ट, तहसील एवं जिला – बहराइच (उ.प्र.)<br>**जमानतकर्ता : श्री मो. शकील** पुत्र मो. खलील न्यू विशाल टेलर, डीआईसी के पास, पोस्ट एवं जिला – बहराइच उ. प्र. –271801<br>**शाखा : बहराइच (54070)** | मकान सं 354 पर स्थित भूमिधारी भूखंड का साम्यिक बंधक, क्षेत्रफल 893.75 वर्गफुट, मोहल्ला –नाजिरपुरा परगना एवं तहसील–बहराइच, जिला बहराईच, जो कि श्रीमती अमजद खान पुत्र श्री अंसार खान के नाम पर है<br>**संपत्ति की चौहद्दीः** उत्तर–श्रीमती बिलकिश का घर, दक्षिण–स्व. हकीम मकबूल अहमद का घर, पूर्व–सलीम का घर, पश्चिम– 8 फिट चौड़ी गली<br>**संपत्ति की वास्तविक चौहद्दीः** उत्तर–श्रीमती बिलकिश का घर, दक्षिण–स्व. हकीम मकबूल अहमद का घर, पूर्व–सलीम का घर, पश्चिम–8 फिट चौड़ी गली। | अ) 29.10.2018<br>ब) 07.02.2019<br>स) रू. 2,89,199.59 दिनांक 29.10.2018 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 9,51,200.00<br>ब)रू. 95,120.00<br>स)रू. 9,512.00<br>द) श्री रमेश कुमार 7771001968 |
| 16. | **उधारकर्ता : श्री दीन दयाल पुत्र सुमेश्वर प्रसाद** मकान सं. 8ए, सौर्य विहार, खसरा सं. 262 (min), सैदपुर जागीर, तहसील बख्शी का तालाब, जिला–लखनऊ–226201<br>**शाखा : मसौली (30230)** | श्री दीन दयाल पुत्र श्री सुमेश्वर प्रसाद के स्वामित्व में भूमि व भवन स्थित मकान सं. 8ए, सौर्य विहार, खसरा सं. 262 एम, सैदपुर जागीर, तहसील बख्शी का तालाब जिला लखनऊ, क्षेत्रफल 1150.34 वर्ग फीट (106.87 वर्गमी०), **सम्पत्ति की चौहद्दी :** पूर्व –प्लॉट सं. 06 पर मकान, पश्चिमः 22 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तर–प्लॉट सं.– 07, दक्षिणः मकान सं. 8, डॉ० के.के. चौधरी **(वास्तविक के अनुसार संपत्ति की चौहद्दी):** पूर्व : प्लॉट सं. 06 पर मकान, पश्चिमः 22 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तरः मकान सं. 07, जी.के. मिश्रा, दक्षिणः मकान सं. 08, डॉ. के. के. चौधरी | अ) 19.09.2015<br>ब) 13.11.2018<br>स) रू. 22,91,427.00 दिनांक 19.09.2015 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क<br>द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 42,52,500.00<br>ब)रू. 4,25,250.00<br>स)रू. 42,525.00<br>द) श्री के.के. वर्मा 9773832060 |

**प्रतिभूत लेनदार को ज्ञात अधिभार : कोई अधिभार ज्ञात नहीं**

इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता से अनुरोध है कि ई–नीलामी में भाग लेने हेतु नीलामी की बोली प्रस्तुत करने के पूर्व ई–नीलामी के नियम व शर्तों तथा अन्य ब्यौरे को बैंक की बेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in** पर अवश्य देख लें। साथ ही इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता, बेबसाइट **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp.** हेल्प लाइन ई–मेल आईडी **eauctionhelpdesk@unionbankofindia.bank** पर भी जा सकते हैं। ऑनलाइन नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता के पास वैध ई–मेल आईडी होना आवश्यक है। विक्रय से संबंधित नियम व शर्तें प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अधीन होंगें।

**Security Interest (Enforcement) Rule 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अंतर्गत 15 दिन की बिक्री सूचना**

इसे **Security Interest (Enforcement) Rule** 2002 के नियम 8(6) के नियम 9(1) के अन्तर्गत उक्त तिथि को की जा रही ई– नीलामी / बिक्री के सम्बन्ध में उक्त ऋण के बकाया राशि वाले ऋणियों / जमानतकर्ताओं को जारी किया हुआ नोटिस भी माना जाये।

दिनांक : 20.05.2024 स्थान : अयोध्या प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया

## एक नजर

### चुनाव में दो दिन बंद रहेगा दीवानी न्यायालय

सुलतानपुर, अमृत विचार। अमेठी जिले में सोमवार को लोकसभा चुनाव होने के कारण दीवानी न्यायालय में अवकाश रहेगा। जिला जज जय प्रकाश पांडेय ने सोमवार के साथ ही शनिवार को भी अदालतों में अवकाश की घोषणा की है। जिस दिन सुलतानपुर जिले में चुनाव होने हैं। उल्लेखनीय है कि अमेठी जिले की दीवानी कोर्ट का क्षेत्राधिकार अब भी सुलतानपुर न्यायालय ही है, जिस कारण सोमवार को अवकाश घोषित किया गया है। यह आदेश कादीपुर और मुसाफिरखाना की आउटलाइन कोर्ट पर भी लागू होगा। परिवार न्यायालय में भी 20 और 25 मई को अवकाश रहेगा। इस दिन नियत मुकदमे अगले कार्य दिवस में देखे जाएंगे।

### बाइक सवार घायल

अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचार : अखंडनगर-दोस्तपुर मार्ग पर राहुल नगर पेट्रोल टंकी के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार प्रेम धुरिया 22 वर्ष निवासी गांव सेहरा जलालपुर थाना महरुआ जनपद अंबेडकरनगर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस 108 से सीएचसी अखंडनगर ले आया गया। जहां पर हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय अंबेडकर नगर के लिए रेफर कर दिया गया।

### गोमती मित्रों ने किया श्रमदान

सुलतानपुर, अमृत विचार : रविवार की सुबह गोमती मित्र मंडल समिति के स्वयं सेवकों ने सीताकुंड धाम पर करीब तीन घंटे तक श्रमदान किया। श्रमदान के बाद आयोजित गोष्ठी में प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने कहा कि शत प्रतिशत मतदान के लिए गोमती मित्रों का घर-घर पहुंचना होगा। लोगों को बूथों तक लाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## एक वर्ष से फरार लूट का वांछित गिरफ्तार

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः कोतवाली पुलिस ने एक वर्ष से फरार चल रहे लूट के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को प्रभारी निरीक्षक ने एक वर्ष से फरार चल रहे लूट के एक आरोपी को मुखबिर की सूचना पर आलापुर मोड़ के पास से धर दबोचा। गिरफ्तार किए गए आरोपों की पहचान अवनीश सिंह उर्फ शोल्जर निवास निवासी आलापुर कोतवाली कादीपुर के रूप में की गई। कोतवाल ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध वर्ष 2023 में लूट का केस दर्ज था। आरोपी के पास से पुलिस ने एक अवैध तमंचा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# बसपा छोड़ कांग्रेस के हुए पूर्व मंत्री डा. ओमप्रकाश त्रिपाठी

## मेडिकल ऑफिसर की नौकरी छोड़ दो दशक से बसपा की सक्रिय राजनीति करने वाले त्रिपाठी प्रदेश महासचिव पद पर थे तैनात

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः मेडिकल ऑफिसर की नौकरी छोड़ दो दशक से बसपा की सक्रिय राजनीति करने वाले जिले के जाने माने चिकित्सक व पार्टी के प्रदेश महासचिव डॉ. ओम प्रकाश त्रिपाठी ने बसपा को अलविदा कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है।

जयसिंहपुर (अब सदर) विधानसभा के निवासी होमियोपैथिक चिकित्सक डॉ. ओम प्रकाश त्रिपाठी ने 2001 में मेडिकल ऑफिसर की नौकरी छोड़कर बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। पार्टी ने उन्हें वर्ष 2002 में हुए विधानसभा चुनाव में सुलतानपुर सदर विधानसभा सीट से चुनाव भी लड़ाया था। इस चुनाव में स्थानीय समीकरण के चलते 22,129 मत पाकर वे चौथे स्थान पर रहे। चुनाव हारने के बाद भी उनका कद पार्टी में कम नहीं हुआ और बसपा मुखिया ने उन्हें ओएसडी बना लिया। बदलते राजनीतिक परिदृश्य में बसपा की सरकार अल्प समय में गिरने के बाद सपा ने प्रदेश में सरकार बनाई, लेकिन डॉ. त्रिपाठी बसपा की सक्रिय राजनीति से जुड़े रहे। 2007 में प्रदेश में बसपा की



डा. ओमप्रकाश त्रिपाठी।

पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर पार्टी ने उन्हें राज्यमंत्री बना दिया और उन्हें विधान परिषद के रास्ते सदन भेज दिया। लगातार पार्टी में बड़े ब्राह्मण चेहरे के रूप में उनका नाम रहा। बसपा मुखिया से संबंध के चलते उनके बेटे डॉ. शैलेंद्र त्रिपाठी को भी बसपा सरकार में ही राजमंत्री का दर्जा मिला था। बदलते राजनीतिक समीकरण व वर्तमान राजनिति को भांपते हुए डॉ. त्रिपाठी ने बसपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि आकाश आनंद जिन्हें बसपा मुखिया मायावती द्वारा पार्टी का राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर और अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था उसके बाद आनंद बहुत मजबूती के साथ बहुजन मूवमेंट को आगे बढ़ा रहे थे। जिसके परिणाम स्वरूप देश भर में पार्टी कार्यकर्ताओं में एक ऊर्जा का संचार हो रहा था। इसका असर खासकर इस लोकसभा चुनाव में परिणाम जरूर दिखता और भविष्य में यह पार्टी के लिए बहुत हितकारी होता। उन्होंने पार्टी मुखिया से पार्टी हित व राष्ट्र हित को ध्यान में रखते हुए पुनः अपने निर्णय पर विचार करने की अपील की थी। इस पोस्ट के लगभग 20 मिनट बाद ही प्रदेश महासचिव ने पुनः बसपा मुखिया मायावती को संबोधित करते हुए नई पोस्ट की कि 2001 में चिकित्सा अधिकारी की नौकरी छोड़कर पार्टी ज्वाइन की और पूर्ण समर्पण के साथ आप के आदेशानुसार पार्टी के विचारों को जन जन तक पहुंचाया और आपने भी मुझे बहुत आगे बढ़ने का मौका दिया, परंतु पिछले चार पांच वर्षों से ऐसा लग रहा है कि अब पार्टी को मुझ जैसे कार्यकर्ता की कोई आवश्यकता नहीं है। आप मेरा पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और सभी पदों से इस्तीफा स्वीकार करें।

वहीं, अमेठी के नंदमहर में आयोजित इंडी गठबंधन की अखिलेश यादव व राहुल गांधी की संयुक्त रैली में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। राहुल गांधी ने श्री त्रिपाठी को मंच पर पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया।

# अज्ञात वाहनों की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, महिला की मौत

## तीन लोग गंभीर रूप से घायल, अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर महाराजा ढाबा कमनगढ़ के पास हुई घटना

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः अयोध्या-सुलतानपुर हाईवे पर बिना रोकटोक दौड़ रहे ई रिक्शा वाहन से रविवार को फिर एक बड़ा हादसा हो गया। दो वाहनों की टक्कर से ई-रिक्शा पलट गया और एक महिला की मौत हो गयी। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये, जिनको मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। जबकि, नियमतः हाइवे पर ई-रिक्शा नहीं दौड़ सकते हैं।

प्रयागराज-अयोध्या बाईपास हाइवे पर रविवार की दोपहर सुलतानपुर की तरफ जा रहे ई-रिक्शे को दो वाहनों ने टक्कर मार दी। अज्ञात वाहनों की जोरदार टक्कर से ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गये। ई-रिक्शा टांटिया नगर से शहर की ओर जा रहा था, जिस पर कमनगढ़ के पास एक महिला को बैठाकर जैसे ही वह आगे बढ़ा अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और वह पलट गया। जिसमें ई-रिक्शे पर बैठी महिला यात्री रजिया (55) पत्नी मो. रमजान निवासी कमनगढ़ की मौके पर ही मौत हो गयी है। ई-रिक्शा पर बैठे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये है। स्थानीय लोगों ने तीनों घायलों



हादसे के बाद घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

को जिला मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। घायलों की पहचान अमित कुमार (25) निवासी केनौरा कोतवाली देहात, प्रदीप कुमार (26) व अखिलेश कुमार (25) निवासी जमुवावां भदैंया थाना शिवगढ़ के रूप में हुई है। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर में भर्ती कराया गया है। देहात कोतवाल सत्येंद्र कुमार सिंह सूचना के बाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा कमनगढ़ के पूर्व प्रधान ने घायलों को अपने वाहन से मेडिकल कालेज पहुंचाया है। देहात कोतवाली क्षेत्र के कमनगढ़ स्थित महाराजा ढाबा के निकट हादसे के बाद काफी देर तक यातायात भी बाधित रहा। हाईवे पर रोक के बावजूद यातायात विभाग की शह पर ई रिक्शे दौड़ रहे हैं, जिनसे आए दिन हादसे हो रहे हैं। देहात कोतवाल सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि घायलों का उपचार कराया जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वाहनों की तलाश की जा रही है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

▸▸ बंधुआ कला थाना के अलीगंज-मझना रोड पर हुआ हादसा

संवाददाता, सुलतानपुर : घर से अलीगंज की तरफ जा रहे बाइक सवार युवक को एक बेकाबू कार ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गयी। कोतवाली पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। धम्मौर थाना क्षेत्र के बसई का पुरवा करमचंदपुर निवासी निर्मल विश्वकर्मा (20) पुत्र शिवराम विश्वकर्मा रविवार सुबह बाइक से अलीगंज बाजार की तरफ जा रहे था। वह बंधुआ कला थाना क्षेत्र के अलीगंज मझना रोड पर फ्लाईओवर के नीचे पहुंचा ही था कि सर्विस लेन पर लखनऊ की तरफ से आ रही इनोवा कार ने उसे टक्कर मार दी। बाइक और युवक दोनों कार के अगले हिस्से में फंसकर कुछ दूर तक घिसटते चले गए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद चालक गाड़ी समेत फरार हो गया। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज अलीगंज शिव जनम यादव ने गंभीर रूप से घायल युवक को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने घायल को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिवारजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# देश-प्रदेश व जिले के विकास को भाजपा जरूरी

● सांसद मेनका संजय गांधी ने कादीपुर में की नुक्कड़ सभा

कादीपुर, सुलतानपुर

अमृत विचारः सांसद मेनका गांधी ने कहा कि सुलतानपुर के लोगों को अपना परिवार समझा है। एक मां के रूप में हमेशा आपके बीच रहकर आपके दुख दर्द का निवारण कर रही हूं। लेकिन मां को मजबूत होना भी जरूरी है और वह मजबूती आपके वोट में है। यदि आप मुझे मजबूत करेंगे तो अपनी मां को मजबूत करेंगे। जिससे वह आपके क्षेत्र और आपका विकास कर सके। सांसद ने कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में कभी भी किसी की जाति बिरादरी धर्म नहीं पूछा क्योंकि परिवार में एक मां सबको एक समान देखती हैं।



कादीपुर में नुक्कड़ सभा को संबोधित करतीं सांसद मेनका गांधी। अमृत विचार

जिनके पास आवास नहीं थे उनको प्रधानमंत्री आवास दिलाया। जिनके घर में पानी नहीं था उनके लिए पानी की व्यवस्था कराई। यहां तक की विदेश में यदि किसी की मौत हुई तो समय से उसके वतन की मिट्टी भी दिलाने का काम किया।

सांसद मेनका गांधी ने रविवार कादीपुर विधानसभा क्षेत्र की कई नुक्कड़ सभा में यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि मेरा रिश्ता इस जिले से बहुत पुराना है। लेकिन मां का रिश्ता तबसे बना जब यहां पर वरुण ने चुनाव लड़ा था। नुक्कड़ सभाओं को भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, विधायक राजेश गौतम, नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल आदि ने भी संबोधित किया। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि श्रीमती गांधी ने कादीपुर विधानसभा के पलिया गोलपुर, कटसारी, मगरावां, भटौता, वहबुद्दीपुर, रामपुर दुबायल, उनुरखा, कुंदा भैरोपुर, महमूद नगर एवं कलान में स्थित पीजी कॉलेज परिसर में आयोजित सभाओं में शामिल हुई। इस मौके पर विधानसभा संयोजक आनंद द्विवेदी, सहकारी बैंक अध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह, जिला मंत्री राजेश सिंह, रवींद्र त्रिपाठी, भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी, प्रधान पलिया गोलपुर नीरज पांडेय, कोटेदार शचींद्र मोहन पांडेय, मोहित सिंह आदि मौजूद रहे।

# फंदे से लटकता मिला युवक का शव, मचा कोहराम

सुलतानपुर, अमृत विचारः शिवगढ़ थाना क्षेत्र के मलाक तुलापुर गांव निवासी पंकज उर्फ राहुल (30) पुत्र झगरू रैदास का शव रविवार की सुबह घर के अंदर पंखे के हुक में रस्सी के सहारे लटकता पाया गया है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

बताते चलें कि लगभग चार साल पहले राहुल की शादी सराय मकरकोला गांव की एक युवती से हुई थी। राहुल के दो पुत्री भी है। परिजनों के अनुसार पति-पत्नी में आये दिन झगड़े हुआ करते थे। इसी विवाद के कारण एक सप्ताह पहले पत्नी अपने मायके चली गई। राहुल की माता की मौत पहले ही हो चुकी है। जिससे घर पर भोजन बनाने की जिम्मेदारी राहुल पर आ पड़ी थी। रविवार की सुबह पिता पुत्र में किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद राहुल के पिता झगरू ई-रिक्शा चलाने चला गया। जिसके बाद राहुल ने पत्नी से बात कर घर में कमरे में चला गया। थोड़ी देर बाद कमरे के अंदर पंखे के हुक से राहुल का शव लटकता हुआ देखा गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव पीएम के लिए भेज दिया है। शिवगढ़ एसओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है।

## सार-संक्षेप




मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने मतदाताओं को किया जागरूक। अमृत विचार

### मेहंदी प्रतियोगिता के जरिए मतदान को किया जागरूक

▸▸ चांदा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय साढ़ापुर में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय साढ़ापुर में मतदाता जागरूकता के लिए अनोखे अंदाज में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आपका वोट आपकी ताकत, 25 मई को करें मतदान, विकास के लिए करें वोट, लोकतंत्र की मजबूती आपका वोट जैसे स्लोगन मेंहदी से हाथों पर उकेर कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। लोक सभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली सहित विविध प्रकार के उपक्रम किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पूर्व माध्यमिक विद्यालय साढ़ापुर के बच्चों के बीच मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विविध प्रकार के स्लोगन लिखें हाथ बच्चों को उत्साहित कर रहे थे। विद्यालय में ग्रीष्मावकाश के एक दिन पूर्व विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल देखा गया। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाचार्य सत्येंद्र सिंह ने बताया कि बच्चों में रचनात्मकता के विकास को लेकर के ऐसे आयोजन समय समय पर किया जाता रहता है। मतदाता जागरूकता अभियान एक राष्ट्रीय अभियान है। मतदाताओं को शत प्रतिशत वोट करना चाहिए। यह संदेश हर मतदाता तक पहुंचाना लक्ष्य है।

### घर से लाखों के आभूषण व नकदी चोरी

गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के द्वारिकागंज चौकी अंतर्गत चोरियां होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। तीन महा के अंदर चोरी की चार वारदात हो चुकी है। चोरों ने शनिवार की रात भरथीपुर गांव स्थित एक घर में छत के रास्ते जाकर लाखों रुपये की नकदी व सोने चांदी के गहने चोरी कर ले गए। भरथीपुर गांव रफाकत अली के घर में रखे 11,000 रुपये की नकदी व लगभग लाखों रुपए की सोने चांदी के गहने चोरी हुई है। वहीं, स्थानीय लोग का कहना है कि पुलिस की गस्त न होने से चोरियां बढ़ी है। पिछले माह हुई चोरियां अब तक पुलिस खोल नहीं सकी है। पीड़ित रफाकत अली ने बताया कि चोरों ने पूरे घर की अच्छी तरह से तलाशी ली और कीमती सामान चोरी किया। थाना गोसाईगंज पुलिस टीम ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक करने के अलावा पड़ोसियों से पूछताछ की जाएगी। जल्द ही खुलासा होगा।



कादीपुर कस्बे में लगा भीषण जाम। अमृत विचार

### कादीपुर कस्बे में जाम की समस्या हुई आम

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : कस्बे में जाम लगना आम बात हो गई है। आए दिन तो पटेल चौक एवं दोस्तपुर मार्ग पर लंबा जाम लग जाता है। कारण सिर्फ रोडवेज की बसों का बेतरतीब बाहर खड़े होना एवं दुकानों के सामने खड़ी हो रही बाइक है। पुलिस वालों और व्यवसाईयों की कड़ी मशक्कत के बाद जाम खोला जाता है। वहीं जाम लगने का कारण बने डग्गामार वाहनों को कानून का कोई डर नहीं है। बाजार में प्रतिष्ठानों के सामने बेतरतीब गाड़ी खड़ी कर वाहन चालक गायब हो जाते हैं। आए दिन व्यापारियों और वाहन चालकों में तू-तू-मैं-मैं होती रहती है। कादीपुर बाजार में शाहगंज रोड पर एवं सुलतानपुर रोड पर डग्गामार वाहनों के चलते आए दिन सुबह नौ बजे से रात तक बाजार सहित दूर से आने वाले लोगों को जाम के झाम से जूझना पड़ता है। व्यापारियों ने उन्हें बाजार से बाहर गाड़ी खड़ी करने की मांग की है। सड़क की पटरी पर अतिक्रमण करने व निजी सवारी वाहनों के कारण कादीपुर बाजार में जाम की समस्या बराबर बनी रहती है। प्रशासन भी इस समस्या से निजात दिलाने के लिए जैसे लगता है कि तैयार ही नहीं है। चौराहे पर पुलिस पिकेट बैठती है, लेकिन नाम मात्र के लिए। कोतवाली मुख्य चौराहे से लगभग सौ मीटर की दूरी पर है। लेकिन इस समस्या के समाधान के लिए गंभीर नहीं हैं। आए दिन घंटों का जाम लोगों के लिए सिरदर्द बन गया है, लेकिन प्रशासन इस समस्या का निदान करने में अक्षम साबित हो रहा है। उपजिलाधिकारी शिवप्रसाद का कहना है कि कादीपुर के जाम को लेकर हम गंभीर हैं। जल्द ही अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।

# विद्यालय सर्वेक्षण डेटा संग्रह विधि है: डॉ. शिल्पी

▸▸ शिक्षा शास्त्र विभाग में विद्यालय सर्वेक्षण विषय पर हुई कार्यशाला

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा बीए द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के प्रयोगात्मक कार्य विद्यालय सर्वेक्षण को सरल बनाने एवं समस्या समाधान हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की मुख्य वक्ता शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ शिल्पी सिंह ने कहा कि स्कूल सर्वेक्षण आयोजित करने का सबसे महत्वपूर्ण कारण यह है कि यह छात्रों, प्रशासकों और अभिभावकों के लिए विभिन्न स्कूल नीतियों के बारे में अपनी धारणाओं को संप्रेषित करने के लिए एक खिड़की के रूप में कार्य करता है। स्कूल सर्वेक्षण एक उपकरण है जिसका उपयोग विभिन्न हितधारकों से स्कूल में उनके अनुभवों और भलाई के बारे में प्रतिक्रिया एकत्र करने के लिए किया जाता है। यह एक डेटा संग्रह विधि है जो छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और अन्य स्टाफ सदस्यों के अनुभव में अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। कार्यशाला में देवेंद्र तिवारी, प्रिया गुप्ता, जान्हवी सोनी,सुप्रिया भारती, अंतिमा भारती, खुशी रावत, रुचि कनौजिया,मीरा कुमारी, माला प्रजापति, शिवानी, समर घोष, रेमिका राय, रुचि मिश्रा व रोशनी कुमारी मौजूद रहीं।

# भीषण गर्मी में बेपटरी हुई विद्युत आपूर्ति व्यवस्था

● रात भर ट्रिपिंग करती रही शहर की बिजली

● युवा कांग्रेस नेता के नेतृत्व में टीपी नगर उपकेंद्र पर प्रदर्शन

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः गर्मी में बेहतासा वृद्धि होते ही बिजली कटौती बढ़ गई है। शनिवार की रात से आधा दर्जन मोहल्लों की बिजली 20 घंटे से गुल है। जिससे 10 हजार से अधिक उपभोक्ता गर्मी से बेहाल है। बिजली कटौती अधिक होने से पेयजल संकट हो गया है। टीपी नगर व केएनआई उपकेन्द्र पर हुई फाल्ट दूर करने में 20 घंटे से अधिक समय लग गए। बिजली कटौती के विरोध पयागीपुर टीपीनगर उपकेन्द्र पर कांग्रेस नेता वरुण मिश्र के



टीपी नगर उपकेंद्र पहुंचकर हंगामा करते उपभोक्ता। अमृत विचार

नेतृत्व में उपभोक्ताओं ने प्रदर्शन कर विरोध भी जताया।

जिले का तापमान 43 डिग्री पहुंचने से आसमान से आग बरसने लगी है। गर्मी में इजाफा होने से बिजली कटौती अधिक होने लगी है। शहरी क्षेत्र में बिजली कटौती बढ़ गई है। शनिवार की रात केएनआई उपकेन्द्र पर शहर के फीडर में फाल्ट आने से रात दो बजे शहर के विनोबापुरी, पीडब्ल्यूडी समेत कई क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। रविवार को फाल्ट ठीक करने में बिजली कर्मी लगे रहे लेकिन शाम छह बजे तक फाल्ट दूर नही हो पाई थी। 20 घंटे से अधिक बिजली कटौती होने से पानी के लिए हाहाकार मच गया है। सुबह लोगों को नहाने व पीने का पानी हैण्डपम्प से भरकर लाना पड़ा। बिजली कटौती अधिक समय तक होने से इन्वर्टर भी जवाब दे गए। जिससे गर्मी से लोग बिलबिला उठे। घर में बच्चों व महिलाओं को अधिक समस्या हुई। टीपीनगर (ट्रांसपोर्टनगर) उपकेन्द्र से जुड़े कई मोहल्ले की बिजली आपूर्ति 72 घंटे से ध्वस्त है। जिससे उपभोक्ता परेशान हो गए है। बिजली कटौती से परेशान उपभोक्ताओं ने टीपीनगर उपकेन्द्र पहुंचकर प्रदर्शन कर विरोध जताया। उपभोक्ताओ ने कहाकि बिजली कटौती के बाद टीपीनगर के अधिकारी फोन नही उठाते है। इतना ही नही डाकखाना उपकेन्द्र से होने वाली सप्लाई रात में हर आधे घंटे पर ट्रिप होती रही।

## लोकसभा चुनाव

अमेठी लोकसभा के जगदीशपुर के लिए सोमवार को होगा मतदान, सुलतानपुर के 62 बूथ पर अमेठी में हैं शामिल

# जगदीशपुर आंशिक के लिए रवाना हुईं पोलिंग पार्टियां

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः अमेठी लोकसभा के जगदीशपुर आंशिक गांवों में मतदान कराने के लिए रविवार को पोलिंग पार्टियां रवाना की गई। मंडी समिति अमहट पर अधिकारियों की मौजूदगी में सुलतानपुर जनपद में आने वाले गांवों के बूथों के लिए पोलिंग पार्टी रवाना की गई। चुनाव ड्यूटी पर नहीं आने वाले कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया।

अमेठी संसदीय क्षेत्र में पड़ने वाले सुलतानपुर जनपद के शामिल गांवो में मतदान कराने के लिए 62 बूथ बनाए गए है।



अमहट मंडी परिषद से जगदीशपुर आंशिक को रवाना होती पोलिंग पार्टियां। अमहट मंडी परिषद का निरीक्षण करतीं डीएम।

जिस पर मतदान कराने के लिए रविवार को सुलतानपुर अमहट मंडी परिसर से पोलिंग पार्टी रवाना की गई। सात पोलिंग पार्टियां रिजर्व रखी गई है। यहां जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, कार्मिक अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक समेत अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में जगदीशपुर आंशिक के लिए पोलिंग पार्टियों को रवानगी कराई गई। जगदीशपुर आंशिक क्षेत्र में सोमवार को होने वाले मतदान के बाद ईवीएम जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज जनपद अमेठी में जमा की जाएगी।

### ड्यूटी पर नहीं पहुंचने वाले कर्मियों पर मुकदमा

जगदीशपुर आंशिक के लिए मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियों में शामिल कई कर्मचारी अनुपस्थित रहे। जिसमें ग्राम रोजगार सेवक दोस्तपुर बबलू, चकबंदी कार्यालय के अभिषेक सिंह के विरुद्ध सीडीओ के निर्देश पर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### कथा श्रवण व सत्संग से मोक्ष सम्भवः ब्रम्हर्षि देवदास

चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार : कोथरा खुर्द गांव में चल रही सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन वृंदावन धाम से पधारे ब्रम्हर्षि देवदास जी महाराज ने कहा कि नाम जप और कथा श्रवण तथा सत्संग से जीवन में मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है। कथा व्यास ने प्रभु के 24 अवतारों की कथा की चर्चा करते हुए कहा कि यह संसार भगवान का एक सुंदर बगीचा है। यहां चौरासी लाख योनियों के रूप में भिन्न-भिन्न प्रकार के फूल खिले हुए हैं। जब-जब कोई अपने गलत कर्मो द्वारा इस संसार रूपी भगवान के बगीचे को नुकसान पहुंचाने की चेष्टा करता है तब-तब भगवान इस धरा धाम पर अवतार लेकर सजनों का उद्धार और दुर्जनों का संघार किया करते हैं। समुद्र मंथन की कथा सुनाते हुए कहा कि मानव हृदय ही संसार सागर है। मनुष्य के अच्छे और बुरे विचार ही देवता और दानव के द्वारा किया जाने वाला मंथन है।

# आज 13 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे 18 लाख मतदाता

## कांग्रेस-भाजपा व बसपा प्रत्याशी के बीच देखने को मिलेगी टक्कर

चंद्रमोहन मिश्र ,अमेठी

**अमृत विचार** । पांचवें चरण में 14 लोकसभा सीटों के साथ अमेठी लोकसभा सीट पर चुनाव के पहले 18 मई की शाम को प्रचार-प्रसार थम गया है। सोमवार 20 मई को मतदान होना है। जिसके लिए जिला प्रशासन ने पूरी तरह से कमर कस लिया है। राजनीतिक दलों द्वारा भी ताबड़तोड़ रैलियां व जनसभा कर अपने-अपने पक्ष में मतदान करने की लोगों से अपील की गई है।

यहां भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी व इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा का सीधा मुकाबला है। इस सीट पर कुल 13 प्रत्याशी मैदान में है। जिसमें 2 महिला और 11 प्रत्याशी पुरुष हैं प्रत्याशियों में भाजपा से स्मृति इरानी, कांग्रेस व सपा गठबंधन से किशोरी लाल शर्मा, बसपा से नन्हे सिंह चौहान वहीं निर्दलीय प्रत्याशियों के तौर पर खुशीराम, जगदंबा प्रसाद यादव, उदय राज, चंद्रावती और सुरेंद्र कुमार हैं जबकि राष्ट्रीय नारायणवादी विकास पार्टी से मोहम्मद हसन लहरी, जनशक्ति समता पार्टी से दिनेश मौर्य, समझदार पार्टी से संतराम, संयोगवादी पार्टी से शैलेंद्र कुमार, मौलिक अधिकार पार्टी से भगवानदीन पासी मैदान में है।

इस क्षेत्र में 17,93098 कुल मतदाता है जिसमें पुरूष मतदाता की संख्या- 9,42,355 है। महिला मतदाताओं की संख्या- 8,53,478 है थर्ड जेंडर मतदाता की संख्या- 166 हैं। जातिगत समीकरण की बात करें तो ओबीसी मतदाता की संख्या- 4,63,816 है। दलित मतदाता की संख्या- 4,52,000 है मुस्लिम मतदाता की संख्या- 3,56,086 है। ब्राह्मण मतदाता की संख्या- 3,22,000 है क्षत्रिय मतदाता की संख्या- 2,02,196 है।

### मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां हुईं रवाना



मतपेटी के साथ मतदान स्थल को जाते मतदान कर्मी। अमृत विचार

**गौरीगंज, अमेठी।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन -2024 के दृष्टिगत जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज से पोलिंग पार्टियां रवाना की गईं। जिसका डीएम, एसपी व सीडीओ ने निरीक्षण किया। पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के लिए नवोदय विद्यालय में जगह पीने का पानी व बैठने की व्यवस्था प्रशासन द्वारा कराया गया था। जिससे कार्मिको को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। लोक सभा सामान्य निर्वाचन -2024 के दृष्टिगत जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज से पोलिंग पार्टियां रवाना की गईं। जिसका डीएम, एसपी व सीडीओ ने निरीक्षण किया। पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के लिए नवोदय विद्यालय में जगह पीने का पानी व बैठने की व्यवस्था प्रशासन द्वारा कराया गया था। जिससे कार्मिको को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।


### 1125 पोलिंग सेंटर व 1923 पोलिंग बूथ पर होगा चुनाव

केंद्रीय सुरक्षा बलों की मौजूदगी में अमेठी लोकसभा सीट के 1125 पोलिंग सेंटर और 1923 पोलिंग बूथ पर मतदान संपन्न होगा। जिसके लिए 12 कंपनी केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान, 1 कंपनी पीएसी, 483 इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर, 3583 हेड कांस्टेबल और 2500 होमगार्ड तैनात रहेंगे।

# स्मृति व केएल शर्मा की अग्नि परीक्षा आज

रमन पाण्डेय ,अमेठी





**अमृत विचार** । इंतजार की घड़ियां खत्म। नेता जी और उनकी पार्टी को जो कहना था, कह दिया। अब आपकी बारी है। सोमवार को सलोन, तिलोई, जगदीशपुर, गौरीगंज व अमेठी विधान सभा क्षेत्र की 17 लाख 86 हजार से अधिक मतदाता अपने बेशकीमती वोट से देश का भविष्य लिखेंगे।

इस चुनाव में स्मृति जुबिन इरानी और किशोरी लाल शर्मा की अग्नि परीक्षा होगी। फिलहाल इसमें से सलोन, तिलोई, जगदीशपुर विधान सभा चुनाव पर भाजपा का ही कब्जा है। जिन दो गौरीगंज और अमेठी विधान सभा सीटों पर समाजवादी पार्टी का कब्जा है। वह भी भाजपा के लिए ही वोट मांग रहे हैं। इसलिए लोक सभा चुनाव और दिलचस्प हो गया है। इंडी गठबंधन ने किशोरी लाल शर्मा को उम्मीदवार बनाया है तो भाजपा ने स्मृति जुबिन इरानी को मैदान में उतारा है। इस समय पांचों विधान सभा सीटों पर भाजपा का कब्जा होने से स्मृति की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। गठबंधन से प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा लोस चुनाव में पहली बार रण में उतरे हैं। किशोरी लाल शर्मा स्मृति ईरानी को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। भाजपा ने अपने उम्मीदवार को जिताने के लिए प्रमुख चेहरों में अमित शाह, योगी आदित्यनाथ, जेपी नड्डा, केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक से रैली, रोड शो और नुक्कड़ सभा कराकर समीकरण साधने की कोशिश कर चुके है। वहीं कांग्रेस ने अपनी साख बचाने और गठबंधन प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा को जिताने के लिए राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे प्रमुख चेहरों को अमेठी लोक सभा में उतारकर स्मृति ईरानी को मात देने के लिए रोड शो, नुक्कड़ सभा और जन संपर्क कर भरसक प्रयास किया है।

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 1786124 |
| महिला मतदाता | 848878 |
| पुरुष मतदाता | 937147 |
| ब्राम्हण | 15 फीसदी |
| क्षत्रिय | 13 फीसदी |
| वैश्य | 3 फीसदी |
| कायस्थ | 2 फीसदी |
| जाटव | 3 फीसदी |
| कोइरी | 10 फीसदी |
| खटिक आदि | 5 फीसदी |
| पासी | 2 फीसदी |
| कुर्मी | 5 फीसदी |
| मुस्लिम | 19 फीसदी |
| निषाद | 3 फीसदी |
| कुशवाहा | 2 फीसदी |

### पांच विधायक और एक राज घराने की प्रतिष्ठा दांव पर लगी

अमेठी। लोकसभा क्षेत्र की जिन दो विधान सभा सीटों पर सपा का कब्जा था उन्हें अब स्मृति ईरानी ने तोड़कर भाजपा के समर्थन में लाकर खड़ा कर दिया है। भाजपा विधायकों के अलावा सपा से बगावत कर चुके राकेश सिंह और महराजी प्रजापति भी भाजपा समर्थित प्रत्याशी स्मृति इरानी के लिए वोट मांगे। जामों रियासत एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल भैया की पत्नी ने भी स्मृति इरानी को जिताने के लिए लोगों से अपील की। भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए पांच विधायकों के साथ जामो राज घराने की भी प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। कांग्रेस भी अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा पाने के लिए पूरी जोर आजमाइश में लगी रही। हालांकि 17 लाख 86 हजार 124 मतदाता उम्मीदवारों के भविष्य को कल ईवीएम में कैद कर देंगे।

## जिलाधिकारी ने की शत-प्रतिशत मतदान की अपील

**अमेठी,अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी निशा अनंत ने जनपद के समस्त मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि 20 मई 2024 को प्रात: 7 :00 अपने बूथ पर जाएं और अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए देश के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया है कि गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए सभी मतदान केंद्रों पर छांव की पर्याप्त व्यवस्था की गई है मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी।

# पांचवें चरण का मतदान आज, नहीं दिखा पोस्टर युद्ध

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** अठारहवीं लोक सभा के गठन के लिए पांचवें चरण का मतदान सोमवार को होगा। इस बार दीवारों पर पोस्टर युद्ध बिल्कुल नहीं दिखा।

चुनाव की पूरी जंग सोशल मीडिया पर लड़ी गई। भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने जहां मतदाताओं के बीच सबसे अधिक समय गुजारे हैं। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने सबसे कम समय चुनाव प्रचार किया है। बसपा प्रत्याशी नन्हे सिंह चौहान सभी न्याय पंचायतों तक नहीं पहुंच पाए।17 मई के बाद आदर्श चुनाव आचार संहिता को पलीता लगाने में भाजपा और कांग्रेस दोनों आगे रही।

प्रचार के अंतिम दिन शाम को एक प्रभावशाली भाजपा नेता के घर पर बैठक के बाद चुनाव में दो प्रत्याशियों की ओर से मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए अपने अपने माध्यमों से धन बल के प्रयोग की चर्चाएं रविवार को दिन भर तैरती रहीं। समाजवादी पार्टी के दोनों विधायकों के साथ भाजपा और कांग्रेस के सभी बड़े नेता दिन भर इलेक्शन मैनेजमेंट में लगे रहे।बीबीएयू लखनऊ के पत्रकारिता के छात्र वेद प्रकाश ने कहा कि भाजपा ने पांच किलो राशन को मुद्दा बनाकर मतदाताओं के बीच खूब प्रचार किया,जवाब में चौथे चरण में कांग्रेस ने दस किलो राशन देने और युवाओं और महिलाओं के बैंक खातों में पैसे भेजने की बात की।यह एक तरह से मतदाताओं को प्रलोभन देना नहीं तो और क्या है। राजनीतिक दल भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों को पलीता लगा रहे हैं और आयोग तमाशबीन बना हुआ है।

वीरेंद्र विक्रम सिंह 'राणा' ने कहा कि चुनाव के पूर्व पार्टियों के कार्यकर्त्ताओं द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रलोभन दिए जा रहे हैं। स्थानीय नेता सुबह से शाम तक मतदाताओं को मैनेज करने का काम कर रहे हैं। कानूनन उम्मीदवार के चुनावी खर्च की सीमा तो है, लेकिन राजनीतिक पार्टियों के खर्चे पर कोई पाबंदी नहीं है।

## 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी एक का करें प्रयोग

**अमेठी, अमृत विचार** । जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने बताया है कि मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प केतौर पर 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत कर सकते है। जिलाधिकारी ने बताया कि 12 वैकल्पिक दस्तावेजो के सम्बन्ध में बताया है कि आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, बैंको डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र राज्य सरकार लोक उपक्रम पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान, सांसदो विधायकों विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी यूडीआईडी कार्ड सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार है।

# झांसा देकर युवती को बेचने का आरोप



मौके पर पूछताछ करती गंगाघाट पुलिस। अमृत विचार

संवाददाता, शुक्लागंज,उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शक्ति नगर निवासी एक युवती ने वहीं की निवासी एक महिला पर बहला फुसलाकर कानपुर ले जाने और नौकरी के साथ ही समाज सेवियों से पैसे दिलाकर बेचने का आरोप लगाया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। पहले तो बालूघाट चौकी इंचार्ज ने मामला रफा दफा करने में जुट गये। इंस्पेक्टर को जानकारी होने पर आरोपी महिला को हिरासत में लिया गया है। जहां पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

शक्ति नगर निवासी एक युवती ने रविवार को गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि मोहल्ले में रहने वाली एक महिला पर आरोप लगाते हुये बताया कि शादी के लिये पैसा तथा नौकरी का लालच देकर उसे ले जा रही थी। जब उसने पूछा कि उसे कहां ले जा रही हो तो वह बोली कि यहीं ले चल रहे हैं। यह बोलकर उसे किदवई नगर चौराहे तक लेकर चली गई। जिसके बाद नंदलाल चौराहा के पास महिला के पास फोन आया। इसी दौरान एक महिला और आ गई। जिस पर उसे शंका हुई कि वह उसे बहला फुसलाकर बेचने ले जा रही है तो वह चलती टेंपो से कूद गई और किसी तरह अपने घर पहुंची। जहां उसने परिजनों को आपबीती बताई। उसने बताया कि महिला के साथ कई और महिलाएं भी शामिल हैं। जो गिरोह बनाकर भोली भाली लड़कियों को अपने जाल में फंसा कर उन्हें बेचने का काम कर रही हैं। जिसके बाद परिजनों ने बालूघाट चौकी पुलिस को जानकारी दी लेकिन चौकी इंचार्ज ने मामले को रफा दफा करने में लग गये। इसी दौरान मोहल्ले के भी कई लोग गंगाघाट कोतवाली पहुंचे और महिला पर आरोप लगाये। जिसकी जानकारी कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति को हुई। जिस पर उन्होंने मामले को संज्ञान में लेते हुये आरोपी महिला को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ की जा रही है, यदि झांसा देकर बेचने या अन्य कोई बात प्रकाश में आती है तो महिला के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# सूरज दिखा रहा तेवर, गर्मी कर रही बेचैन

शुकुल बाजार , अमेठी



कड़ी धूप में पल्लू ढककर जाती महिलाएं।

**अमृत विचार** । सूरज की बढ़ती तपिश ने आम जन जीवन को बेहाल कर दिया है। तेज धूप से बचने को महिलाएं पूरे अंग वस्त्र को ढक कर निकल रही हैं। फिर भी प्रचंड गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। रविवार को तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रहा।

गर्मी से आम जनजीवन त्रस्त हैं सुबह 8:00 बजे से सूरज आग उगलने लगता है। जिससे लोगों को बाहर निकलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिससे व्यवसाय पर बुरा असर पड़ रहा है।

तेज धूप के कारण बाजार में भीड़ नहीं देखी जा रही है जिससे मार्केट में सन्नाटा पसरा हुआ है दोपहर बारह बजे सूरज ने आग उगलना शुरू की तो लोग पसीना-पसीना हो गए

छांव तलाशते दिखे लेकिन अपने कामकाज को लेकर बाहर निकलने वाले लोग गर्मी से बेहाल दिखे कहीं ठंडा पानी पीने को लोग इधर-उधर भटकते दिखे तो कहीं गन्ने का ठंडा जूस पीकर राहत महसूस करते दिखे।

### ठंडे पेय पदार्थ की हो रही खूब बिक्री

शुकुल बाजार में गन्ने के जूस बेचने वाले ठेले पर लोगों की भीड़ जुट रही है। लोग गर्मी से राहत के लिए ठंडा गन्ने का जूस का घूंट लेते नजर आए। आइसक्रीम और बर्फ की बिक्री भी भीड़ होती दिखी।

### नींबू-पानी, आम का पना व लस्सी का करें सेवन

नींबू पानी आम का पानी आम का पना लस्सी जैसे पेय भी लू से बचने में मदद करेंगे। धूप से वापस आने के बाद तत्काल फ्रिज का ठंडा पानी न पिएं सामान्य ठंडे पानी का प्रयोग करें। खीरा ककड़ी तरबूज जैसे पानी के स्रोत वाले फलों का ज्यादा से ज्यादा सेवन करें।

### स्मृति लीला टीकरा मवई केंद्र पर सुबह 8 बजे करेंगी मतदान

**अमेठी ,अमृत विचार।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दीदी स्मृति इरानी सोमवार को सुबह आठ बजे अपने गांव के मतदान केंद्र लीला टीकरा मवई के बूथ पर पहुंच अपना मतदान करेंगी। आम चुनाव 2019 में प्रचार के दौरान उन्होंने वादा किया था कि अमेठी का सांसद बनने के बाद यहीं अपना घर बनाऊंगी। अमेठी से पारिवारिक रिश्ता जोड़ने वाली दीदी स्मृति इरानी जी अब अमेठी से मतदाता हैं। ऐसा करने वाली वह अमेठी की पहली सांसद हैं। जिन्होंने अपने वादे के पूरा करने के लिए अमेठी में घर बनवाकर अपना पता बदल दिया। गौरीगंज के मेदन मवई गांव में अपना आवास बनाने के बाद उन्होंने मतदाता बनने के लिए आवेदन किया था। जिसके बाद उन्हें मेदन मवई गांव में मतदाता बनाया गया है।

## हाईवे किनारे पड़ा मिला युवक का शव

**संवाददाता, उन्नाव,अमृत विचार।** दही थानांतर्गत लखनऊ-कानपुर हाईवे किनारे एक 20 वर्षीय युवक का शव पड़ा देख क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहां मौजूद लोगों में किसी ने उसे पहचान लिया। सूचना पर परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया है। भाई के मुताबिक युवक को टीबी की बीमारी थी। क्षेत्र के गांव मुर्तजा नगर निवासी नौशाद (20) पुत्र मो. रसूल औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। रविवार रात करीब आठ बजे उसका शव हाईवे किनारे पड़ा मिला। जानकारी मिलने पर भाई पहुंचा और उसे पहचान लिया। भाई ने बताया कि नौशाद को टीबी की बीमारी थी। उसे खून की उल्टियां होती थीं। वह नशे का भी लती था। इससे उसे आएदिन दिक्कत बढ़ती रहती थी। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया है।

### फ्री सुविधाओं के लालीपाप पर रोक लगाने की मांग

**अमेठी, अमृत विचार** । भाकपा माले रेड स्टार के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी कामरेड वासुदेव मौर्य ने 2024के लोक सभा चुनाव में राजनीतिक दलों के घोषणा पत्र और मतदाताओं को साधने के लिए नेताओं के बयान पर सवाल उठाए हैं और भारत निर्वाचन आयोग से चुनाव के दौरान फ्री सुविधाओं के लालीपाप पर रोक लगाने की मांग की है। हाईकोर्ट के अधिवक्ता कामरेड वासुदेव मौर्य ने कहा कि मतदाताओं को लालीपाप देकर वोट हासिल करना एक राजनीतिक हथकंडा बन गया है।

## वर्ग पहेली-75

**बाएं से दाएं**

1.1. किसी स्थान पर प्रवेश हेतु लिखित अनुमतिपत्र, आज्ञापत्र 2. बिना टिकट लिए

3.1. लौटाना, वापस करना 2. उलटाना, बदलना।

6.1. कलकल की आवाज़ होना 2. शरीर में गरमी की अनुभूति होना 3. कुलबुलाना (शरीर का)।

7.1. झाड़ी, झुरमुट 2. बालों का जूड़ा, जुट्टी 3. पौधों या झाड़ियों का झुरमुट 4. घास-फूस का पूला, जूरी 5. समूह, झुंड 6. झोंटा।

8. गंधी, इत्रफ़रोश, गंधद्रव्य, सुगंधित पदार्थ।


**ऊपर से नीचे**

2.1. कुलबुलाने की अवस्था

4.1. चारों ओर से ठीक एवं दुरुस्त 2. चुस्त, फुरतीला।

5. निरुपाधि।

7.1. जोखिम 2. ज़िम्मेदारी, जवाबदेही, उत्तरदायित्व।



### वर्ग पहेली -74 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 झ | ■ | 2 उ | 3 प | जा | ति | ■ |
| न | ■ | ■ | रं | ■ | ■ | ■ |
| क | ■ | ■ | प | ■ | 4 बू | ढ़ा |
| 5 ना | मी | गि | रा | मी | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | नु | ■ | 6 शी | राँ |
| ■ | ■ | ■ | 7 ग | जा | ल | ■ |
| 8 सं | घ | टि | त | ■ | न | ■ |

## सुडोकू -154

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 4 | | 5 | | | | | | |
| | | | 2 | 7 | | | | |
| | 9 | | 3 | | | | | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | | | | 5 | 4 | | | |
| | | | | 4 | 6 | | | |
| | | 1 | | | | 4 | | 5 |
| 7 | | 3 | | | | | 8 | |

### सुडोकू -153 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 |
| 9 | 3 | 4 | 5 | 1 | 7 | 2 | 8 | 6 |
| 2 | 6 | 7 | 8 | 4 | 3 | 5 | 9 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 6 | 5 | 4 | 2 | 9 |
| 7 | 9 | 6 | 2 | 8 | 4 | 3 | 1 | 5 |
| 4 | 5 | 2 | 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 7 | 8 | 4 | 5 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 मई सोमवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 15 .58 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**मेष** — आज घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में उन्नति होने से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। शाम के समय आप किसी उत्सव में जा सकते हैं। इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे।

**वृष** — आज स्वास्थ्य काफी अच्छा और संतुलित रहेगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिंत होंगे। जॉब में आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। आपके मन में छाया हुआ अज्ञात भय आज दूर हो सकता है।

**मिथुन** — आज बच्चों के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। मित्रों के परामर्श पर गम्भीरता से ध्यान दें।

**कर्क** — आज यह धैर्य रखने का समय है। महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के दूसरे प्रहर तक कर लेना लाभकारी होगा। अधिकारियों के साथ आपको अच्छे संबंध रखने चाहिए। परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढालने का प्रयास करें।

**सिंह** — आज विदेश में शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को थोड़ा सावधान रहना चाहिये। ऑनलाइन व्यापार से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है। लोग आपके ऊपर पूर्ण विश्वास रखेंगे। मित्रों के साथ किसी गंभीर चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कन्या** — आज व्यर्थ की गतिविधियों में समय नष्ट न करें। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं इसलिए थोड़ी सी लापरवाही भारी पड़ सकती है। दिन की शुरुआत में आप अपने आप को काफी व्यस्त देख सकते हैं।

**तुला** — आज दिन की शुरुआत में आप अपने आपको काफी व्यस्त देख सकते हैं। शत्रुओं की गतिविधियों को हल्के में लेने की भूल बिल्कुल न करें। अनावश्यक कार्यों में आपको उलझना भी पड़ सकता है,किंतु आपकी योग्यता की लोग प्रशंसा भी करेंगे।

**वृश्चिक** — आज प्रणय संबंधों में कुछ अनबन देखने को मिल सकती है। कोई जरूरी निर्णय अचानक लेना पड़ेगा। निर्माण कार्यों को लेकर आपको लोगों की मदद लेनी पड़ सकती है। गलत कार्यों की तरफ आपका रुझान हो सकता है।


**धनु** — आज रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों को बड़ा नाम मिल सकता है। प्रेम संबंध काफी मधुर रहेंगे। कारोबार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। बड़े भाई-बहनों को लेकर प्रसन्नता रहेगी। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को उत्तम धन लाभ होगा।

**मकर** — आज महत्वपूर्ण बैठकों में आप सम्मिलित हो सकते हैं। व्यावसायिक लक्ष्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। आप भविष्य को लेकर निवेश की योजना बना सकते हैं। आलोचकों की बातों को ज्यादा महत्व न दें। सरकारी कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है।

**कुंभ** — आज धन हानि होने के योग बन रहे हैं। पड़ोसियों से आपका झगड़ा हो सकता है। आपके सभी काम रुक-रुक कर ही होंगे। ऑनलाइन कोई भी गतिविधि के दौरान सावधान रहें। अजनबी लोगों से ज्यादा मेलजोल न बढ़ाएं।

**मीन** — आज भोजन और बाकी दिनचर्या अनुशासित रखें। अनावश्यक विचारों के कारण आप अच्छे लोगों से दूर हो सकते हैं। परिजनों का सहयोग मिलेगा। आपको अपने अपमान का भय रहेगा। रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा पूर्ण रात्रि तक।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
चोरी मेरा काम — सुबह : 10 .02
तकदीर का तमाशा — रात : 07 .00

&pictures
महावीर नं. 1 — सुबह : 09 .10
तमाशा — रात : 08 .00

SONY PIX
कैप्टन फिलिप्स — सुबह : 10 .13
टार्जन — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
एक विवाह ऐसा भी — सुबह : 08 .30
अनोखा बंधन — दोपहर : 01 .50

colors CINEPLEX
डबल अटैक — सुबह : 11 .31
उगराम — शाम : 05 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक महिला रिक्शे वाले से- मैं तुम्हारे रिक्शे से उतरकर जा रही थी, फिर भी तुमने भाड़ा क्यों नहीं मांगा?
रिक्शा वाला- जी, मैं शरीफ औरतों से पैसे नहीं मांगता।
महिला-अगर मैं बिना भाड़ा दिए चली जाती तो?
रिक्शा वाला- मैं समझ जाता कि आप शरीफ नहीं हैं और फिर मैं भाड़ा मांग लेता।

हॉस्टल में रहने वाले पिंटू ने अपने दोस्तों से कहा-यार धोखा हो गया धोखा एक दोस्त- क्या हो गया?
पिंटू-यार घर से बुक्स के लिए पैसे मंगवाए थे,लेकिन घर वालों ने बुक्स ही भेज दीं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

सन्तोषस्त्रिषु कर्तव्यः स्वदारे भोजने धने।
त्रिषु चैव न कर्तव्योऽध्ययने जपदानयोः॥

व्यक्ति को अपनी ही पत्नी से संतोष कर लेना चाहिए, चाहे वह रूपवती हो अथवा साधारण, वह सुशिक्षित हो अथवा निरक्षर-उसकी पत्नी है यही बड़ी बात है।

## संपादकीय

# वृद्धि की राह पर भारत

भू-राजनीतिक स्थितियों की वजह से उथल-पुथल के दौर में भारत ने स्वयं को जिस तरह हालात के अनुसार ढाला, उससे स्पष्ट हो गया कि भविष्य में वैश्विक बाजार को आकार देने में भारत मुख्य भूमिका निभाएगा। वास्तव में भारत दशक की सबसे बड़ी वृद्धि की राह पर है। चीन, जापान और यूरोपीय देशों में बढ़ती उम्र वाली आबादी के विपरीत भारत की आबादी बढ़ रही है। तेजी से बढ़ती जनसंख्या और तीव्र आर्थिक विकास की वजह से भारत में ऊर्जा की मांग बहुत ज्यादा है। दीर्घावधि में 1-2 प्रतिशत के स्तर तक पहुंचने से पहले प्राथमिक ऊर्जा मांग अगले 10 वर्षों में सालाना 3-4 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। अहम सवाल यह है कि क्या भारत इस अवसर का लाभ उठा सकता है और किस हद तक? भारत ने काफी सावधानी से क्षेत्रीय जटिलताओं, चीन के साथ अपने संबंधों और इंडो-पैसेफिक क्षेत्र की रणनीतियों के मद्देनजर अपनी स्वायत्त नीति को बरकरार रखा। इसमें कोई शक नहीं कि भारत का ऊर्जा व्यापार क्षेत्र रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से बड़े स्तर पर प्रभावित हुआ है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए काफी हद तक आयात पर निर्भर है, खासकर तेल और गैस के मामले में।

ऊर्जा असुरक्षा बहुआयामी है, इसलिए जीवाश्म ईंधन से चलने वाली ऊर्जा प्रणाली से सौर, पवन, बायोमास, हाइड्रोजन आदि जैसी नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों में संक्रमण से जुड़ा एक सर्वव्यापी समाधान समय की मांग है। नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली न केवल ऊर्जा प्रणालियों की सामर्थ्य, सुरक्षा का वादा करती है, बल्कि वे टिकाऊ भी हैं। अधिक लचीली, समावेशी और स्वच्छ ऊर्जा प्रणाली बनाने में नवीकरणीय ऊर्जा एक निर्विवाद भूमिका निभाती है। भारत ने हाल के वर्षों में अपनी ऊर्जा आपूर्ति में विविधता ला दी है। यह वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और गैस आधारित अर्थव्यवस्था, हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहनों के माध्यम से अपने ऊर्जा परिवर्तन को पूरा कर रहा है। नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति सरकार की बिना शर्त प्रतिबद्धता के परिणाम स्वरूप, नवीन नीतियों और प्रोत्साहनों के साथ भारत ने धीरे-धीरे ऊर्जा के अधिक नवीकरणीय स्रोतों (सौर, बायोगैस, आदि) सहित हरित ऊर्जा परिदृश्य के लिए मंच तैयार किया है। भारत अभी भी अपनी 80 प्रतिशत से अधिक ऊर्जा जरूरतों को मुख्य रूप से तीन ईंधनोः कोयला, तेल और बायोमास से पूरा करता है। रूस-यूक्रेन संघर्ष की छाया वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्पष्ट रूप से दिख रही है। रूस-यूक्रेन संघर्ष ने भारत के व्यापक आर्थिक परिदृश्य और ऊर्जा क्षेत्र पर काफी प्रभाव डाला है। इसलिए भारत को अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है।

# विद्रोह और आतंकवाद में वैचारिकी का फर्क



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

भारत में ब्रिटिश राज के समय में भारत पर ब्रिटिश शासन के विरोध में सन् 1910 के बाद से भारतीय उग्रवादी समूहों ने कई हमले किए थे, लेकिन मकसद अलग था। ब्रिटिश लोग मूलतः एक कौम नहीं है, बल्कि अनेक एथनिक कम्युनिटीज की संकर नस्लों से बनी हुई एक केटेगरी मात्र हैं, लेकिन अब वे एक 'नेशनलिटी' हैं।

भगत सिंह के पैटर्न पर वैसा ही कारनामा कोई आज अगर करे तो? जैसे कि सांडर्स को गोली मार देना और पार्लियामेंट हाउस में सिर्फ धमाका पैदा करने और धुंआ फैलाने वाला बम फेंकना। क्या ऐसा करना 'देशभक्ति' होगी या आतंकी कार्रवाई? अभी कुछ दिन पहले भारतीय संसद में ऐसा हो ही गया था। इससे पहले 13 दिसंबर सन् 2001 को संसद भवन पर आतंकियों के हमले से यह घटना अलग उद्देश्य और तरीके वाली थी। सन् 2018 के जून महीना से लेकर अक्टूबर 2023 के बीच देश में कुल 119 आतंकी घटनाएं हुई हैं। इन सबका मकसद अलग रहा। इनमें जनजातीय हिंसक घटनाएं भी शामिल हैं। विभिन्न प्रकार के जनांदोलनों को भी कमतर समझ के लोग आजकल 'आतंकी' कार्रवाई मानते हैं।

भारत में ब्रिटिश राज के समय में भारत पर ब्रिटिश शासन के विरोध में सन् 1910 के बाद से भारतीय उग्रवादी समूहों ने कई हमले किए थे, लेकिन मकसद अलग था। ब्रिटिश लोग मूलतः एक कौम नहीं है, बल्कि अनेक एथनिक कम्युनिटीज की संकर नस्लों से बनी हुई एक केटेगरी मात्र हैं, लेकिन अब वे एक 'नेशनलिटी' हैं। पिछले तीन सौ सालों से ब्रिटिश ताज पर जर्मनी के हैनोवर वंश के लोगों का अधिकार है। स्कॉटलैंड बहुत बाद में इंग्लैंड के साथ मिला और बाद में आयरलैंड के उत्तरी हिस्से को भी जीतकर मिला लिया गया। अब यह यूनियन ऑफ इंग्लैंड, स्कॉटलैंड और आयरलैंड अर्थात् यूनाइटेड किंगडम कहा जाता है। स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के राष्ट्रीय ध्वज को मिलाकर ही यूनियन जैक बना। 12 अप्रैल 1606 को इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच इस शाही संघ का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक नया झंडा एक शाही डिक्री में निर्दिष्ट किया गया था जिसके अनुसार इंग्लैंड का झंडा, एक सफेद पृष्ठभूमि पर एक लाल क्रॉस, जिसे सेंट जॉर्ज क्रॉस के रूप में जाना जाता है और झंडा स्कॉटलैंड, नीले रंग की पृष्ठभूमि पर एक सफेद साल्टायर (एक्स-आकार का क्रॉस या सेंट एंड्रयूज क्रॉस), इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के ध्वज में शामिल हो था। इंग्लैंड के या यूरोप के इतिहास में सामंतशाही का युग बहुत ही क्रूरतापूर्ण रहा है। ग्रेट ब्रिटेन में विक्टोरियन एरा ही उन्नति का युग रहा जब अनेक क्षेत्रों में तरक्की होने के कारण ब्रिटिश लोग अपने टापुओं को छोड़कर साहसी नौवहन की परंपराओं से जुटाई गई जानकारी और संसाधनों के बल पर दुनिया के बहुत से इलाकों पर काबिज हो गए और एक एंपायर खड़ी कर लिया। क्रूरता और टेक्नोलॉजी खासतौर से फायरआर्म्स के बिना यह कैसे संभव था? अंग्रेजों ने भारत में संगठित और अनुशासित ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना के जरिए भारत की उन अनेक रियासतों को युद्ध में झोंककर और इन्हें जीतकर 'ब्रिटिश इंडिया' क्रिएट किया। इन्हें 'विजित प्रदेश' कहा गया और बहुत से इलाकों को 'सरंडर्ड टेरिटरी' कहा गया। भारत में इन्हीं तत्वों ने अंग्रेजों को हम पर बढ़त दी। पहले से कमजोर और डगमगाए हुए मुगल शासन को अंग्रेजों ने एक ही वार में ध्वस्त कर दिया, लेकिन यह आतंकी कार्रवाई नहीं कही गई। यह चकित करने वाली बात हमें इतिहासकार बताते हैं। एक अंग्रेज़ ने ही ऐसी किताब लिखी है जिसमें अंग्रेजों द्वारा भारत में मिलिट्री या पुलिस का इस्तेमाल करके जुल्म करने की पूरा विवरण एक समयक्रम से दर्ज है।

म्युटिनी से होते हुए आजादी के लिए पहली जंग तक पहुंचने की दास्तानों का बड़ा दस्तावेजीकरण हुआ है। रूस और फ्रांस की 'क्रांतियों' को भी विद्रोह की संख्या दी गई, लेकिन राजद्रोह तो किसी ने नहीं कहा।

टुकड़ों में बंटे हुए भारत का अंग्रेजों ने री-यूनिफिकेशन किया। गलत और सही का सवाल उठाए बिना तथ्यों के आधार पर इतिहास को देखना चाहिए और ऐसा सोचने से कि 'वह नहीं होता तो यह होता', कोई लाभ नहीं। 'हिस्ट्री इज नॉट ए सिमुलेशन ऑफ सिचुएशंस'। ऐसे में अगर ब्रिटिश एडमिनिस्ट्रेशन ने भगत सिंह को एक टेररिस्ट कहा तो उस समय की सोच और सिर्फ ब्रिटिश हित या 'इंडियन एंपायर' को ध्यान में रख कर कहा और आज के जमाने में माओवादियों, नक्सलियों, खालिस्तानियों और कश्मीर में सक्रिय आतंकी गुटों को आतंकी कहना इसलिए उचित है कि वे भारत में अमन चैन को ही अस्त-व्यस्त नहीं करते, बल्कि भारत की अखंडता पर आघात करते हैं। भावना किसकी उचित है, किसकी नहीं यह शासनकर्ताओं के मिजाज पर नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और प्रशासनिक दृष्टि से एक संप्रभु रहने वाली और राष्ट्रीयता के नाम पर एकजुट कौमों की सर्वोपरि इच्छा पर निर्भर है। अंग्रेजी राज के दौर में भी भारत सांस्कृतिक और प्रशासनिक दृष्टि से मोटे तौर पर एक 'संप्रभु' राष्ट्र रहा, लेकिन राजनैतिक संप्रभुता या प्रभुसत्ता किसी और अर्थात् सम्राज्यवादी अंग्रेजों के पास थी। इन अंग्रेजों में से 95 प्रतिशत से अधिक स्कॉटलैंड के थे या फिर एंग्लो-इंडियंस। इतिहास के किन्हीं पन्नों में दर्ज है कि भारत में अंग्रेजी हकूमत स्कॉट्स के बिना असंभव थी और इसे डाटकर रखना और भी मुश्किल। राजनैतिक प्रभुसत्ता की इच्छा और ताकत को साम्राज्य की कॉलोनी में अगर कोई चैलेंज करता है तो उसे निश्चित रूप से टेररिस्ट या आतंकी ही कहा जाएगा, ऐसा साम्राज्यवादियों के शब्दकोष में दर्ज होता है। संप्रभुता का हनन करने वाले के विरुद्ध अगर हिंसा का इस्तेमाल करते हुए जो भी मारा जाता है, उसे 'मार्टेयर' या देश पर प्राण न्योछावर करने की स्थिति में वीरगति होना या शहीद होना कहा जाता है। इसलिए इस बिंदु पर गौर करने के लिए हमें हिस्ट्री ऑफ टेररिज्म को देखना चाहिए। यह भी कि टेररिज्म और 'आर्म्ड रेजिस्टेंस फॉर फ्रीडम' के परिदृश्य में 'रेवलुशन' के नियम और आदर्श कैसे फिट बैठते हैं।

माओवादी और खालिस्तानी हों या श्रीलंका में लिट्टे तमिलियंस और कश्मीर के जिहादी इन्हें किसी भी माने में नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा खड़ी की गई आजाद हिंद फौज की स्थापना और मकसद की 'आइडियोलॉजी' से नहीं मापा जा सकता। मूल्यांकन का पैमाना ही मौलिक अंतर पैदा करता है, लेकिन सबसे अहम होती है संगठन की ताकत। स्टेट या राज्य के संगठन की ताकत अगर अधिक है या बड़ी है तो वह विरोधी को कुचल देती है। बेशक सुभाष चंद्र बोस की या लिट्टे के प्रमुख प्रभाकरन की 'आइडियोलॉजी' कितना भी सही क्यों न रही हों। अर्थात् गलत आइडियोलॉजी के साथ अगर ब्रिटिश लोग भारत पर अधिपत्य जमा कर बैठे रहे तो उन्हें किसी भी उपाय से देश से निष्काषित करना आइडियोलॉजी के अनुसार उचित है, यह बीसवीं सदी के दूसरे और तीसरे दशक के भारत के परिदृश्य में देखना होगा। यह या ऐसी आइडियोलॉजी किसी और रूप में भी सक्रिय होती है और हुई है। जैसे मोहनदास करमचंद गांधी का उदय और इनका क्रमशः विकास या पॉलिटिकल एव्ल्युशन जिसकी नींव अहिंसा और रचनात्मक विरोध न विद्रोह पर आधारित रही थी। गांधी जी कभी पॉलिटिकल व्यक्तित्व थे ही नहीं। वे हमेशा सोशियो पॉलिटिकल रहे और ब्रिटिश हकूमत को यह अहसास दिलाकर कि भारत पर उनका कब्जा खुद उनकी अपनी नैतिकता और ब्रिटिश लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर, उनके अपने पॉलिटिकल थिंकर्स की थ्योरीज और आइडियोलॉजीज के मुताबिक गलत और अनैतिक है, स्वाधीनता की ओर ले गए थे।

अराजकता (एनार्की), सशस्त्र विद्रोह या काउंटर टेररिज्म दुनिया के लिए नई बात नहीं है। आतंकवाद के इतिहास पर इसकी उत्पत्ति और क्रमशः विकास के बारे में हमारे पास सैंकड़ों की संख्या में आज पुस्तकें हैं। वैश्विक मानव थ्योरीज हमेशा से ही स्वतंत्रता को सर्वोपरि मानती रही है चाहे कबीलाई युग रहा हो, वर्तमान की लोकतांत्रिक या निरंकुश सरकारें या नाजायज सरकारों को चैलेंज करने वाली विद्रोही सेनाएं जो अनेक मुल्कों में, खासतौर से अफ्रीकी देशों सक्रिय हैं।

क्या पॉलिटिकल थ्योरिस्ट्स विद्रोह को क्रांति या क्रांति को बाद में विद्रोह कह सकते हैं? उदाहरण के लिए सन् 1857 में हिन्दुस्तान में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के लंबे समय से चले आ रहे अत्याचार पूर्ण रवैये, घोर अन्याय और शोषण के विरुद्ध ही तंग आकर भारतीयों ने सशस्त्र विद्रोह किया जिसे अंग्रेजों ने 'सीपाय म्युटिनी' कहा। भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम कहा गया। म्युटिनी से होते हुए आजादी के लिए पहली जंग तक पहुंचने की दास्तानों का बड़ा दस्तावेजीकरण हुआ है। रूस और फ्रांस की 'क्रांतियों' को भी विद्रोह की संख्या दी गई, लेकिन राजद्रोह तो किसी ने नहीं कहा।

भारत को स्वाधीन करने के लिए आतंकी उपायों का समर्थन गांधी जैसे युगपुरुष ने कभी नहीं किया, लेकिन आइडियोलॉजी के अंतर्गत भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को आम मुआफी (जनरल रेप्रीव) के लिए क्यों विचाराधीन न रखा गया, यह एक रहस्य ही बना रहेगा।

## प्रसंगवश

# राम मंदिर पर बुलडोजर



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

चुनाव प्रचार चरम पर है। इसके साथ-साथ प्रचार का स्तर भी उत्तरोत्तर घटिया होता जा रहा है। ऐसे में बड़े नेता को पुष्ट आधार वाली ही बातें कहनी चाहिए न कि निराधार, उत्तेजना फैलानी वाली कटूक्तियां। बाराबंकी, फतेहपुर, हमीरपुर आदि की जनसभाओं में कहा गया है कांग्रेस अयोध्या के निर्मित हो रहे राम मंदिर पर बुलडोजर चलवा देगी। सवाल उठता है कि क्या कांग्रेस ने ऐसा अपने घोषणा पत्र में कहा है? यदि नहीं तो ऐसा आधारहीन भाषण देकर सनसनी क्यों फैलाई जा रही है? बुलडोजरों से निर्माणों के ध्वस्तीकरण की परंपरा तो भाजपा ने डाली है और वाराणसी में विकास और नव निर्माण के नाम पर तमाम मंदिर गिराए भी गए हैं। जिस अयोध्या मंदिर का पूरा श्रेय लिया जा रहा है। वहां बाबरी मस्जिद के रहते रामलला का श्री विग्रह तो 23 दिसंबर, 1949 में ही प्रतिष्ठित कर दिया गया था, जब प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू थे। यह आधार न पड़ गया होता, तो बाद की कार्रवाईयां, मुकदमें बाजी, मस्जिद ध्वस्तीकरण आदि होता कैसे? गुजरात के सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार सरदार पटेल के प्रयासों से ही हुआ और ज्योतिर्लिंग स्थापना 11 मई, 1951 को डॉ. राजेन्द्रप्रसाद ने की थी। ये लोग कांग्रेसी ही थे। पुस्तक "फ्रीडम ऐट मिड नाइट" में उल्लेख है कि आजादी की रात राजेंद्र बाबू के दिल्ली आवास पर हवन हो रहा था। इस पुस्तक के लेखक अंग्रेज थे, कांग्रेसी नहीं। जवाहरलाल नेहरू ने अपनी वसीयत में लिखा था कि मरणोपरांत उनके शरीर की भस्म का एक भाग वायुयान से भारत की भूमि पर और शेष संगम (इलाहाबाद) में विसर्जित कर दिया जाए। उनकी पुस्तक "डिस्कवरी ऑफ इंडिया" में वेदों, उपनिषदों के विपुल संदर्भ आए हैं, जो वैदिक वाङ्मय के उनके गहरे अध्ययन के द्योतक हैं। ऐसे में स्पष्ट किया जाना चाहिए कि कांग्रेस शासनकाल में कितने मंदिर तोड़े गए और वर्तमान आशंका कि राम मंदिर पर कांग्रेस बुलडोजर चलवा देगी, का पुष्ट और विश्वसनीय आधार क्या है?

# हीट वेव जोखिम न्यूनीकरण के उपाय



डॉ. नन्द किशोर साह
इटावा

सभी विद्यालयों में पेयजल एवं पंखों की व्यवस्था सुनिश्चित हो। बच्चों को हीट वेव से बचने की ज्यादा से ज्यादा जानकारी दी जाए। अग्निशमन हर समय एक्शन मोड में रहें, जहां भी आगजनी की समस्या सुनने को मिले तत्काल कार्यवाही करें। जर्जर, टूटे हुए बिजली के खंभों को सही कर लिया जाए। सभी गौशालाओं में गायों के लिए पानी, छाया और हरा चारा व भूसे की पर्याप्त व्यवस्था, घायल व बीमार गौवशों के उपचार की समुचित व्यवस्था कर ली जाए।

जलवायु परिवर्तन एवं तापमान वृद्धि के कारण विश्व में गर्मी बढ़ रही है। भारत में भी एक गंभीर मौसमी घटनाओं के रूप में उभरी है। लू को प्राकृतिक आपदाओं में साइलेंट किलर के रूप में भी जाना जाता है। लू से बुजुर्ग, बच्चे गर्भवती महिलाएं बीमार, मजदूर, झोपड़-पट्टी में रहने वाले और आश्रय विहीन अधिक प्रभावित होते हैं। असंगठित और अनौपचारिक क्षेत्रों में काम करने वाले व्यक्तियों को जोखिम उठाना पड़ता है।

गर्मी के बढ़ते मौसम में हीट वेव की स्थिति, शरीर की कार्य प्रणाली पर प्रभाव डालती है। अगर प्रभावित व्यक्ति को तत्काल उचित उपचार न मिले तो व्यक्ति की स्थिति गंभीर हो जाती है। गर्मी सहन करने की एक सीमा होती है। तापमान में कोई भी अत्यधिक परिवर्तन उत्पादकता को भी प्रभावित करता है। ऐसे में हीट वेव से बचाव एवं न्यूनीकरण के संबंध में तैयारियां एवं जानकारी आवश्यक है।

इस संबंध में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा कानपुर में एक भव्य कार्यशाला का आयोजन कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जागरूक किया गया था। इसमें कानपुर मंडल की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया था। इटावा जनपद की ओर से मुझे भी प्रतिभाग करने का अवसर मिला था। उस कार्यशाला की प्रासंगिकता आज महसूस हो रही है। हीट वेव के प्रभावों को कम करने के लिए व्यक्ति को प्यास न लगने पर भी पानी पीते रहना चाहिए। तेज धूप होने पर बाहर न निकलें बच्चें। हीट वेव के दौरान बुजुर्गों, बच्चों और गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखना चाहिए। यदि बच्चों के पेशाब का रंग गहरा है तो इसका मतलब है कि वह पानी की कमी का शिकार हैं, उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाएं। किसी भी स्थिति में बच्चों या जानवर को बिना देखरेख के धूप में खड़ी वाहन में छोड़कर न जाएं, वाहन जल्दी गर्म होकर खतरनाक तापमान पैदा कर सकते हैं।

दोपहर के समय बीच बाहर सीधा धूप में बाहर जाने और कठोर परिश्रम वाली गतिविधियों से बचें। धूप में नंगे पांव न रहें। दिन में जब तापमान अधिक होता है, उस दौरान खाना पकाने से बचें। खाना पकाने के लिए हवादार, खुले दरवाजे और खिड़कियों वाले स्थान चुनें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड पेय से बचे, जो शरीर को निर्जलित करता है। उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न करें जितना हो सके घर के अंदर रहे।

यदि आप बेहोशी या कमजोरी महसूस करते हैं तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं, जहां तक संभव हो, तेज गर्मी के दौरान मवेशी को घर के भीतर रखें। जानवरों को किसी बंद आश्रय में न रखें। ध्यान रखें कि आपके जानवर पूरी तरह साफ हों, उन्हें ताजा पीने का पानी दें। हीट वेव से बचाव के लिए सामाजिक और प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित हो। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां छाया है, जहां पर लोगों का ठहराव होता हो, का चिन्हांकन कर जगह-जगह पर पीने के पानी के लिए प्याऊ की व्यवस्था की जाए। पानी के खराब हैंडपंप की मरम्मत कर ली जाए। समूह की बैठक कर लोगों को हीट वेव के बारे में बताया जाए। साथ ही साथ उसके बचाव के संबंध में जानकारी दी जाए।

सभी विद्यालयों में पेयजल एवं पंखों की व्यवस्था सुनिश्चित हो। बच्चों को हीट वेव से बचने की ज्यादा से ज्यादा जानकारी दी जाए। अग्निशमन हर समय एक्शन मोड में रहें, जहां भी आगजनी की समस्या सुनने को मिले तत्काल कार्यवाही करें। जर्जर, टूटे हुए बिजली के खंभों को सही कर लिया जाए। सभी गौशालाओं में गायों के लिए पानी, छाया और हरा चारा व भूसे की पर्याप्त व्यवस्था, घायल व बीमार गौवशों के उपचार की समुचित व्यवस्था कर ली जाए। स्थानीय मौसम की जानकारी के लिए जागरूक रहें। ग्रामीण क्षेत्रों में लू से बचने व बचाने के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार का प्रबंध हों। इससे हम लू से बचाव और जोखिम को कम कर सकते हैं।

## सोशल फोरम

# साहित्य बोध में परिवर्तन



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

सत्तर के दशक में बड़े-बड़े रचनाकारों की पलटन थी। उनमें से अच्छे-बुरे लेखक का भेद करना हम लोग अध्ययन और अनुभव से सीख रहे थे। उत्तर भूमंडलीय दौर में वैसे बड़े लेखक हैं नहीं और युवाओं में दूसरों की रचना पढ़ने का धैर्य कम हो रहा है। भले महत्वपूर्ण वरिष्ठ लेखक ही क्यों न हों, युवाओं की अभिरुचि अपनी पकी-अधपकी रचना पढ़वाने में ज्यादा है। सत्तर के दशक में हम एक-दूसरे के साथ संवाद और बहस करते हुए अपना विकास करते थे, उत्तर भूमंडलीय दौर में नए से नए रचनाकार को केवल अपनी प्रशंसा स्वीकार है, कमी निकाली नहीं कि गए काम से।

सत्तर के दशक में लघु पत्रिकाओं में छपना मान्यता और प्रसिद्धि के लिए मूल्यवान होता था, इसलिए बड़ी पत्रिका में छपने वाले लेखक मुड़कर लघु पत्रिकाओं की ओर आए। उत्तर भूमंडलीय दौर में वैसी आंदोलन परक लघु पत्रिकाएं रही नहीं, रचनाकारों को उनकी जरूरत भी नहीं है, सोशल मीडिया हर मंच का विकल्प और स्थानापन्न है। सत्तर के दशक में विचारधारा का महत्व बहुत अधिक था। उत्तर भूमंडलीय दौर में अस्मिता ने उसका स्थान ले लिया है। विचारधारा का मोल था तो रचनाओं का मूल्यांकन भी होता था, अस्मिता का समय है तो मूल्यांकन के बदले अनुमोदन और भर्त्सना रह गई है। मूल्यांकन के लिए रचना की विषय वस्तु और कलात्मक प्रयोग, रचना का सामाजिक संदर्भ और मनोवैज्ञानिक प्रभाव, परंपरा से संबंध और नवीनता में योगदान आदि अनेक पक्षों पर ध्यान देना आवश्यक था। मैं यह नहीं मानता कि पहले सब अच्छा था, अब पतित है। इसे ऐतिहासिक दृष्टि से परिवर्तन कहना उचित है। जैसे वाल्मीकि की ऊंचाई पर कोई दूसरा नहीं पहुंचा वैसे भवभूति की उदात्तता तक और कालिदास के सौंदर्य बोध तक कोई दूसरा नहीं पहुंचा। अस्मिता वादियों के गाली देने पर भी तुलसीदास के काव्यात्मक धरातल तक कोई दूसरा नहीं पहुंचा, निराला के करुणा-सौंदर्य-औदात्य तक दूसरा नहीं पहुंच पाया। फिर भी वाल्मीकि से निराला तक साहित्य का विकास होता आया है। यह क्रम आगे भी चलेगा, लेकिन तभी जब हम उत्तेजना से नहीं, विवेक से परिचालित होकर प्रयत्न करेंगे।

**-फेसबुक वॉल से**

# डिजिटल यूटोपिया में सकारात्मक रिश्ते हुए दुर्लभ



प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

सोशल मीडिया के माध्यम से आज हमारे पास एक बहुत बड़ी दुनिया है, जो कमरे में बैठकर सोशल होना सिखाती है। इस बड़ी सी दुनिया से हमारी छोटी सी दुनिया की अक्सर झपट हो जाती है। बड़ी दुनिया के बड़े तौर तरीके छोटी वाली दुनिया झेल नहीं पाती। बड़ी दुनिया छोटी सी स्क्रीन पर बड़ी-बड़ी लफ्फाजियां दिखाती है। कमरे में बैठा छोटा सा आदमी फंस जाता है और छोटी सी स्क्रीन के सहारे वह बड़ी वाली दुनिया का हिस्सा बनने का मुगालता पाल लेता है और इसमें तो खुली आंखों से जादू किया जाता है। देखते ही देखते सामने वाला आदमी फोन की स्क्रीन में डूब जाता है और बगल में बैठे सोसायटी के दूसरे सज्जन तक उसकी गुमशुदगी की आहट नहीं पहुंचती। इस प्रकार इक्कीसवीं सदी में हर व्यक्ति आभासिक सामाजिक जीवन आभासिक खुशी से व्यतीत कर रहा है।

आभासिक सत्य और खुशियों की दुनिया कितनी सत्य एवं कितनी खुश है। ये दुनिया है स्टेटस पर लगे जबरदस्ती हंसते-चेहरों की दुनिया, फेसबुक पेज पर इठलाते घुम्मकड़ों की दुनिया, इंस्टा पर मचलते युवाओं की दुनिया। इन सबको देखो और थोड़ी बहुत टीवी पर आदर्शवादी खबर चैनल सुन लो तो लगता है रामराज्य आ ही गया। पर क्या आ ही गया? इस खुशनुमा आभास को तकनीकी और नई भाषा में मैं "डिजिटल यूटोपिया" कहूंगी और इस डिजिटल यूटोपिया के सामने रखूंगी" डिजिटल डिस्टोपिया", जो इस तथाकथित खुशनुमा दुनिया के विपरीत है। डिजिटल यूटोपिया (डिजिटल रामराज्य) वास्तविक जीवन में डिस्टोपिया (रामराज्य की उलट व्यवस्था) का निर्माण कर रहा है। डिजिटल जीवन मूल जीवन का सारा डाटा खत्म किया जा रहा है। इस जीवन की जीबी सोशल अकाउंट्स की लाइफ पर खर्च हो जा रही है और जीवन का डिवाइस सूना सूना, बिना नोटिफिकेशन का रह जाता है।

इतना इंस्टा-फेसबुक ये और वो के बाद भी सामाजिक जीवन के लाभ नहीं मिल पा रहे। सामाजिक जीवन के लाभ थे तनाव मुक्ति, एकाकीपन और मन से निवृति पाना, दूसरे को समझना, मन की तरंगों की अनुभूति करना, किसी अन्य को अपनी तरंग ऊर्जा से परिपूरित करना। ये सब संभव है जब सचमुच की दुनिया में सामाजिकता निभाई जाए और सचमुच के सामाजिक व्यक्ति पर ढोंग की सामाजिकता का वक्त भी नहीं होगा। आभासी दुनिया डिजिटल प्रणाली की सामाजिकता निभाने में सबसे ज्यादा तनावग्रस्त एवं एकाकी लोग मिल रहे हैं।

इस डिजिटल दुनिया में ताबड़तोड़ मारधाड़ के गेम्स और पत्थर प्रधान एवेनजर्स जैसी फिल्में हैं, जो जीवन के मानक तय कर रही है। कुल मिलाकर कहूं तो नकारात्मक सामाजिकता का प्रसार हो रहा है। सकारात्मक रिश्ते बड़े दुर्लभ हुए जा रहे हैं।



अबूझमाड़ का जनजातीय समाज जो मेलजोल की पारंपरिक संस्कृति का वाहक है। हाथों में हाथ डालकर नृत्य करना इनकी संस्कृति है, वे भी नृत्य करते समय मेल प्रेम का हाथ नहीं, बल्कि मोबाइल पकड़े हुए हैं।

# लोकसभा चुनाव में संविधान की गूंज



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

विपक्ष की बात तेजी से फैली और उसका असर होते देख प्रधानमंत्री को उसको बेअसर करने के लिए कहना पड़ा संविधान को बाबा साहब आंबेडकर भी आ जाएं तो भी खत्म नहीं कर सकते।

चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होने से पहले ही विपक्ष ने संविधान को मुख्य मुद्दा बना दिया था। जैसे-जैसे तिथियां नजदीक आती गईं, बल्कि चुनावी प्रक्रिया शुरू होती गई उतनी ही तेजी से संविधान की गूंज तेजी से बढ़ती गई और निरंतर जारी है। सत्ताधीशों द्वारा प्रचंड रूप से सत्ता के हिंदुत्व के एजेंडे के सामने और कोई बात इतनी असरकारी हो नहीं सकती थी, क्योंकि जो हिदुत्व का दर्शन भाजपा का है उसमें सबसे अधिक संविधान के लाभकारी लोग ही हैं जिसमें पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति / जनजाति वर्ग सरकारी नौकरी व शिक्षा के प्रावधान से लाभान्वित लोग हैं।

संविधान खत्म करने की बात भाजपा के इस नारे से चली अबकी बार चार सौ पार यह अति उत्साही नारा था। एक बार तो भाजपा के कार्यकर्ताओं व समर्थकों में ऊर्जा का संचार हुआ। कांग्रेस के राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, बिहार से तेजस्वी यादव, महाराष्ट्र से उद्धव ठाकरे, बंगाल से ममता बनर्जी झारखंड से कल्पना सोरेन जो कि निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी हैं, आप पार्टी के संजय सिंह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आदि विपक्ष के नेताओं ने सत्तापक्ष पर एक ही वार किया कि भाजपा चार सौ पार इसलिए चाहती है कि संविधान खत्म कर सकें। कमजोर वर्गों का हिंदुत्व का तिलिस्म टूटने लगा और भाजपा से मोह भंग होने लगा।

यह पूरी तरह नहीं कहा जा सकता कि सभी बहुजन नाराज हैं। कहीं खुद की जाति के उम्मीदवार तो कहीं सरकारी योजनाओं से लाभकारी कमजोर वर्ग उनके पाले में हैं, लेकिन काफी हद तक लोगों के जेहन में यह बात पहुंच गई कि संविधान खत्म तो उनकी गरिमा खत्म, जो कि संविधान उन्हें समानता की गारंटी देता है। संविधान कमजोर वर्गों के लिए संवेदनशील मुद्दा ही नहीं है, बल्कि संविधान तो सभी देशवासियों के लिए है जिससे सभी के हित सुरक्षित हैं। विपक्ष की संविधान पर की गई बात तेजी से फैली और उसका असर होते देख प्रधानमंत्री को उसको बेअसर करने के लिए कहना पड़ा संविधान को बाबा साहब आंबेडकर भी आ जाएं तो भी खत्म नहीं कर सकते।

1952 से अब तक के लोकसभा चुनाव में सत्ता के खिलाफ संविधान मूल मुद्दा कभी नहीं रहा, रहा हो मेरे जेहन में नहीं है। आज संविधान व आंबेडकर की बदौलत डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, कलेक्टर, पुलिस कप्तान, सांसद, विधायक योग्यताओं को प्राप्त करते हुए का सपना देख सकता है। मुझ जैसे साधारण व्यक्ति की कलम भी कुछ लिखने योग्य है, जबकि मेरे पिता बहुत शिक्षित नहीं थे और बाबा बिल्कुल निरक्षर, जो कि रेलवे में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी थे। वे मुश्किल से टेढ़े-मेढ़े शब्दों में हस्ताक्षर कर पाते थे।

एक नजर

## लावारिस मवेशी के हमले से महिला घायल

हलिया (मिर्जापुर)। हलिया थाना क्षेत्र के कोटार गाँव निवासी विध्यवासिनी सिंह की 40 वर्षीय पत्नी दुर्गा सिंह सुबह 6 बजे घर से किसी कार्य से बाहर जा रही थी कि लावारिस मवेशी अचानक पीछे से हमला करने लगा। जब तक महिला कुछ समझ पाती तब तक दोनों पैर सहित पूरे शरीर में मारकर गम्भीर रूप से चोटिल कर दिया। महिला की चीख पुकार सुन कर पहुंचे परिजनों ने लाठी डंडे से मवेशी को खदेड़ कर भगाया तब जाकर जान बची।

## पैसे के लेन-देन में विवाद, वृद्ध पर किया टांगी से वार

चुनार (मिर्जापुर)। कोतवाली क्षेत्र के लहरौरा गांव में शनिवार की रात में पैसा लेनदेन को लेकर हुए विवाद में वृद्ध के सिर पर टॉगी से वार कर दिया। जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल वृद्ध का वाराणसी स्थित ट्रामा सेंटर में चल रहा उपचार। क्षेत्र के गगोदरा निवासी 62 वर्षीय नरेंद्र प्रताप सिंह से लहौरा गाँव निवासी राजेंद्रजें बिंद ने पैसा लिया था। शनिवार शाम पैसे के लेन देन मे विवाद हो गया। राजेंद्र बिंद ने नरेंद्र प्रताप के सिर पर लोहे के टाँगी से वार कर लहुलुहान कर दिया।

## दिव्यांग ने चार के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के मुड़पेली नैडिहवा गांव निवासी दिव्यांग सीताराम ने रविवार को थाने में तहरीर देकर गांव के चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। तहरीर में बताया है कि शुक्रवार की रात्रि में पत्नी छोटकइली हैंडपंप पर पानी भरने के लिए गई थी। पुरानी रंजिश से मनमोहन,ब्लस्टर,गरीब, हरिदास गाली गलौज देते हुए पानी भरने से रोकने लगे बीच बचाव करने पर बेटे बुध्दिमान व लवकुश को भी मारपीट कर घायल कर दिया है ।

## हाथ काटकर युवक की हत्या, शव बरामद

राजगढ़ (मिर्जापुर)। राजगढ़ थाना क्षेत्र के रैकरा गांव निवासी श्याम कोल (21) पुत्र अमृतलाल तीन दिन पहले अपने मौसी के घर गया था। शनिवार की दोपहर बाद तीन बजे वह मौसी के घर से अपने घर लौटा। शाम पांच बजे अपने घर से साइकिल लेकर निकला। इसके बाद घर वापस नहीं आया। रात को घर न लौटने पर परिजन परेशान हो गए। पुलिस ने मन्दिर में छानबीन किया तो धारदार हथियार हंसिया भी बरामद हुआ, जिससे हाथ काटा गया था। पुलिस ने आसपास छानबीन की तो 500 मीटर दूर एक बोरिंग मशीन के पास श्याम कोल का शव बरामद हुआ। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वह मजदूरी करता था। पुलिस ने बरामद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# कांग्रेस और सपा के गठजोड़ पर अनर्थ जरूर होता है : योगी

चुनावी तीर

- कांग्रेस के गढ़ रामपुर खास में गरजे मुख्यमंत्री
- बोले, कांग्रेस और सपा को नहीं लगाने देंगे जजिया कर

संवाददाता, प्रतापगढ़



रामपुर खास में चुनावी जनसभा में लोगों का अभिवादन स्वीकारते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को कांग्रेस के गढ़ रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र के नया का पुरवा में भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह लोग आपकी संपत्ति का सर्वे कराकर उस पर बड़ा टैक्स लगाना चाहते हैं। कांग्रेस और सपा (विरासत टैक्स) औरंगजेब का जजिया कर लगाना चाहती है। इसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। कांग्रेस,सपा को जजिया कर लगाने नहीं देंगे।

मुख्यमंत्री कहा कि कहा कि जब-जब इन दोनों (कांग्रेस और सपा) का गठजोड़ होता है, तब-तब अनर्थ जरूर होता है। उन्होंने कुछ वर्ष पूर्व वाराणसी में संकट मोचन मंदिर में हुए बम विस्फोट का उदाहरण देते हुए कई घटनाओं का जिक्र किया। कहा कि कांग्रेस के समय में आतंकी घटनाएं होती थीं। इन घटनाओं के समय उत्तर प्रदेश में सपा और केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। इनके समय तमाम आतंकी घटनाएं घटती थीं, आज जब भारत में पटाखा भी फूटता है, पाकिस्तान सफाई देने लगता है कि उसका इसमें कोई हांथ नहीं है। वह जानता है कि भारत अब छोड़ने वाला नहीं है। योगी ने कहा कि सपा के शासन में बेटी और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। व्यापारी और बेटियां किस तरह अपने आपको असुरक्षित महसूस करती थीं, याद है न। आज हमनें सबसे पहले व्यापारी भाइयों और मां-बहनों को सुरक्षित करने का काम किया है।

भीड़ देख गदगद योगी ने लोगों के हांथ उठाकर कहा कि चार चरणों के चुनाव हो चुके हैं, अब तक पूरे देश के अंदर पहले ही अनुमान लगाया जा चुका है। आगे क्या होने जा रहा है। चार जून के परिणाम के बारे में जनता को पहले से पता चल गया है। जीतेंगे तो मोदी ही। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा के पिछले दस वर्ष के कार्यकाल की तमाम उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि भारत का कायाकल्प हो चुका है। पहले आतंकी घटनाएं घटित होती थीं, नक्सली घटनाएं आए दिन देश में होती थीं। आज हर क्षेत्र में आतंकवाद समाप्त है, नक्सलवाद समाप्त हो चुका है।

### हाथ उठवा कर लोगों को दिलाया संकल्प

योगी ने अपने भाषण के अंत में अयोध्या में दिव्य राम मंदिर के निर्माण का प्रसंग छेड़ते हुए कहा कि अब आप लोग अयोध्या को नहीं पहचान पाएंगे। राम भक्तों से हाथ उठवाया। कहा, रामभक्त जहां भी रहेंगे, लोक के हित के बारे में सोचेंगे, गरीब के बारे में सोचेंगे। जो राम द्रोही हैं, वे आतंकवादी हैं, राष्ट्रद्रोही भी हैं। याद है न सपा ने आपके नौजवानों को नौकरी देने से टरकाया था, आप उनको वोट से टरका दीजिएगा।

### प्रतापगढ़ के आंवले व रसमलाई की प्रशंसा की

सीएम योगी ने हर बार की तरह इस बार भी प्रतापगढ़ के आंवले का जिक्र किया। कहा कि सभी बीमारियों का एक इलाज आंवला। सीएम ने सम्बोधन में सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य की रसमलाई की भी तारीफ की। सौ पढ़ा न एक प्रतापगढ़ वाली कहावत को भी दोहराया। इस पर उपस्थित जनसमूह ने जमकर तालियां बजाई। संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, विवेक उपाध्याय ने किया। पूर्व मंत्री सुरेश राणा, पूर्व मंत्री मोती सिंह, पूर्व मंत्री प्रो. शिवाकांत ओझा, पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह, कौशलेंद्र पटेल, विधायक राजेन्द्र मौर्य, विधायक जीतलाल पटेल, एमएलसी उमेश द्विवेदीमौजूद रहे।

# सपा ने कारसेवकों पर चलवाई थीं गोलियां, लेटे हनुमानजी मंदिर का बनेगा कॉरिडोर

## अमित शाह बोले- ये पीओके हमारा है, हमारा रहेगा हम इसे वापस लेकर रहेंगे

संवाददाता, प्रयागराज



जनसभा में गदा लहराते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल बाबा, आज प्रयागराज की पवित्र धरती पर मैं कह कर जा रहा हूं, ये पीओके हमारा है, हमारा रहेगा और हम इसे वापस लेकर रहेंगे।अमित शाह ने कहा, यह कुंभ का क्षेत्र है, विरासत की भूमि है। यहां नरेन्द्र मोदी निषादराज पार्क का निर्माण करा रहे हैं। लेटे हनुमान जी मंदिर के सामने बड़ा कॉरिडोर बनाने की तैयारी है।

गृह मंत्री ने कहा कि पूरा 'इंडी' गठबंधन अपने बेटे-बेटियों के लिए राजनीति करता है। उन्होंने कहा कि लालू, सोनिया , उद्धव , स्टालिन अपने-अपने बेटों को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। जिले के यमुनापार मेजा तहसील के सोरांव पाती गांव में इलाहाबाद सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, "जो लोग अपने बेटे-बेटियों के लिए राजनीति करते हैं क्या वे आपका भला कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि 'इंडी' (इंडिया) गठबंधन कहता है कि उनकी सरकार आएगी तो वे अनुच्छेद 370 फिर से लागू करेंगे, तीन तलाक वापस लाएंगे, नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) हटाएंगे और परमाणु हथियार नष्ट करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि ये 'इंडी' गठबंधन देश को आगे नहीं बढ़ा सकता।

गृह मंत्री ने कहा, ये कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) की सरकारों ने 70 साल तक राम मंदिर को अटकाए रखा। सपा सरकार ने कारसेवकों पर गोलियां चलवाईं और हमारे रामभक्तों को मारने का काम किया। आपने मोदी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया। मोदी ने केस जीता, भूमि पूजन किया और 24 जनवरी को प्राणप्रतिष्ठा समारोह के साथ 'जय श्री राम' कह दिया।

उन्होंने कहा कि जब ट्रस्ट (न्यास) ने इनको (विपक्षी दलों को) प्राणप्रतिष्ठा में शामिल होने का निमंत्रण भेजा तो वो लोग नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि सोनिया भी नहीं पहुंचीं, राहुल बाबा, अखिलेश और डिंपल भाभी भी नहीं पहुंचीं, ये इसलिए नहीं पहुंचे क्योंकि अपने वोटबैंक से डरते हैं, उनके वोटबैंक आप नहीं, बल्कि वे घुसपैठिए हैं।

शाह ने कहा कि मोदी ने अपने धर्म के सभी सांस्कृतिक केंद्रों को ऊर्जावान बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि एक ओर रामभक्तों पर गोली चलाने वाले हैं तो दूसरी ओर राम मंदिर बनवाने वाले मोदी हैं, जनता को दोनों के बीच चुनाव करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, 2017 में योगी की सरकार आई और उन्होंने चुन चुनकर माफियाओं को खत्म कर प्रदेश में सुरक्षा सुनिश्चित करने का काम किया है। कार्यक्रम में इलाहाबाद सीट से निवर्तमान सांसद रीता बहुगुणा जोशी, प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' भी मौजूद थे।

### मोदी सरकार के धारा 370 हटाने के बाद कश्मीर में किसी की कंकड़ चलाने की हिम्मत नहीं है: अमित शाह

जौनपुर : केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जौनपुर में कहा कि पीएफआई पूरे देश को इस्लामिक स्टेट बनाना चाहता है। मोदी जी ने 100 जगहों पर रेड डलवाकर पीएफआई वालों को जेल में डालने का काम किया। गृह मंत्री ने आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि जब तक भाजपा कि सरकार रहेगी या संसद में एक भी सांसद रहेगा तब तक दलितों और पिछड़ों का आरक्षण समाप्त नहीं होगा। । कहा कि जब प्रदेश में सपा की सरकार थी तब गुंडाराज था। आज पूरी तरह से माफियाराज समाप्त हो गया है। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेपी संतोष पटेल जिलाध्यक्ष रामविलास पाल सीमा द्विवेदी बृजेश सिंह प्रिंसू अवधेश सिंह सुषमा पटेल मनोज सिंह अजय सिंह नीरज सिंह पंकज मिश्र आमोद सिंह इंद्रसेन सिंह परविंद्र चौहान श्याम दत्त दुबे प्रहलाद यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# इत्र, इमरती और ईमानदारी के लिए प्रसिद्ध है जौनपुर : योगी

संवाददाता, जौनपुर



जनसभा में गदा लहराते मुख्यमंत्री।

**अमृत विचार।** जौनपुर के शाहगंज स्थित नेशनल इंटर कॉलेज पट्टीनरेंद्रपुर में सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित किया।उन्होंने मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर के लिए वोट कर चुनाव जिताने की अपील की। लगभग 25 मिनट के अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जौनपुर के इत्र की खुशबू और यहा के इमरती की मिठास तथा यहां के लोग इमादारी के लिए प्रसिद्ध हैं। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह सैनी अशोक चौरसिया, आमोद सिंह, मंत्री गिरीश चंद्र यादव, मंत्री अनिल कुमार, जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, रमेश चंद्र मिश्र विधायक बदलापुर, रमेश सिंह विधायक शाहगंज, राम चंद्र मिश्र, अनिल तिवारी, अमरनाथ यादव सुनील तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## चोरों ने ताला तोड़कर कंप्यूटर व प्रिंटर उड़ाया

**केराकत, अमृत विचार।** जौनपुर चंदवक थाना क्षेत्र के रतनुपुर बाजार स्थित बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक के शटर का ताला तोड़कर घुसे। रात में ही बैंक अफसरों के साथ पहुंची पुलिस ने छानबीन की। चोर बैंक के शटर का ताला तोड़कर बैंक में घुस गए। अंदर घुसे चोरों ने सबसे पहले सीसीटीवी कैमरों के तार, इनवर्टर के तार, बिजली के तार व सोलर के तार काटे और फिर स्ट्रांग रूम का ताला तोड़ने का प्रयास किया। विफल रहने पर चोर बैंक में रखे एक कंप्यूटर मानीटर व दो प्रिंटर उठा ले गए।बैंक शाखा प्रबंधक रोशन गुप्ता ने बताया कि प्रिंटर और कंप्यूटर चोरी हुआ है। कैश सुरक्षित मिला। शाखा प्रबंधक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही ।

## नहाने आए दो युवक नहर में डूबकर लापता

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** बहराइच जिला के तिकोनीबाग पुलिस चौकी क्षेत्र ढपालीपूरवा निवासी हरम (15)पुत्र आलीहमद, अपने दोस्त जैद (16) पुत्र अकील के साथ रविवार को सोनवा थाना क्षेत्र तुरहनी बलराम गांव के पास स्थित सरयु मुख्य नहर खण्ड नानपारा में भीषण गर्मी के चलते नहाने आया था। नहर में ज्यादा पानी होने की वजह से नहाते समय दोनों नहर में डूब गए। स्थानीय लोगो द्वारा घटना की सूचना थाना सोनवा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे सोनवा प्रभारी निरीक्षक श्यामदेव चौधरी पुलिस टीम व स्थानीय लोगो के साथ किशोरों की तलाश में जुट गए। खबर लिखे जाने तक किशोरों का पता अभी नहीं लग पाया है।

सार-संक्षेप

### बाइक रैली निकालकर दिया मतदान करने का संदेश



मतदाता जागरूकता रैली निकालते बाइक सवार। अमृत विचार

**जौनपुर, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए अभियान उत्साह के साथ जोर शोर से जारी है इसी कड़ी में मतदाताओं में जागरुकता के लिए बाइक रैली निकाली गई। जिसे इंगलिश क्लब से जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मोटरसाइकिल रैली जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल के नेतृत्व में दीवानी- कलेक्ट्री चौराहा, नखास, सदभावना पुल, शाही किला, अटाला मस्जिद, गल्ला मण्डी, सब्ज़ी मण्डी कोतवाली चौराहा, चहारसू, शाही पुल, ओलंदगंज, रोडवेज तिराहा होते हुए बी आर पी कालेज के मैदान में संपन्न हुई। कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, राजू सिंह, जिलाध्यक्ष यूटा संजय सिंह, हेमन्त सिंह, शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अमित सिंह, जूनियर शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष डा अतुल यादव, सहित एस आर जी, एआरपी, एंव भारी संख्या में शिक्षक शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

### योजनाओं के क्रियान्वयन में नहीं हुआ भेदभाव:निर्मल



**हलिया (मिर्जापुर)।** बरौंधा स्थित अर्श अस्पताल के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन जिलाध्यक्ष राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त डा0 लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने दस वर्षों के कार्यकाल में हर वर्ग के लोगों का विकास किया है। योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी तरह का भेदभाव नहीं किया गया , जब कि पूर्ववर्ती की सरकारों में गुंडों और माफियाओं का साम्राज्य कायम हो गया था। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया, डॉ महा नरायण भारती, गड़बड़ा मंडल प्रभारी अखिलेश सिंह, वरिष्ठ नेता श्याम बहादुर सिंह, मंडल महामंत्री मुकेश सिंह, विद्या कांत दूबे, सौरभ प्रजापति, आदर्श सिंह बघेल, लालगंज प्रमुख जयंत चौधरी मौजूद रहे।

### आशुतोष हत्याकांड : पुलिस अभिरक्षा से फरार मुख्य आरोपी को पुनः महाराष्ट्र से पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाहगंज, जौनपुर।** सीओ शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने बताया कि आशुतोष श्रीवास्तव की हत्या को लेकर दर्ज मुकदमे में नामजद आरोपी जमीरुद्दीन पुत्र स्व. हनीफ कुरैशी निवासी सबरहद को ठाणे से बीते 14 तारीख को गिरफ्तार किया गया था। जब शाहगंज पुलिस उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर ट्रेन से शाहगंज आ रही थी तो 16 तारीख को मध्य प्रदेश के खंडवा रेलवे स्टेशन पर टायलेट ले जाते समय वो ट्रेन से कूदकर फरार हो गया था। जमीरुद्दीन के फरार होने से जौनपुर पुलिस की खासी किरकिरी हो रही थी। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसपी डॉ. अजय पाल शर्मा ने कई टीमों को तैनात किया था। जौनपुर पुलिस ने रविवार सुबह जमीरुद्दीन को थाना पड़घा स्थित बोरीवली से गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई। । पुलिस पुन : ट्रांजिट रिमांड पर लेकर जौनपुर लाने की कार्रवाई की जा रही है। बताते चलें कि पत्रकार व आरटीआई एक्टिविस्ट आशुतोष श्रीवास्तव की बीते 13 तारीख को सुबह साढ़े 9 बजे नकाबपोश बाइक सवार हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। आशुतोष के भाई संतोष की तहरीर पर पुलिस ने जमीरुद्दीन कुरैशी, कारोबारी नासिर जमाल, उनके भाई अर्फी उर्फ कामरान, जेल में बंद मो. हाशिम और पांच अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

# मेड़ काटने के विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या

लालगंज प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** खेत की जुताई करने के दौरान मेड़ काटने के विवाद में युवक की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गयी।

लीलापुर के हरिहरपुर सिंधौर गांव के रहने वाले 45 वर्षीय अब्दुल रज्जाक अपने बड़े भाई वहाजुद्दीन के साथ घर के बगल में सुबह करीब साढ़े आठ बजे धान की नर्सरी डालने के लिए अपने ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर रहे थे । तभी पड़ोस के रहने वाले शाहरुख खान व सोहेल पुत्र अब्दुल मजीद, सलीम उर्फ सल्ले पुत्र अब्दुल हमीद, जाहिद उर्फ सोनू पुत्र अनवर से कहासुनी होने लगी तभी मृतक की 10 वर्षीय भांजी रुक्सार मामा के यहां ही रहती थी,वह खेत के पास आई तो आरोपी उसे मारने लगे, बीच- बचाव करने गए अब्दुल रज्जाक पुत्र स्व. मेहनाजुद्दीन को पड़ोस के शाहरुख पुत्र अब्दुल मजीद ने अवैध असलहे से कनपटी पर गोली मार दी जिससे वह जमीन पर गिर गया। मृतक के बेटे ने पुलिस को तहरीर दी कि सोहेल, सलीम उर्फ सल्ले व जाहिद उर्फ सोनू अवैध असलहे से वहाजुद्दीन व रुक्सार पर अंधाधुध फायरिंग करने लगे किसी तरह छिपकर जान बचायी। पिटाई से रुक्सार का हाथ टूट गया, चोटें भी आई हैं।

## पत्नी की हत्या के आरोप में डांसर गिरफ्तार

**जौनपुर, अमृत विचार।** जौनपुर जिले के लाइन बाजार थाने की पुलिस ने डांसर को पत्नी के हत्या के आरोप में गिरफ्तार करके जेल भेज दिया । दो दिन पूर्व पवन प्लाजा में उसकी पत्नी की फांसी पर लटकती हुई लाश पायी गई थी। लाइन बाजार थाना क्षेत्र पुराने स्टेट बैंक के पास स्थित पवन प्लाजा बिल्डिंग के तीसरे तल पर 2013 से कृष्णा मिश्रा उर्फ कृष्णा पंडित जस्ट डांस फाउंडेशन ने नाम से डांस क्लास चलते है तथा इसी भवन में रहते हैं। 16 मई को दोपहर में उनकी पत्नी खुशबू मिश्रा उम्र करीब 24 वर्ष की फांसी पर लटकती हुई लाश मिली थी पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है।

# सपा प्रत्याशी के समर्थन में किया जनसंपर्क

संवाददाता, प्रतापगढ़



नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करतीं कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना।

**अमृत विचार :** सपा प्रत्याशी डॉ.एसपी सिंह पटेल के साथ विधायक आराधना मिश्रा मोना ने गठबंधन दल के कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को सघन जनसंपर्क कर सपा प्रत्याशी के लिए वोट और समर्थन मांगा। पट्टी विधायक ने भी जनसम्पर्क कर वोट मांगा।

रामपुर खास विधानसभा के भैसना,सांगीपुर,सुजाखर, उदयपुर, रेहुआ लालगंज,उदयपुर सहित क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क कर अपने पक्ष में समर्थन मांगा । डॉ पटेल ने मतदाताओं से कहा कि अंतिम समय में विशेष जागरूक रहने की जरूरत है। जन विरोधी और तानाशाही नीतियों का जवाब देने का समय आ गया है। हमें इण्डिया गठबंधन को जिता कर हमें देश में संविधान व लोकतंत्र की रक्षा करनी है। जनसम्पर्क के दौरान आराधना मिश्रा मोना,कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी, मुन्ना शुक्ला, बद्री जायसवाल,अमरदीप बेदर्दी, जय सिंह प्रधान, पूर्व प्रधान विनोद सिंह आदि रहे। पट्टी विधायक राम सिंह पटेल ने पट्टी विधानसभा के अंतर्गत क्षेत्रों में जनसंपर्क कर गठबंधन के प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल को जिताने की लोगों से अपील किया। पट्टी विधानसभा अध्यक्ष आरके भीम,पप्पू भैया, प्रमोद पटेल, कैलास सिंह,आशीष पटेल, आदि मौजूद रहे। पूर्व एमएलसी कान्ति सिंह पटेल ने भी गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल के लिए वोट मांगा।

तैयारी

तपिश और गर्मी के बीच रवाना हुईं पोलिंग पार्टियां, दोनों क्षेत्रों में 6,93,349 वोटर करेंगे 10 उम्मीदवारों का फैसला

# कौशाम्बी : कुंडा व बाबागंज में 719 बूथों पर वोटिंग आज

संवाददाता, प्रतापगढ़



पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल एटीएल ग्राउंड का जायजा लेते डीएम संजीव रंजन।

**अमृत विचार :** कौशाम्बी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुण्डा व बाबागंज विधानसभा में वोटिंग सोमवार को होगी। 10 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला 6,93,349 वोटर करेंगे। सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक वोटिंग होगी। चुनाव कराने के लिए रविवार को भीषण गर्मी व तपिश के बीच पोलिंग पार्टियां दोपहर बाद तक रवाना होकर शाम तक पहुंच गईं।

विधानसभा कुण्डा में 373 बूथ हैं,जबकि बाबागंज विधानसभा में 346 बूथ हैं। इन दोनों विधानसभाओं के बूथों पर 719 पोलिंग पार्टियां चुनाव कराएंगी। प्रत्येक पार्टी में एक पीठासीन अधिकारी, एक प्रथम मतदान अधिकारी समेत चार लोग शामिल हैं। इसके अलावा बूथों पर माइक्रोआब्जर्वर सहित अन्य को भी तैनात किया गया है। 2876 कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। एटीएल ग्राउंड पर रविवार को सुबह कर्मचारियों की डिकोडिंग का कार्य बीएसए भूपेंद्र सिंह करते रहे। उनके साथ राम कुमार सिंह, हरिओंकार सिंह, नीरज मिश्र, सुधांशु द्विवेदी, मो. वसीम आदि कर्मचारियों की डिकोडिंग कराने में लगे रहे। इसके बाद कर्मचारियों ने चुनाव संबंधी सामान लेकर उसका मिलान किया और अपने साथियों की प्रतीक्षा करते रहे। उनके आने के बाद ही वे बूथों के लिए रवाना हुए। डीआइओएस सरदार सिंह भी कर्मचारियों की रवानगी के समय मौजूद रहे। सीडीओ नवनीत सेहारा सुपरविजन करते रहे। डीएम संजीव रंजन ने भी जायजा लिया।

### 62 अनुपस्थित मतदान कार्मिकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** एटीएल ग्राउंड से पोलिंग पार्टियों के रवानगी के दौरान रविवार को अनुपस्थित रहे 62 कर्मचारियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसमें विधानसभा क्षेत्र बाबागंज के 24 एवं कुण्डा के 38 मतदान कार्मिक शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि पोलिंग पार्टियां अपने बूथ पर सकुशल पहुंचते ही अपने पहुंचने की जानकारी तत्काल अपने आरओ अथवा कंट्रोल रूम में देना सुनिश्चित करें। मतदान समाप्ति पर शाम को महुली मंडी में अपनी सील्ड ईवीएम एवं मतदान सामग्री जमा करें।

## पेड़ से टकराया ई-रिक्शा-चालक घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के तिलाव चौकी अंतर्गत हलिया लालगंज मार्ग तिलांव गांव में शनिवार की देर रात ई रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बबूल के पेड़ सेटकरा गया। जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। लालगंज थाना क्षेत्र के तिलांव चौकी अंतर्गत सुबाव राजा गांव निवासी 25 वर्षीय अवधेश कुमार अपने ई रिक्शा से घर जा रहे थे कि जैसे ही हलिया लालगंज मार्ग तिलांव गांव में पहुंचे कि अचानक ई रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित बबूल के पेड़ से जाकर टकरा गया जिससे ई रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका मंडलीय चिकित्सालय में इलाज चल रहा है।

# गोंडा में लगेगी जीत की हैट्रिक या फंसेगा मैच

## लोकसभा चुनाव : कैसरगंज का भाग्य भी नए चेहरों पर टिका

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

लोकसभा चुनाव में जीत-हार को लेकर कई दिनों की चर्चा-बहस की कवायद सोमवार को समाप्त हो जाएगी। मतदाता 20 मई को स्वामी की भूमिका में रहेंगे और प्रत्याशी याचक के रूप में। मतदान की प्रक्रिया सोमवार सुबह से ही शुरू हो जाएगी। मतदाता अपनी पसंद के प्रत्याशी के भविष्य का निर्धारण करेंगे। मतदान में गोंडा संसदीय सीट पर जीत की हैट्रिक लगेगी या राजनीतिक मैच फंस जाएगा। इस पर भी कयास लगने शुरू हो गए हैं। इसी तरह, कैसरगंज की चुनावी रणनीति दो दिनों में बहुत कुछ बदल गई है। किसी बड़े नेता का आगमन न होना और पहली बार चुनाव मैदान में डटे प्रत्याशियों का राजनीतिक भविष्य भी यहां की जनता तय कर देगी।


गोंडा

गोंडा लोकसभा क्षेत्र में 18 लाख से अधिक मतदाताओं का ध्रुवीकरण किस तरफ होगा। यह कयास अभी तक लोग लगाते रहे हैं। गोंडा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा से कीर्तिवर्धन सिंह, सपा से श्रेया वर्मा व बसपा से सौरभ मिश्र मैदान में हैं। कीर्तिवर्धन सिंह को ब्राह्मण, क्षत्रिय, राजभर, कश्यप सहित सभी जातियों पर भरोसा है। वहीं सपा उम्मीदवार को मुस्लिम, यादव और सजातीय वोटर कुर्मी पर भरोसा है। कुर्मी वोटों का बिखराव हुआ तो भाजपा की जीत तय मानी जा रही है। इससे भाजपा प्रत्याशी की जीत की हैट्रिक लग सकती है। यदि ध्रुवीकरण हुआ तो इसका सीधा फायदा सपा को मिलेगा। हालांकि वर्ष 2019 के चुनाव में सपा के कद्दावर नेता विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह ने चुनाव लड़ा था, लेकिन वह दो लाख से अधिक मतों से हार गए थे। पंडित सिंह की छवि लोगों के बीच बहुत अच्छी थी, वे अपने कार्यकर्ताओं को तरजीह देते थे। बावजूद इसके वह चुनाव हार गए थे, लेकिन 2019 में कुर्मी मतदाता भाजपा के साथ खड़ा था।


कैसरगंज



कैसरगंज लोकसभा सीट पर सांसद बृजभूषण शरण सिंह के पुत्र करन भूषण पर भाजपा ने भरोसा जताया है। वह युवा होने के साथ ऊर्जावान हैं और पिता की सियासी पारी के बाद नई पारी शुरू कर रहे हैं, लेकिन दो दिनों से सोशल मीडिया पर अनर्गल प्रचार होने के बाद समीकरण में कुछ बदलाव देखने को मिला है। ब्राह्मण के नाम पर गलत प्रचार किया जा रहा है। इसका फायदा उठाने की कोशिश सपा के भगत राम मिश्र करेंगे। भगतराम मिश्र भी पहली बार कैसरगंज से चुनाव लड़ रहे हैं और उन्हें मुस्लिम, यादव व ब्राह्मण मतदाताओं पर भरोसा है।

वहीं, करन भूषण को भी क्षत्रिय से अधिक ब्राह्मण मतदाताओं पर भरोसा है। करन का कहना है कि ब्राह्मण हमेशा से उनके लिए पूजनीय थे और रहेंगे। ब्राह्मणों को इज्जत देने में उनके परिवार ने कभी कोई कमीं नहीं छोड़ी है। चुनाव जीतना-हारना अलग बात है। वहीं, बसपा ने नरेंद्र पांडेय को चुनाव मैदान में उतारा है।


**गोंडा लोकसभा सीट पर विधानसभा वार मतदाताओं की संख्या**

| विधानसभा | कुल मतदाता | महिला | पुरुष | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| मेहनौन | 378716 | 175171 | 203538 | 07 |
| गोंडा सदर | 361702 | 169400 | 192271 | 31 |
| मनकापुर | 339728 | 159273 | 180455 | 00 |
| गौरा | 334854 | 154531 | 170319 | 04 |
| उतरौला | 428121 | 196293 | 231801 | 27 |
| योग | 1843121 | 854668 | 988384 | 79 |


**कैसरगंज लोकसभा सीट पर विधानसभा वार मतदाताओं की संख्या**

| विधानसभा | कुल मतदाता | महिला | पुरुष | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| पयागपुर | 388497 | 183126 | 205363 | 8 |
| कैसरगंज | 392112 | 184895 | 207213 | 4 |
| कटरा बाजार | 404315 | 189484 | 214819 | 12 |
| करनैलगंज | 341294 | 160657 | 180616 | 21 |
| तरबगंज | 378508 | 177123 | 201368 | 17 |

**59-गोंडा लोकसभा**




**57-कैसरगंज लोकसभा**




# मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं को नहीं हो कोई असुविधा

## निर्वाचन आयोग ने अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

## मतदाताओं के साथ किया जाये घर के सदस्य जैसा व्यवहार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अगर मतदाता के द्वारा उपलब्ध पहचान पत्र और मतदाता सूची के विवरण में मामूली अंतर है, तो ऐसे लोगों को मतदान से वंचित न किया जाए। बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर मतदान कराया जाये। साथ ही मतदाताओं के साथ घर के सदस्य जैसा व्यवहार किया जाये। ताकि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। ये निर्देश रविवार को निर्वाचन आयोग ने अधिकारियों को दिये हैं।

निर्वाचन आयोग द्वारा बाकी बचे तीन चरणों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं की सुविधा के लिए निर्वाचन अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब लोकसभा स्तर पर बुलावा टोलियों का गठन किया जायेगा। इन टोलियों में बीएलओ के साथ आशा व


नवदीप रिणवा

आंगनबाड़ी कार्यकत्री, युवक मंगल दल, पंचायत स्तरीय कार्मियों को शामिल किया जाएगा। ये टोलियां कम वोटिंग प्रतिशत वाले बूथों में विशेष रूप से सक्रिय रहेंगी।

**पोलिंग स्टेशन पर वोटर असिस्टेंस बूथ :**

उन्होंने बताया कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में गति लाने के निर्देश दिए गए हैं। हर पोलिंग स्टेशन पर वोटर असिस्टेंस बूथ बनाये जाएंगे, जिस पर मतदाता सूची के साथ बीएलओ मौजूद रहेंगे। मतदाता सूची में अपना नाम चेक कर सकेंगे।

### कोई मतदाता, सूचना पर्ची नहीं लाया है तो उसे न लौटाया जाए

नवदीप रिणवा ने कहा कि अगर, कोई मतदाता, मतदाता सूचना पर्ची नहीं लाया है तो उसे लौटाया न जाए और मतदान से रोका न जाए। मतदान स्थल पर मतदाताओं के साथ अच्छा व्यवहार करें। अपने वाहन से परिवार के साथ मतदान केन्द्र पर जाने वाले मतदाताओं को निर्धारित स्थान तक पुलिस द्वारा रोका न जाए।

### उपलब्ध कराई जाएं सुविधाएं

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार पर ही बूथ की संबंधित जानकारी हो, मतदाताओं की कतार तक छाया की व्यवस्था होनी चाहिये। केन्द्रों पर पूरे दिन बिजली आपूर्ति रहे। लू से बचाव के लिए ओआरएस एवं मेडिकल किट उपलब्ध कराए जाएं। एक पैरामेडिक कर्मी के अलावा मतदान केन्द्रों में शीतल पेयजल, शौचालय, दिव्यांग व वृद्धजनों के लिए व्हील चेयर व कुर्सियों की व्यवस्था भी रहे।

## इलेक्शन बायस्कोप


इन दिनों बड़े नेताओं की चुनावी रैलियों में गृहणियां भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। हालांकि इनमें कुछ पार्टी की कार्यकर्ता होती हैं तो कई सिर्फ समर्थक। कुछ ऐसी ही उत्साही महिलाएं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सोरांव, प्रयागराज की चुनावी जनसभा में रविवार को कैमरे में कैद हुईं। -अमृत विचार

# अखिलेश, राहुल ने वीडियो साझा कर उठाए सवाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को 'एक्स' पर एक ऐसा वीडियो साझा किया है जिसमें एक युवक बारी-बारी से अलग-अलग नामों से बूथ पर जाता है और वोट डालता है। वह बाकायदा इसका वीडियो भी बना रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि वह भाजपा को वोट डाल रहा है। अखिलेश ने वीडियो पोस्ट कर लिखा कि अगर चुनाव आयोग को लगे कि ये गलत हुआ है तो वो कुछ कार्रवाई जरूर करे, नहीं तो....। आगे सपा प्रमुख ने भाजपा को निशाने पर लेते हुए लिखा कि भाजपा की बूथ कमेटी दरअसल लूट कमेटी है। अखिलेश के ही पोस्ट को राहुल गांधी ने भी साझा किया है। राहुल ने लिखा कि सरकार बनते ही ऐसी कार्रवाई होगी कि आगे कोई भी संविधान की शपथ का अपमान करने से पहले 10 बार सोचेगा। दरअसल, यह वीडियो फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र के अलीगंज विधानसभा क्षेत्र का बताया जा रहा है। यह विधानसभा एटा जिले में आती है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि एटा में कई बार मतदान करने संबंधी वायरल वीडियो में संबंधित व्यक्ति की पहचान कर ली गई है। वीडियो में कई बार मतदान करते दिखाई देने वाला व्यक्ति राजन सिंह पुत्र अनिल सिंह गांव खिरिया पमरान का निवासी है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही, मतदान दल के सभी सदस्यों को निलंबित करने और अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

# 13 महिला प्रत्याशियों का राजनीतिक भाग्य ईवीएम में होगा बंद

लोस चुनाव 5वां चरण

## बाराबंकी से राजरानी रावत, अमेठी से स्मृति ईरानी और फतेहपुर से साध्वी निरंजन ज्योति मैदान में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** 5वें चरण में 14 लोकसभा सीटों पर मात्र 13 महिला प्रत्याशी चुनाव लड़ रही हैं। इन सभी का राजनीतिक भाग्य 20 मई को ईवीएम में बंद हो जायेगा। इनमें अकेली बाराबंकी सीट है जहां पर तीन महिलाएं चुनाव लड़ रही हैं। वहीं, एक महिला ने दो सीटों पर नामांकन किया गया है। अन्य कई सीटों पर तो एक भी महिला प्रत्याशी नहीं हैं। आंकड़े बता रहे हैं कि आधी आबादी को प्राथमिकता देने का दंभ भरने वाले राजनीतिक दल भी इन्हें बढ़ाने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं।

संसद में 33 प्रतिशत का आरक्षण बिल भले ही पास हो चुका है, मगर ऐसा लगता है कि दल महिलाओं पर पूरा भरोसा नहीं कर रहे। यही वजह है कि संसद हो या राजनीतिक संगठन, प्रस्तावित पदों पर महिलाओं की नुमाइंदगी नहीं हो पा रही है। लोकसभा चुनाव के 5वें चरण में बाराबंकी सुरक्षित सीट पर भाजपा की राजरानी रावत, स्वतंत्र अभिव्यक्ति पार्टी से आशा देवी और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मिथलेश कुमारी मैदान में हैं। इनमें राजरानी रावत को भाजपा द्वारा पूर्व में घोषित उपेन्द्र रावत का एक विवादित वीडियो वायरल होने के बाद टिकट दिया गया। इसके अलावा भाजपा की दूसरी महिला प्रत्याशी स्मृति ईरानी कांग्रेस का गढ़ कहे जाने वाले अमेठी से दोबारा चुनाव लड़ रही हैं। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चंद्रावती मैदान में डटी हैं। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अरुणिमा पाण्डेय ने कैसरगंज व गोंडा दो सीटों से नामांकन दाखिल किया है। गोंडा सीट पर ही सपा के टिकट पर श्रेया वर्मा मुकाबले में बराबरी की दावेदारी कर रही हैं।



इसके अलावा अन्य चर्चित सीट फतेहपुर है, जहां पर भाजपा ने फायरबांड नेता व केन्द्र सरकार में राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, सपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम का सामना कर रही हैं। बांदा सीट पर सपा की कृष्णा देवी पटेल मुकाबले को रोचक बना रही हैं, साथ ही जालौन से प्रेमलता वर्मा बृजमोहन मैदान में है। लखनऊ की मोहनलालगंज सीट से मिशलेश कुमारी मैदान में हैं। इसके अलावा अन्य सीटों पर महिला प्रत्याशियों का सूखा पड़ा है।


राजरानी रावत


स्मृति ईरानी


साध्वी निरंजन ज्योति

### इन सीटों पर होगा मतदान

- लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा।

# मतदान केंद्रों पर अर्द्ध सैनिक बल तैनात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान के लिए अर्द्ध सैनिक बल तैनात किये गये हैं। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किये गये हैं। मतदान के लिए 35,684 ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, 36,089 बैलट यूनिट व 37,565 वीवीपैट तैयार किये गये हैं। आकस्मिकता की स्थिति में मेडिकल सहायता के लिए एयर एम्बुलेंस व हेलीकाप्टर की व्यवस्था भी की गई है। हेलीकाप्टर की लोकेशन झांसी में व एयर एम्बुलेंस की लोकेशन लखनऊ में रहेगी।

### यहां करें शिकायत

- मतदान से संबंधित कोई भी शिकायत टोल-फ्री नं0-1800-180-1950 (प्रदेश स्तर) पर और 1950 (जिला स्तर) पर काल कर दर्ज कराई जा सकती है। इसके अलावा सी-विजिल, एनजीएसपी-वीएचए ऐप पर भी शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं।

- मतदान के लिए 35,684 ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, 36,089 बैलट यूनिट व 37,565 वीवीपैट किये गये तैयार
- मेडिकल सहायता के लिए एयर एम्बुलेंस व हेलीकाप्टर की भी व्यवस्था

### 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर लाइव वेबकास्टिंग होगी

50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर (14984 मतदेय स्थल) पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है, इसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी व भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तरों पर किया जायेगा। इसके अलावा 4,199 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई है। इस चरण में कुल 561 आदर्श मतदेय स्थल, 126 महिला, 53 दिव्यांग व 80 युवा कार्मिक प्रबंधित मतदेय स्थल बनाये गये हैं।

## चुनावी चक्कर

**● पुराने वीडियो से भ्रम फैला रहे शरारती :**

चुनाव के दौरान आमजन को भ्रमित करने के लिए कुछ शरारती तत्व सोशल मीडिया पर फर्जी और पुराने वीडियो या फोटो भी साझा कर देते हैं। ऐसे में समाज में गलत संदेश भी जाता है। हालांकि यह बात अलग है कि समझदार जनता भ्रमित नहीं होती। ऐसा ही एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच मुलाकात को दिखाया गया है। सोशल मीडिया पर खुराफाती यूजर्स इस वीडियो को मौजूदा लोस चुनाव के मद्देनजर से जोड़कर साझा कर रहे हैं और प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं कि चुनावी नतीजों को देखते हुए अखिलेश यादव पीएम मोदी से मिलने पहुंच गए, लेकिन यह दावा सही नहीं है। दरअसल, यह वीडियो 10 वर्ष पुराना है। एक न्यूज मीडिया ने अपनी जांच में पाया कि वीडियो को लेकर जो दावे किए जा रहे हैं, वे झूठे हैं। वायरल वीडियो जून 2014 का है, तब अखिलेश यादव उप्र. के मुख्यमंत्री थे। फेसबुक पर सक्रिय एक शख्स ने वीडियो साझा करते हुए लिखा, चुनाव का परिणाम जानते ही मोदी दरबार में भूल-चूक व लेनी-देनी करने पहुंचे अखिलेश। बाद में न्यूज मीडिया की टीम ने विभिन्न स्तर से जांच करने को इस वायरल वीडियो से संबंधित कीवर्ड्स से यूट्यूब पर परखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यूट्यूब चैनल पर 13 जून 2014 को साझा किया गया यह वीडियो मिला। वीडियो के साथ कैप्शन में बताया गया कि पीएम मोदी ने उप्र. के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात की। हकीकत तो यह है कि मार्च 2012 से मार्च 2017 तक अखिलेश यादव जब मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद शिष्टाचार मुलाकात की थी। बाद में सरकारी मीडिया प्लेटफार्म से दोनों की इस मुलाकात का वीडियो साझा किया गया था।

# शाह होंगे सफल या प्रियंका का बना रहेगा विश्वास

## देश की सबसे महत्वपूर्ण सीट में से एक रायबरेली में इस बार काफी रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा


दिलीप सिंह, रायबरेली

देश की सबसे महत्वपूर्ण सीट में से एक रायबरेली में इस बार काफी रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। हर बार लड़ाई प्रत्याशियों के बीच देखी जाती रही है, लेकिन इस बार राजनीतिक दलों के दिग्गजों की प्रतिष्ठा भी दांव पर है। भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को जीत दिलाने के लिए गृहमंत्री अमित शाह ने पूरा जोर लगा दिया है। अन्य क्षेत्रों में बमुश्किल एक बार जाने वाले गृहमंत्री यहां पर दो बार आकर प्रचार कर चुके हैं। गांधी परिवार को घेरने के साथ ही संगठन में दरार को पाटने का भी उन्होंने पूरा प्रयास किया।

यही नहीं, दिनेश प्रताप सिंह को भाई शब्द से संबोधित करके उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि हर हाल में यहां पर कमल खिलाना है। कांग्रेस को गढ़ में घेरने की मंशा के साथ यहां मुख्यमंत्री योगी के अलावा कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री समेत कई दिग्गज प्रचार करते दिखाई दिए। इतना ही नहीं, पहली बार जीआईसी में जनसभा के बाद ऊंचाहार से सपा विधायक डॉ. मनोज कुमार पांडेय के घर भी गए, ताकि भाजपा प्रत्याशी को ब्राह्मण वोटबैंक का लाभ मिल सके। इसके बाद दोबारा डॉ. मनोज कुमार पांडेय को पार्टी की सदस्यता दिलाने के लिए जगतपुर के दौलतपुर में जनसभा की। इसी के साथ उन्होंने अपने इरादे साफ कर दिए कि यहां पर कमल खिलाना ही एक मात्र लक्ष्य है। दूसरी ओर, अमेठी छोड़कर रायबरेली से पहली बार चुनाव लड़ने वाले कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी की जीत सुनिश्चित करने के लिए बहन प्रियंका गांधी ने बागडोर अपने हाथों में ले रखी है। यहां तक कि कांग्रेस के स्थानीय संगठन पर भी विश्वास नहीं रखा। अपनी स्वयं की टीम बनाकर चुनाव के हर पहलू पर नजर बनाए रखी।

रायबरेली के साथ ही अमेठी में भी कांग्रेस को मजबूत करती दिखीं। उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भी गांवों में पसीना बहाते नजर आए। जीत को सुनिश्चित करने के लिए सपा मुखिया अखिलेश यादव व सोनिया गांधी भी एक साथ मंच पर पहुंचे। उन्होंने राहुल को जिताने के लिए भावुक अपील भी की। दोनों प्रत्याशियों में से जीत किसी की भी हो, प्रतिष्ठा गृहमंत्री अमित शाह और प्रियंका गांधी की भी इस चुनाव में जुड़ गई है।


अमित शाह


राहुल गांधी


प्रियंका गांधी वाड्रा


दिनेश प्रताप सिंह

### भाजपा प्रत्याशी से अपने ही रहे दूर

भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह से शुरुआती दौर से ही कुछ पार्टी नेता दूरी बनाए रहे। सदर विधायक अदिति सिंह, पूर्व एमएलसी राकेश प्रताप सिंह व कई अन्य पदाधिकारी नामांकन के दौरान ही गायब रहे। इसे लेकर चर्चाओं का दौर खूब चला। गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा के बाद जरूर कुछ स्थिति संभली। इसके बाद अंतिम दिन किसी बड़े नेता का रोड शो न होने से भी काफी किरकिरी हुई। हालांकि गृहमंत्री के सपा के बागी विधायक मनोज पांडेय को साथ लाने के बाद स्थिति जरूर कुछ मजबूत हुई।

### कांग्रेस को समाजवादी पार्टी का सहारा

जिले में कांग्रेस का संगठन ज्यादा मजबूत नहीं है। पिछले कई चुनावों में मिली हार से काफी किरकिरी हो चुकी है। यही वजह है कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने खुद चुनाव की कमान संभाली और प्रचार में पूरी ताकत लगा दी। कांग्रेस को अपने संगठन से ज्यादा समाजवादी पार्टी पर विश्वास है। वह चाहे रैली हो या फिर जनसभा। सबसे अधिक कार्यकर्ता सपा के ही नजर आए। पिछले चुनाव में भी सोनिया गांधी की जीत में सपा खेवनहार बनी थी।

### पिछले तीन लोक सभा चुनाव में मतदान प्रतिशत

| मतदान वर्ष | प्रतिशत |
|---|---|
| 2009 | 48.33 |
| 2014 | 51.73 |
| 2019 | 56.34 |

## अपनी ढपली अपना राग


घमंडिया गठबंधन को मत दिया तो आप दोष के भागी बनेंगे। क्योंकि, इनकी चाल- चरित्र दशानन रावण से मिलता है। - डॉ. मोहन यादव


एक 5 किलो राशन पर वोट लेता है और दूसरा 10 किलो का लालच देकर वोट चाहता है। सावधान रहिएगा। - आकाश आनंद


जातिवादी, संकीर्णवादी और धर्मवादी राजनीति के चलते इस बार भाजपा भी सत्ता में नहीं आएगी, भाजपा ने किए गए वादे पूरे नहीं किए। - मायावती


वह डिबेट नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उनके पास कोई जवाब नहीं है। इस चुनाव में जनता उनको सत्ता से उतार देगी।। - राहुल गांधी

## योगी नंबर वन, 50 दिन में 151 जगह किया प्रचार



**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा को प्रदेश में मिशन-80 और देश में 370 सीटों के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए जबर्दस्त चुनाव प्रचार कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक योगी आदित्यनाथ 27 मार्च से 19 मई तक 50 दिन में 1113 जनसभाएं करके भाजपा के पक्ष में माहौल तैयार किया है। प्रदेश के साथही देश के दूसरे राज्यों में भी उनकी सभाएं हो रही हैं। जनसभाओं के अलावा उत्तर प्रदेशके मुख्यमंत्री ने 15 प्रबुद्ध सम्मेलन और एक दर्जन से ज्यादा रोड शो भी किए हैं। इसके अलावा वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन में भी शामिल हुए थे।

### 5वें चरण की 49 सीटें

2019 का स्कोर कार्ड

| | |
|---|---|
| एनडीए | 39 |
| यूपीए | 08 |
| बीजद | 02 |

### इस बार किस दल के कितने हैं प्रत्याशी

| | |
|---|---|
| भाजपा | 40 |
| सहयोगी | 09 |
| कांग्रेस | 18 |
| सहयोगी | 31 |
| बीजद | 05 |
| टीएमसी | 07 |
| बसपा | 46 |

### चक्रव्यूह के पांचवें द्वार में मोदी सरकार के पांच मंत्री

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की लखनऊ से इस बार हैट्रिक की तैयारी
- अमेठी की दीदी मंत्री स्मृति इरानी को क्या इस बार मिलेगी चुनौती
- मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को जीत के लिए मिली बसपा की संजीवनी
- जालौन से छठी बार संसद पहुंचने के लिए बेताब हैं मंत्री भानुप्रताप
- मंत्री कौशल किशोर को मोहनलाल गंज में देना पड़ रहा कड़ा इम्तिहान
- रायबरेली में राहुल गांधी की घेरेबंदी

## सपा से धर्मेंद्र यादव, भाजपा से दिनेश लाल यादव और बसपा से मशहूद अहमद उम्मीदवार

# दो यादवों में नाक की लड़ाई बसपा ने त्रिकोणीय बनाई

दिग्विजय सिंह

आजमगढ़ संसदीय सीट

**अमृत विचार।** कैफी आजमी की धरती आजमगढ़ में इस बार चुनावी मुकाबला न सिर्फ दिलचस्प है, बल्कि कांटे का होने की उम्मीद है। यहां से सपा उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव जहां 2022 के उप चुनाव में मिली हार की टीस मिटाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तो भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ जीत की लय बरकरार रखने की कोशिश में लगे हैं। बसपा ने यहां मशहूद अहमद के रूप में मुस्लिम चेहरा उतार कर मुकाबला त्रिकोणीय बनाने का पूरा प्रयास किया है। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां कमल खिलाने के लिए जोश भर गए हैं, अब सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सभाएं करने आ रहे हैं, तो दो दिन बाद डिंपल यादव रोड शो करने वाली हैं।

2022 का उप चुनाव बसपा से मुस्लिम उम्मीदवार होने की वजह से ही सपा हारी थी। ऐसे में इस बार सपा मुकाबला जीतने के लिए अपने हर कील-कांटे को दुरुस्त करने में जुटी है। पार्टी ने बसपा के उस चेहरे को भी अपने साथ ले लिया है जो धर्मेंद्र यादव की हार का कारण बना था। हालांकि पिछले दो चुनावों में बसपा से खिसक कर भाजपा के पाले में जाने वाले दलित मतदाता इस बार किसके साथ रहेंगे, इसे लेकर कयासों का बाजार गर्म है।

आजमगढ़ सीट कभी कांग्रेस का गढ़ थी। 1952 से 1971 तक पांच चुनावों में कांग्रेस को ही जीत मिली, लेकिन 1977 में जनता पार्टी से रामनरेश यादव ने जीत दर्ज की थी। हालांकि 1978 के उप चुनाव में मोहसिना किदवई कांग्रेस से जीत गईं। 1980 में जनता पार्टी सेक्युलर और 1984 में कांग्रेस फिर जीती। लेकिन इस चुनाव के बाद कांग्रेस को यहां के मतदाताओं ने कभी जीतने का मौका ही नहीं दिया।



### राम मंदिर की लहर में यहां जीती थी बसपा

- 1989 के चुनाव में जब पूरे देश में राम मंदिर आंदोलन को लेकर लहर चल रही थी तब यहां से बसपा का हाथी दिल्ली पहुंचा था। 1991 में यह सीट जनता दल के खाते में गई और इसके बाद कभी सपा तो कभी बसपा के खाते में जाती रही। इस सीट से बसपा चार बार बसपा और चार बार सपा के सांसद बने। पहली बार 2009 में भाजपा यहां से जीती थी। तब पार्टी ने 2004 में बसपा के टिकट पर सांसद बने रमाकांत यादव को मैदान में उतारा था। इससे पहले रमाकांत यादव 1996 और 1999 में सपा के टिकट पर सांसद चुने गए थे।

**2022** का उप चुनाव बसपा से मुस्लिम उम्मीदवार होने की वजह से सपा हार गई थी।

**2014** और 2019 में मुस्लिम मतदाता सपा के साथ मजबूती से खड़े रहे थे

**2019** में अखिलेश यादव खुद मैदान में यहीं से उतरे और जीते भी

### एम-वाई समीकरण से सपा ने बनाया मजबूत गढ़

इस सीट पर यादव और मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। सपा की जीत में एम वाई समीकरण ही काम करता रहा है। मुस्लिम और यादव मतदाताओं की एकजुटता से सपा जीतती रही। जब मुस्लिम दलितों के साथ बसपा के पक्ष में झुके तो बसपा को यहां से जीत मिल गई। 2014 और 2019 में मुस्लिम मतदाता सपा के साथ मजबूती से खड़े रहे लेकिन 2022 में बसपा ने शाह आलम गुड्डू जमाली को उतारा तो वे बसपा के साथ चले गए। परिणाम यह हुआ कि धर्मेंद्र यादव उप चुनाव हार गए। गुड्डू जमाली 2014 में भी बसपा से लड़े थे लेकिन दलित मतदाताओं के भाजपा में शिफ्ट होने का नुकसान उन्हें हुआ था। तब उन्हें 2,66,528 वोट से ही संतोष करना पड़ा था। उप चुनाव में भी उन्हें 2,66, 210 वोट मिले थे।

### गढ़ दरकता देख खुद उतरे थे मुलायम सिंह

- सपा इस सीट को अपना मजबूत गढ़ मानती है, लेकिन जब 2004 के बाद 2008 के उप चुनाव में बसपा यहां से जीती और 2009 में भाजपा को जीत मिली तो 2014 में खुद सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव को आजमगढ़ के मैदान में उतरना पड़ा। इस चुनाव में भाजपा ने रमाकांत यादव को उनके मुकाबले उतारा। रमाकांत यादव ने मुलायम सिंह को कड़ी टक्कर दी, लेकिन चुनाव हार गए। यही वजह है कि 2019 में अखिलेश यादव खुद मैदान में यहीं से उतरे और जीते भी। अखिलेश यादव के त्यागपत्र के बाद जब इस सीट पर उप चुनाव हुआ तो धर्मेंद्र यादव मैदान में आए। लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा और भाजपा यहां से दूसरी बार जीती।

### विधानसभा की सभी पांच सीटें सपा के पास

- विधानसभा की पांच सीटें इस लोकसभा क्षेत्र में आती हैं। इन सभी पर सपा का कब्जा है। आजमगढ़ सदर सीट पर लगातार छह बार से पार्टी के दुर्गा प्रसाद यादव जीत रहे हैं। इससे पहले भी वे यहां से विधायक बनते रहे हैं। इस सीट पर मुस्लिम व यादव आबादी का दबदबा है। मुबारकपुर विधानसभा क्षेत्र में भी मुस्लिम निर्णायक भूमिका में हैं तो सगड़ी में यादव मतदाता, मुस्लिम मतदाताओं के साथ जीत की इबारत लिखते हैं। यही सपा की मजबूती है।

### रमाकांत के जेल में होने से सपा की रणनीति थोड़ी गड़बड़ाई है

- बाहुबली रमाकांत यादव का जेल में होना सपा को नुकसान पहुंचा रहा है। यादव मतदाताओं में मजबूत पकड़ रखने वाले रमाकांत यादव सपा के फूलपुर पवई विधानसभा सीट से विधायक हैं। यह सीट वैसे तो लालगंज संसदीय क्षेत्र में आती है लेकिन रमाकांत का दबदबा सगड़ी, गोपालपुर, आजमगढ़ सदर आदि विधानसभा क्षेत्रों में भी है। बूथ मैनेजमेंट का उन्हें माहिर माना जाता है।

# कारगिल में निर्दलीय व लेह में भाजपा-कांग्रेस की टक्कर

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद लद्दाख में सोमवार को पहले लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। लद्दाख में पिछले दो चुनावों में भारतीय जनता पार्टी द्वारा उतारे गए दो बौद्ध प्रत्याशियों ने जीत हासिल की थी। इस बार लद्दाख सीट पर तीन उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा ने मौजूदा सांसद की जगह ताशी ग्यालसन और कांग्रेस ने त्सेरिंग नामग्याल को मैदान में उतारा है। लेकिन यहां चुनाव प्रचार बंद होने के बाद त्रिकोणीय मुकाबले की तस्वीर सामने आयी है। लद्दाख में दो जिले लेह और कारगिल हैं। भाजपा और कांग्रेस ने लेह क्षेत्र से उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि कारगिल से निर्दलीय हाजी हनीफा जान चुनाव लड़ रहे हैं। कारगिल में हनीफा को नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के समर्थकों का भी पूरा साथ मिलता नजर आया है। करगिल में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के विरोध के कारण नेशनल कॉन्फ्रेंस की पूरी यूनिट ने इस्तीफा दे दिया था। करगिल की कांग्रेस इकाई भी यहां अपने उम्मीदवार का समर्थन नहीं कर रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि यहां भाजपा और निर्दलीय हनीफा के बीच मुकाबले में कांग्रेस तीसरा कोण बना रही है। लद्दाख के लेह और कारगिल में कुल 577 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।

# कांग्रेस की आधा दर्जन सीटों पर अग्नि परीक्षा

चुनाव डेस्क



- प्रदेश से 2014 में दो और 2019 में एक सीट जीतने वाली पार्टी को इस बार तालिका में सुधार की उम्मीद

**अमृत विचार ।** उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में कांग्रेस को जो 17 सीटें मिली हैं, उनमें सात सीटों पर चार चरणों में मतदान हो चुका है। पांचवें चरण में कांग्रेस के खाते वाली चारों सीटें अमेठी, रायबरेली, बाराबंकी और झांसी हैं, जिन पर सोमवार को वोट पड़ेंगे। इसके बाद अगले दो चरणों में कांग्रेस को अपने हिस्से की आधा दर्जन सीटों पर चुनावी इम्तिहान देना है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि 2014 में प्रदेश से दो और 2019 में एक सीट जीतने वाली कांग्रेस इस बार अपनी तालिका में कितना सुधार कर पाएगी।

कांग्रेस पांचवें चरण की चार सीटों में रायबरेली में राहुल गांधी की जीत के लिए आश्वस्त है, तो अमेठी में केएल शर्मा और बाराबंकी में तनुज पुनिया के बाद झांसी में प्रदीप जैन आदित्य के सीधी लड़ाई में होने से सकारात्मक अवसर देख रही है। इसके बाद बचे दो चरणों के चुनाव में कांग्रेस को सबसे ज्यादा उम्मीद प्रयागराज से हैं, जहां उसने रेवती रमण सिंह के बेटे उज्जवल रमण सिंह को मैदान में उतार रखा है। बांसगांव में सदल प्रसाद पिछली बार बसपा से चुनाव लड़कर दूसरे नंबर पर रहे थे, इस बार वह कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। यहां पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे सभा करने गए थे। देवरिया में कांग्रेस अपने राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह की जीत का मौका देख रही है। महाराजगंज में कांग्रेस से उतरे वीरेंद्र सिंह ने मुकाबला त्रिकोणीय बना रखा है। सीतापुर से पार्टी ने राकेश राठौर पर दांव लगा रखा है। वाराणसी में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय चुनाव मैदान में हैं, लेकिन कांग्रेस यहां सिर्फ अपना आधार बनाए रखने की लड़ाई लड़ रही है।



मांगे वोट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर के खड़गपुर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए टीएमसी पर जमकर हमला बोला।

### यूपी में आज कौन कहां से मुकाबले में

| लोकसभा सीट | भाजपा | सपा-कांग्रेस | बसपा |
|---|---|---|---|
| अमेठी | स्मृति इरानी | केएल शर्मा | नन्हे सिंह चौहान |
| रायबरेली | दिनेश प्रताप सिंह | राहुल गांधी | ठाकुर प्रसाद यादव |
| लखनऊ | राजनाथ सिंह | रविदास मेहरोत्रा | सरवर मलिक |
| जालौन | भानुप्रताप वर्मा | नारायण दास अहिरवार | सुरेश चंद्र गौतम |
| मोहनलाल गंज | कौशल किशोर | आरके चौधरी | राजेश कुमार |
| झांसी | अनुराग शर्मा | प्रदीप जैन आदित्य | रवि प्रकाश |
| फतेहपुर | साध्वी निरंजन ज्योति | नरेश उत्तम पटेल | डॉ.मनीष सचान |
| कौशांबी | विनोद सोनकर | पुष्पेंद्र सरोज | शुभ नारायण |
| बाराबंकी | राजरानी रावत | तनुज पुनिया | शिवकुमार दोहरे |
| फैजाबाद | लल्लू सिंह | अवधेश प्रसाद | सच्चिदानंद पांडेय |
| कैसरगंज | करण भूषण सिंह | भगतराम मिश्रा | नरेंद्र पांडेय |
| गोंडा | कीर्ति वर्द्धन सिंह | श्रेया वर्मा | सौरभ मिश्रा |
| बांदा | आरके सिंह पटेल | कृष्णा देवी | मयंक द्विवेदी |
| हमीरपुर | कु. पुष्पेंद्र सिंह | अजेंद्र सिंह राजपूत | निर्दोष कुमार दीक्षित |



समर्थन करें

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दक्षिणी दिल्ली से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सहीराम पहलवान के समर्थन में कालका जी में रोड शो किया।

# पश्चिम बंगाल की सात सीटों पर क्या पलटेगा परिणाम

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** पांचवे चरण में सोमवार को पश्चिम बंगाल की सात लोकसभा सीटों बनगांव, हावड़ा, उलूबेरिया, श्रीरामपुर, हुगली, आरामबाग और बैरकपुर पर भी मतदान हो रहा है। 2019 में इन सात में चार सीटें टीएमसी जीतने में कामयाब रही थी जबकि भाजपा केवल तीन सीटें ही जीत सकी थी। इस बार भाजपा ने कम से कम पांच सीटें जीतने के लिए जोर लगाया है।

**हुगली में दो अभिनेत्रियों के बीच कड़ा संघर्ष :** हुगली लोकसभा सीट पर दो अभिनेत्रियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ है। भाजपा की हुगली से सांसद लॉकेट चटर्जी को टीएमसी की तरफ से मैदान में उतरीं रियलिटी शो 'दीदी नंबर 1' की एंकर और अभिनेत्री रचना बनर्जी ने कड़ी टक्कर दी है। हुगली लोकसभा क्षेत्र में आने वाले सात विधानसभा क्षेत्रों में टीएमसी के विधायक हैं। चुनावी जंग में दोनों अभिनेत्रियां एक-दूसरे पर निजी हमला करने से बचती रहीं, इसकी वजह उनके बीच अच्छे दोस्ताना संबंध होना रहा। दोनों ने कई बंगाली फिल्मों में एक-दूसरे के साथ काम भी किया है।

**बैरमकुपर में दलबदल पर भाजपा का दांव :** बैरकपुर में बिहार और उत्तर प्रदेश के हिंदी भाषी मतदाताओं की काफी संख्या है। बैरकपुर में 2019 से 2021 के बीच राजनीतिक हिंसा चरम पर थी। इस बार भी यहां 2019 जैसी चुनावी लड़ाई है। 2019 के चुनाव से पहले अर्जुन सिंह टीएमसी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। तीन साल भाजपा सांसद रहने के बाद अर्जुन सिंह दोबारा टीएमसी में चले गए, लेकिन टीएमसी ने जब लोकसभा का टिकट नहीं दिया तो अर्जुन सिंह फिर भाजपा में लौट आए। 2019 के चुनाव में उन्होंने टीएमसी के उम्मीदवार दिनेश त्रिवेदी को 14,000 वोटों से हराया था। इस बार बैरकपुर में भाजपा सांसद अर्जुन सिंह का मुकाबला पार्थ भौमिक (टीएमसी) और देबदत घोष सीपीआई-एम के साथ हुआ है।

**उलुबेरिया में टीएमसी की पांचवी जीत की शोरः** उलुबेरिया में तृणमूल कांग्रेस का पलड़ा एख बार फिर भारी नजर आता है। पार्टी इस सीट पर अपनी लगातार पांचवीं जीत की उम्मीद कर रही है। भाजपा का संगठन यहां कमजोर है। टीएमसी सांसद सजदा अहमद का मुकाबला यहां भाजपा के अरुण दयाल चौधरी और कांग्रेस के अजहर मॉलिक से हुआ है। यहां करीब 28 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता है। भाजपा यहां हिंदू मतों के ध्रुवीकरण की उम्मीज कर रही है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

### श्रीरामपुर में टीएमसी को चौथी जीत का भरोसा

श्रीरामपुर लोकसभा सीट पर एक चौथाई मतदाता राजस्थान, बिहार या उत्तरप्रदेश के हैं, जो अब वहां बस चुके हैं। टीएमसी के कल्याण बनर्जी श्रीरामपुर से सांसद हैं। वह जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। टीएमसी ने फिर से उन्हें उम्मीदवार बनाया है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में कल्याण बनर्जी ने भाजपा के देबजीत सरकार को पराजित किया था। इस बार कल्याण बनर्जी का मुकाबला भाजपा के कबीर शंकर बोस से हुआ है। 2014 में भाजपा से लड़े संगीतकार बप्पी लाहिड़ी यहां चुनाव हार चुके हैं।

### बनगांव में केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर को दूसरी बार जीत का भरोसा

बनगांव बांग्लादेश की सीमा पर स्थित है। इस कारण यहां देश की स्वतंत्रता और बांग्लादेश युद्ध के समय बड़ी संख्या में आए हिंदू शरणार्थी बसे हैं। बांग्लादेश के हिंदू शरणार्थी यानी मतुआ समुदाय ही यहां हार-जीत तय करता है। 2019 में पहली बार भाजपा यहां जीती थी। इस सीट के भाजपा सांसद केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर मतुआ समुदाय से आते हैं। साल 2019 में उन्होंने अपनी भाभी ममता ठाकुर को 1,11,594 मतों से हराया था। इस बार भाजपा से उतरे शांतनु ठाकुर का मुकाबला टीएमसी के विश्वजीत दास और कांग्रेस के प्रदीप विश्वास से हो रहा है।

# विरासत की कहानी में बदलाव की आहट

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** हाजीपुर का केला अगर देश भर में मशहूर है, तो यह लोकसभा सीट दिवंगत नेता रामविलास पासवान के नाम से जानी जाती रही है। अपने चाचा हाजीपुर के मौजूदा सांसद पशुपति पारस से पिता रामविलास पासवान की विरासत की जंग जीतने के बाद उनके पुत्र लोजपा अध्यक्ष चिराग पासवान ने इस बार हाजीपुर से लोकसभा में पहुंचने के लिए कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी है। पांचवें चरण में सोमवार को उनकी सीट पर भी मतदान होना है। यहां उनको लालू प्रसाद यादव की पार्टी राजद के पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम ने कड़ी टक्कर दी है।

मतदान से पहले हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र एनडीए और इंडिया गठबंधन के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन चुका है। दोनों पक्ष अपने ज्यादा से ज्यादा वोटरों को बूथ तक पहुंचने के लिए जोर कसे हैं। यहां पूरी लड़ाई विरासत और बदलाव के बीच नजर आ रही है। चुनाव प्रचार के दौरान हाजीपुर से आठ बार चुनाव जीतने वाले रामविलास पासवान की कमी उनके बेटे चिराग पासवान पूरी करने का वायदा लोगों से करते रहे हैं। उन्होंने लोगों से भावनात्मक अपील की है कि आपका एक-एक वोट रामविलास पासवान के अधूरे सपने को पूरा करने के लिए मुझे मजबूत बनाएगा। इसके जवाब में राजद उम्मीदवार शिवचंद्र राम शुरू से लोगों को यही समझाने में लगे रहे हैं कि स्थानीय उम्मीदवार ही आपके लिए हर समय उपलब्ध रह सकता है और हाजीपुर की समस्याओं का समाधान कर सकता है। उन्होंने चुनाव को स्थानीय बनाम बाहरी बनाने का पूरा प्रयास किया है। शिवचंद्र हाजीपुर से कई चुनाव लड़ चुके हैं। दो बार राजद से विधायक और मंत्री रहे हैं। चिराग पासवान से उनकी यहां सीधी लड़ाई है। चिराग को जातिगत वोट, पीएम मोदी का नाम, भाजपा और मुख्यमंत्री नितीश के जनता दल (यू) के वोटों का आसरा है।

2019 में लोजपा ने छह सीटें जीती थीं, तब रामविलास चुनाव नहीं लड़े थे। हाजीपुर से अपने भाई पारसनाथ को उतारा था, जो जीतकर सांसद बने थे और लोजपा में विभाजन के बाद पांच सांसदों के साथ मोदी सरकार को समर्थन देकर केंद्र में मंत्री बने थे। उधर, चिराग पासवान 2019 में जमुई से सांसद चुने गए थे। रामविलास की गैर मौजूदगी में यह पहला चुनाव है जब चिराग खुद जीत हासिल करने के साथ अब लोजपा (र) की पांच सीटें बचाने का दारोमदार है।



चिराग पासवान।



शिवचंद्र राम।

# माओवादियों की भाषा बोल रहे हैं राहुल : मोदी

## जमशेदपुर की रैली में बोले - उद्योगपति कांग्रेस शासित राज्यों में निवेश करने से पहले 50 बार सोचेगा

जमशेदपुर (झारखंड), एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर रविवार को निशाना साधते हुए कहा कि शहजादे द्वारा माओवादियों की भाषा बोलने के कारण कोई भी उद्योगपति कांग्रेस शासित राज्यों में निवेश करने से पहले 50 बार सोचेगा। मोदी ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर वंशवादी राजनीति को संरक्षण देने और लोकसभा सीट को खानदानी जयदाद मानने का भी आरोप लगाया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली भाषा किसी भी उद्योगपति को पार्टी द्वारा शासित राज्यों में निवेश करने से पहले 50 बार सोचने पर मजबूर कर देगी। शहजादे माओवादियों की भाषा बोल रहे हैं और नए-नए तरीकों से पैसा वसूल रहे हैं। इससे पहले राहुल गांधी ने शनिवार को नई दिल्ली में कहा था, मैं प्रधानमंत्री मोदी से कभी भी और कहीं भी बहस करने के लिए तैयार हूं, लेकिन मुझे यकीन है कि वह नहीं आएंगे। पहला सवाल मैं प्रधानमंत्री मोदी से पूछूंगा कि अडाणी से उनका क्या रिश्ता है। प्रधानमंत्री कांग्रेस को अडाणी-अंबानी से पैसा मिलने की बात करते हैं, लेकिन उनमें इसकी जांच कराने की हिम्मत नहीं है।

जमशेदपुर में मोदी ने कहा कि उन्होंने नक्सलियों की रीढ़ तोड़ दी है, लेकिन कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने धन उगाही की जिम्मेदारी ली है। मैं कांग्रेस और इंडिया गठबंधन शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को इस बात का जवाब देने की चुनौती देता हूं कि क्या वे अपने शहजादे की उद्योग-विरोधी भाषा से सहमत हैं।



- शनिवार को राहुल गांधी ने कहा था कि मैं मोदी से बहस को तैयार है, लेकिन वह नहीं आएंगे

### कांग्रेस और झामुमो का विकास से लेना देना नहीं

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो को देश के विकास से कोई लेना-देना नहीं है, क्योंकि वे भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है, यह कोयला और 2जी घोटालों सहित कई घोटालों में शामिल रही है। झामुमो और कांग्रेस को उद्योगों की कोई चिंता नहीं है। झारखंड अपने समृद्ध संसाधनों के बावजूद भ्रष्ट नेताओं के पास मौजूद काले धन के ढेर के लिए जाना जाता है। उन्होंने सेना को भी नहीं बख्शा और उसकी जमीन हड़प ली झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री (हेमंत सोरेन) भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों को यह भी आश्वासन दिया कि वह राज्य में लूटा हुआ सार्वजनिक धन भ्रष्ट नेताओं से वसूल करेंगे और इसे उन गरीबों को लौटा देंगे जिनका यह धन है। मोदी ने कांग्रेस पर लोगों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित करने का आरोप लगाया।

### मोदी ने की आरकेएम और भारत सेवाश्रम संघ पर ममता की टिप्पणी की निंदा

पुरुलिया/बिष्णुपुर (प. बंगाल), रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ के खिलाफ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की टिप्पणियों की निंदा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि टीएमसी वोट बैंक के तुष्टिकरण के लिए इन सामाजिक-धार्मिक संगठनों को धमका दे रही है। मोदी ने पुरुलिया की रैली में कहा कि टीएमसी शालीनता की हदें लांघकर इतना नीचे गिर गई है कि वह इस्कॉन, रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ के खिलाफ अफवाह फैला रही है। प्रधानमंत्री ने बिष्णुपुर की रैली में बनर्जी पर मुस्लिम कट्टरपंथियों के दबाव में होने और देश के साधु और संतों पर हमला करने का आरोप लगाया।

# कांग्रेस की 25 गारंटी आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा का कवच : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में जो पांच न्याय और 25 गारंटी देश के नागरिकों को देने की बात कही है उसमें सबके लिए सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा का मजबूत कवच मौजूद है।

खरगे ने कहा कि कांग्रेस का प्रण है कि आने वाली सरकार 30 लाख सरकारी पद भरकर न सिर्फ युवाओं का भविष्य सुरक्षित करेगी बल्कि एक दशक से लंबित एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस के आरक्षण के पारित पदों को भी भरेगी और युवाओं की देशभक्ति पर सवाल उठाने वाली अग्निवीर योजना को भी बंद करेगी खरगे ने कहा महालक्ष्मी गारंटी के तहत गरीब महिलाओं को प्रति माह 8500 उनके खाते में सीधा ट्रांसफर किया जाएगा जिससे वो बढ़ती महंगाई का मुकाबला कर सकें और कुछ पैसे जुटा कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। अब 25 लाख का मुफ्त इलाज किसी भी महिला को अपने गहने गिरवी रखने पर मजबूर नहीं करेगा। अन्नदाता किसानों की आय को बढ़ाने के लिए एमएसपी की लीगल गारंटी, इनपुट पर जीएसटी हटाना व स्थिर आयात-निर्यात नीति एक दूरगामी कदम साबित होगा।



- कांग्रेस अध्यक्ष बोले- 30 लाख पदों पर भर्ती कर युवकों का भविष्य करेंगे सुरक्षित

### मोदी ने वादे पूरे नहीं किए 83 प्रतिशत युवा बेरोजगार

कोलकाता। टीएमसी नेता अमित मित्रा ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा विभिन्न मुद्दों पर किये गए वादों को पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने दावा किया कि देश के बेरोजगारों में 83 प्रतिशत युवा हैं। मित्रा ने अपनी पार्टी के रुख को दोहराया कि टीएमसी इंडिया गठबंधन के साथ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा पार्टी के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी को फटकार लगाना और अधीर का प्रत्युत्तर उनका आंतरिक मामला है। ममता बनर्जी की कैबिनेट में पूर्व वित्त मंत्री रहे मित्रा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में दावा किया, देश में बेरोजगार लोगों में से लगभग 83 प्रतिशत युवा पुरुष और महिलाएं हैं। उन्होंने कहा, शिक्षित युवा पुरुषों और महिलाओं में से दो तिहाई बेरोजगार हैं।

## एक नजर

### अपनी ही बंदूक की गोली से सीआईएसएफ जवान की गई जान

**चेन्नई।** कर्नाटक के रहने वाले केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 37 वर्षीय जवान की अपनी ही बंदूक से गोली लगने से मौत हो गई। पुलिस ने यह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है कि रवि किरण ने खुद को गोली मारी या शनिवार को कर्नाटक जाने वाली बस में यात्रा करते समय गलती से बंदूक चल गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, रवि किरण कर्नाटक के रहने वाले थे और शनिवार को जब यह घटना हुई तब वह कलपक्कम से अपने गृहनगर बेंगलुरु जा रहे थे। अधिकारी ने कहा, हथियार की स्थिति के बारे में रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारण का पता लगा पाएंगे।

### कुंए से जहरीली गैस के रिसाव से एक की मौत

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में बुंदेली गांव में एक कुंए में जहरीली गैस के रिसाव से एक सफाईकर्मी की मौत हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रूप से बीमार है। कुंए में सफाई के दौरान बेहोशी की हालत में पानी में डूबने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे युवक को कुंए से निकालकर अस्पताल ले जाया गया। मामला रजगामार पुलिस चौकी क्षेत्र के बुंदेली गांव की है। घटना की सूचना पर डायल 112 और संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। नगर सेना की रेस्क्यू टीम ने दोनों युवकों को बाहर निकाला। कुंए में डूबे युवकों का नाम जगत राम और साहेब लाल है। इस घटना में जगत राम की मौत हो गई। कुंए से निकलने वाली जहरीले गैस के कारण मौत होने की वजह बताई जा रही है। इस पूरे मामले पुलिस जांच कर रही है।



पं. बंगाल के हावड़ा जिले के बेलूर इलाके में चुनाव के पांचवें चरण की पूर्व संध्या पर चुनाव सामग्री लेकर जाता मजदूर। • एजेंसी

# प्रज्ज्वल मामले को बंद करने की तैयारी में एसआईटी: अशोक

बेंगलुरु, एजेंसी

- कर्नाटक में विपक्ष के नेता ने सीबीआई जांच की उठाई मांग

कर्नाटक में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने रविवार को आरोप लगाया कि विशेष जांच दल (एसआईटी) प्रज्ज्वल रेवन्ना सेक्स स्कैंडल मामले को गलत तरीके से बंद करने की कगार पर है। अशोक ने आंतरिक जांच की निष्पक्षता पर संदेह व्यक्त करते हुए मामले को सीबीआई को सौंपने की मांग की। जांच में सरकारी अधिकारियों के फंसने की संभावना है, जिससे आंतरिक जांच की निष्पक्षता पर संदेह है।

उन्होंने पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना और अन्य आरोपियों के साथ किए जा रहे बर्ताव में असमानताओं की ओर इशारा करते हुए कानून प्रवर्तन और न्यायपालिका में कथित हेरफेर के लिए कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने दावा किया कि जेल में बंद भाजपा नेता देवराजे गौड़ा ने डीके शिवकुमार से जुड़ी रिकॉर्डिंग लीक की थी, जिस पर उन्होंने जोर देकर कहा था कि वह वास्तविक थी और इसके बाद देवराजे गौड़ा की गिरफ्तारी हुई। भाजपा नेता ने रणदीप सुरजेवाला, शिवकुमार और मुख्यमंत्री सिद्दारमैया सहित प्रमुख कांग्रेस हस्तियों पर दलित और वोक्कालिगा नेताओं के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाते हुए इन समुदायों को हाशिये पर धकेलने के उद्देश्य से किये जा रहे राजनीतिक षडयंत्र की गंभीर तस्वीर पेश की।

# मप्र में बुजुर्ग दलित दंपती से मारपीट और जूतों की माला पहनाई, 10 के खिलाफ मामला दर्ज

**अशोक नगर।** मध्य प्रदेश के अशोक नगर जिले में बुजुर्ग दलित दंपती के साथ मारपीट की गई और उन्हें जूतों की माला पहनाई गई। पुलिस ने बताया कि दंपती का बेटा कथित तौर पर छेड़छाड़ की घटना में शामिल था। दंपती से मारपीट की घटना मुंगावली थाना क्षेत्र के तहत किलोरा गांव में शुक्रवार को हुई। इस संबंध में 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, ये सभी फरार हैं। मुंगावली थाने के प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर ने कहा कि दंपती का बेटा एक आरोपी की पत्नी से छेड़छाड़ में शामिल था। घटना के बाद दलित परिवार ने गांव छोड़ दिया था। ये दंपती हाल ही में गांव आया था। शुक्रवार को आरोपियों ने 65 वर्षीय व्यक्ति और उनकी 60 वर्षीय पत्नी को एक खंभे से बांधकर मारपीट की और उन्हें जूतों की माला पहनाई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है।

# पत्नी और बेटे के खिलाफ आवेदन कर पूर्व मंत्री ने मांगा भरण-पोषण का खर्च

जयपुर, एजेंसी

- विश्वेंद्र सिंह ने पत्नी-बेटे पर पीटने और खाना नहीं देने का लगाया आरोप
- पत्नी और बेटे ने आरोपों को गलत बताते हुए छवि धूमिल करने की कही बात

भरतपुर के राजघराने का विवाद उस समय खुलकर सामने आ गया जब राजस्थान के पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने अपनी पत्नी और बेटे के खिलाफ उप संभागीय मजिस्ट्रेट की अदालत में एक आवेदन दायर किया और भरण-पोषण खर्च की मांग की। उनका आरोप है कि उनकी पत्नी तथा बेटा उन्हें पीटते थे और खाना भी नहीं मिलता था, जिससे तंग आकर वह घर छोड़कर चले गए। उनकी पत्नी और बेटे ने सिंह पर पैतृक संपत्ति बेचने तथा उनकी छवि खराब करने का आरोप लगाया।

विश्वेंद्र सिंह ने एसडीएम अदालत में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत एक आवेदन दायर किया था। वह पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री थे जबकि उनकी पत्नी भरतपुर से लोकसभा सदस्य रही हैं। इस संबंध में रविवार को खबर छपने के बाद विश्वेंद्र सिंह की पत्नी दिव्या सिंह और बेटे अनिरुद्ध सिंह ने विश्वेंद्र सिंह पर परेशान करने और उनकी छवि खराब करने का आरोप लगाया।

अदालत में दिये अपने आवेदन में 62 वर्षीय विश्वेंद्र सिंह ने कहा, वह हृदय रोगी हैं और अवसाद का सामना नहीं कर सकते। कहा कि वर्ष 2021 और 2022 में दो बार कोविड-19 से संक्रमित होने के बावजूद, उनकी पत्नी और बेटा उनकी सहायता करने या देखभाल करने में विफल रहे। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों से, मेरी पत्नी और बेटे ने मेरे खिलाफ विद्रोह शुरू कर दिया है। उन्होंने मुझ पर हमला किया। मेरे दस्तावेज और कपड़े जला दिए तथा मेरे साथ मौखिक दुर्व्यवहार किया। खाना तक देना बंद कर दिया। उन्होंने कहा, मुझे किसी से भी मिलने की मनाही थी और उन्होंने मुझे महल के भीतर लंबे समय तक यातना दी।

### छत्तीसगढ़ में चलती ट्रेन से टकराई ड्रिल मशीन, तीन घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के बाहरी इलाके में रविवार को बड़ी ड्रिलिंग मशीन का एक सिरा चलती ट्रेन से टकरा गया, जिससे दो यात्री और एक सफाई कर्मचारी घायल हो गए। रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह 10 बजे हुई, जब लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुंबई) जाने वाली शालीमार एक्सप्रेस रायपुर के पास उरकुरा रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी। इससे पहले अधिकारियों ने कहा था कि पटरी के पास एक खंभा ट्रेन पर गिर गया। अधिकारी ने कहा कि धातु का टुकड़ा बाद में 'ड्रिल मशीन रीमर' के रूप में पाया गया जो एक खंभे जैसा दिखता है। ट्रेन रायपुर पहुंची तो रेलकर्मी कोच में पहुंचे और घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार दिया।

# कांग्रेस, राजद नेता अपने घुसपैठिए वोट बैंक के डर से प्राण प्रतिष्ठा में शामिल नहीं हुए: शाह

बेतिया, एजेंसी



- गृह मंत्री ने बेतिया में इंडिया गठबंधन पर साधा निशाना

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता अपने घुसपैठिए वोट बैंक के डर से राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं हुए थे।

बिहार के बेतिया में चुनावी सभा में शाह ने कहा, कांग्रेस और राजद शुरू से ही राम मंदिर के खिलाफ थे। समारोह का उन्हें निमंत्रण दिया गया, लेकिन वे अपने घुसपैठिए वोट बैंक के डर से नहीं आए। शाह ने पाकिस्तान की परमाणु शक्ति के बारे में बयान देने पर कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष की आलोचना की और कहा, कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर और उनके सहयोगी दल के नेता फारूक अब्दुल्ला कहते हैं कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है, इसीलिए पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की बात मत करो। हम भाजपा के कार्यकर्ता परमाणु बम से नहीं डरते। मोदी की गारंटी है कि पीओके भारत का है, हमेशा रहेगा और हम इसको लेकर रहेंगे।

शाह ने लालू प्रसाद के नेतृत्व वाली राजद पर मंडल आयोग की सिफारिशों का विरोध करने वाली कांग्रेस के साथ हाथ मिलाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह विरोध केवल लालू के बेटे तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने के लिए किया गया था। उन्होंने पिछड़े वर्ग के लोगों का सम्मान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की और बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत का भरोसा जताया। शाह ने कहा, मोदी के नेतृत्व में राजग 400 से ज्यादा सीट जीतेगा। चार चरणों के मतदान के बाद मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि राजग पहले ही 270 से अधिक लोकसभा सीट जीत चुका है। राजद चार सीट भी नहीं जीतेगी और कांग्रेस 40 भी नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद ने कभी गरीबों के विकास के लिए काम नहीं किया और वे कभी भी बिहार की उन्नति के बारे में नहीं सोचते हैं।

## कारोबार/कृषि

### सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 73,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 73,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,100 |
| चांदी तैयार | 88,000 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

### लखनऊ मंडी

गेहूं (आरआर 21) 2360-2800, गेहूं (के 65)3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000 **चावल प्रति कुन्तल:** चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000-8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500 **दाल दलहन:** चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 14500-17000, मटर हरा 6000-6200, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, उड़द काला 9000-9500, दाल उड़द हरी 15500-16000, दाल उड़द काली 10500-11000, दाल उड़द धोवा 12000-12500, मूंग खड़ा 10000-10500, मूंग दाल 10500-11000, मूँग धोवा 12000-13000, मसूर 8800-9000, मलका 9000-9500, दाल अरहर फूल 16000-17000, दाल स्पेशल 13000-14000, राज्मा सफेद 13000-14000, राज्मा काला 11500-12500, मूंगफली का दाना 11000-12000, **तेल तिलहन:** अलसी 5310-5510, लाही 4800-5200, काली सरसों 4900-5300, पीली सरसों 5600-5800, तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900, तेल अलसी 2600-2700, तेल तिल्ली 2600-2700, तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500, तेल नारियल 2700-2800, तेल सोयाबीन 1650-1700, **वनस्पति:** बावर्ची 1900, रथ 1950, चीनी (एम 30) 4250, चीनी (एस 30) 4100, गुड़ पंसेरा 5000, गुड लड्डू 5200

# ईंधन कारोबार में बड़ा हिस्सा चाहती है रिलायंस

## सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की एटीएफ पाइपलाइन और भंडारण तक मिले पहुंच

नई दिल्ली, एजेंसी

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड चाहती है कि उसे सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की पाइपलाइन और भंडारण (स्टोरेज) तक पहुंच मिले। इन पाइपलाइन और स्टोरेज का निर्माण सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों ने पिछले कई साल में किया है। इनका इस्तेमाल वह डिपो और तेल रिफाइनरी से हवाई अड्डों तक विमान ईंधन की आपूर्ति के लिए करती हैं।

रिलायंस इन सुविधाओं तक पहुंच से एशिया के कुछ व्यस्त हवाई अड्डों पर ईंधन कारोबार में बड़ी हिस्सेदारी हासिल करना चाहती है। देश के कुल विमान ईंधन (एटीएफ) उत्पादन में रिलायंस की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत है। रिलायंस दिल्ली हवाई अड्डे के बाहर के स्टोरेज डिपो के अलावा मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद हवाई अड्डों तक जाने वाली पाइपलाइन तक पहुंच चाहती है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा की जाने वाली एटीएफ आपूर्ति की तुलना में फिलहाल रिलायंस की हिस्सेदारी काफी कम है। पेट्रोलियम क्षेत्र के नियामक भारतीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने पाइपलाइन द्वारा सभी मौजूदा और भविष्य के हवाई अड्डों पर एटीएफ की आपूर्ति के बारे में नियमों के मसौदे पर टिप्पणियां मांगी है।

नियामक ने कहा है कि प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और ईंधन की लागत को कम करने के लिए सभी आपूर्तिकर्ताओं को आपूर्ति के लिए इन पाइपलाइन तक पहुंच मिलनी चाहिए। पीएनजीआरबी के मसौदे पर रिलायंस ने यह सुझाव दिया है। देश का ईंधन बाजार मुक्त है लेकिन देश के व्यस्त हवाई अड्डों पर एटीएफ की आपूर्ति दशकों से सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) द्वारा बनाई गई पाइपलाइन से की जाती है।



- देश के कुल विमान ईंधन उत्पादन में रिलायंस की हिस्सेदारी 25% है

### एटीएफ आपूर्ति शृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा


रिलायंस ने कहा है कि एयरलाइन के लिए पाइपलाइन के दायरे (जो सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा निर्मित पाइपलाइन तक तीसरे पक्ष को पहुंच प्रदान करता है) में भंडारण सुविधाओं तथा ऑफ साइट टर्मिनल सुविधाओं तक पंप स्टेशनों को शामिल किया जाना चाहिए, क्योंकि ये एटीएफ आपूर्ति शृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। रिलायंस का कहना है कि इससे यह हवाई अड्डे पर ऑन-साइट भंडारण सुविधाओं के लिए एटीएफ की आपूर्ति और वितरण को एक प्रतिस्पर्धी बाजार को बढ़ावा मिलेगा। सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की रिफाइनरियों द्वारा उत्पादित 1.71 करोड़ टन एटीएफ में से 82 लाख टन की खपत देश में होती है और बाकी का निर्यात किया जाता है। जामनगर में रिलायंस की दो रिफाइनरी करीब 50 लाख टन का उत्पादन करती हैं जिसका एक बड़ा हिस्सा निर्यात किया जाता है।

# सेंसेक्स की 10 में 8 कंपनियों की पूंजी 1.47 लाख करोड़ बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में आठ के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह 1,47,935.19 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और रिलायंस रहीं।

बीते सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 1,341.47 अंक या 1.84% के लाभ में रहा। एनएसई और बीएसई ने प्राथमिक साइट पर व्यवधानों या विफलता से निपटने के लिए तैयारियों की जांच को 18 मई को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष कारोबारी सत्र आयोजित किया। समीक्षाधीन सप्ताह में एलआईसी का मूल्यांकन 40,163.73 करोड़ रुपये बढ़कर 6,16,212.90 करोड़ पहुंच गया। रिलायंस ने 36,467.26 करोड़ जोड़े और 19,41,110.70 करोड़ रुपये पहुंचा। भारती एयरटेल की हैसियत 26,492.61 करोड़ बढ़कर 7,64,917.29 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक 21,136.71 करोड़ रुपये बढ़कर 11,14,163.29 करोड़ रही। आईसीआईसीआई बैंक 9,570.68 करोड़ रुपये बढ़कर 7,94,404.51 करोड़ पहुंचा। इन्फोसिस 7,815.51 करोड़ रुपये बढ़कर 5,99,376.39 करोड़ हो गया। आईटीसी की हैसियत 4,057.54 करोड़ बढ़कर 5,44,895.67 करोड़ रुपये हुई। एसबीआई का मूल्यांकन 2,231.15 करोड़ रुपये बढ़कर 7,32,576.77 करोड़ रुपये रहा।



- एलआईसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक लाभ में रहीं
- बीते सप्ताह सेंसेक्स 1,341.47 अंक या 1.84% लाभ में रहा

# कारोबार, जमा वृद्धि में बैंक ऑफ महाराष्ट्र आगे

नई दिल्ली, एजेंसी

बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने बीते वित्त वर्ष में कुल कारोबार तथा जमा जुटाने के मामले में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में ऊंची वृद्धि दर्ज की है। बीओएम ने यह वृद्धि ऐसे समय हासिल की है जबकि ज्यादातर सरकारी बैंक दो अंकीय वृद्धि हासिल करने के लिए संघर्ष करते नजर आए।

बैंकों के आंकड़ों के अनुसार पुणे मुख्यालय वाले बैंक ऑफ महाराष्ट्र का कुल घरेलू कारोबार 2023-24 में 15.94% बढ़ा है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 13.12% की वृद्धि दर्ज की है। मूल्य के हिसाब से एसबीआई का कुल कारोबार (जमा और अग्रिम) बैंक ऑफ महाराष्ट्र के 4,74,411 करोड़ की तुलना में 16.7 गुना अधिक 79,52,784 करोड़ रुपये रहा है। बीते वित्त वर्ष में जमा जुटाने में भी बीओएम की वृद्धि दर अच्छी रही है। बीओएम की जमा वृद्धि 15.66% रही। एसबीआई 11.07%, बैंक ऑफ इंडिया 11.05% और केनरा बैंक 10.98% रहा। बीते वित्त वर्ष में सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंकों में से केवल ये चार बैंक जमा के मामले में 10% से अधिक की वृद्धि हासिल कर पाए हैं।

कम लागत की कासा (चालू खाता बचत खाता) जमा के मामले में भी बैंक ऑफ महाराष्ट्र 52.73% की वृद्धि के साथ शीर्ष पर रहा। इसके बाद 50.02% की वृद्धि के साथ सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का स्थान रहा। कासा जमा से बैंकों को अपने कोष की लागत को निचले स्तर पर रखने में मदद मिलती है। कर्ज वृद्धि के मामले में कोलकाता का यूको बैंक 16.38% की वृद्धि से बीओएम से थोड़ा बेहतर था। 16.30% की वृद्धि के साथ बीओएम का स्थान रहा।



- बैंक का कुल घरेलू कारोबार 2023-24 में 15.94% बढ़ा

### सरकार ने माफी योजना से जुटाए 852 करोड़

**नई दिल्ली।** सरकार ने निर्यातकों के लिए माफी योजना के तहत 852 करोड़ रुपये जुटाए हैं। अग्रिम और ईपीसीजी की अनुमति वाले निर्यातकों से निर्यात प्रतिबद्धता में चूक के मामले में निपटान योजना शुरू हुई थी।

एक अधिकारी ने बताया कि इस योजना के तहत सरकार 852 करोड़ रुपये जुटा चुकी है। सरकार ने सीमा शुल्क और ब्याज के भुगतान की आखिरी तारीख 31 मार्च तय की है। योजना के तहत 6,705 आवेदन मिले थे और 852 करोड़ की वसूली हुई। कई छोटे निर्यातकों ने सरकार से योजना को सितंबर तक जारी रखने का अनुरोध किया है।

# उत्पाद और प्रौद्योगिकी पर 43,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा टाटा मोटर्स समूह

नई दिल्ली, एजेंसी

टाटा मोटर्स समूह ने नए उत्पादों और प्रौद्योगिकी पर चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए निवेश लक्ष्य को बढ़ाकर 43,000 करोड़ कर दिया है। इसमें सबसे अधिक हिस्सा समूह की ब्रिटिश इकाई जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) को होगा।

कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 2023-24 में टाटा मोटर्स ने जेएलआर के लिए तीन अरब पाउंड (30,000 करोड़) और टाटा मोटर्स के लिए 8,000 करोड़ रुपये का निवेश तय किया था। यह कुल मिलाकर यह 38,000 करोड़ है। टाटा मोटर्स समूह के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) पीबी बालाजी ने तिमाही नतीजों के बाद कहा, बीते वित्त वर्ष में जेएलआर का निवेश 3.3 अरब पाउंड (33,000 करोड़) रहा, जबकि टाटा मोटर्स का निवेश 8,200 करोड़ से अधिक रहा। बीते वित्त वर्ष में समूह का कुल निवेश 41,200 करोड़ रुपये था।

बालाजी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में जेएलआर के लिए निवेश 3.5 अरब पाउंड (35,000 करोड़ रुपये) रहेगा। टाटा मोटर्स के लिए हमारा निवेश 8,000 करोड़ रुपये के दायरे में रहेगा। जेएलआर के लिए निवेश में करीब 6% की वृद्धि होगी, जबकि टाटा मोटर्स के लिए यह स्थिर रहेगा। यह निवेश उत्पादों और प्रौद्योगिकी में होगा। जगुआर लैंड रोवर के सीएफओ रिसर्च मॉलिनेक्स ने कहा, वित्त वर्ष 2025-26 वह वर्ष है जब हमारे नए उत्पाद बाजार में आएंगे।



- टाटा मोटर्स समूह ने चालू वित्त वर्ष के लिए निवेश लक्ष्य बढ़ाया

अमृत विचार
IPL
# आईपीएल
लखनऊ, सोमवार, 20 मई 2024
www.amritvichar.com


### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 14 | 24 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 14 | 20 |
| अर्शदीप सिंह (पंजाब) | 14 | 19 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 14 | 708 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 14 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 12 | 533 |

# हार की निराशा के साथ पंजाब का सफर खत्म

## सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब को चार विकेट से दी शिकस्त, अभिषेक ने लगाया अर्धशतक, क्लासेन चूके




**हैदराबाद, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 69वें मैच में रविवार को अभिषेक शर्मा (66) और हाइनरिक क्लासन (42) रनों की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को चार विकेट से हरा दिया है।

आज यहां राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में 215 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में ट्रैविस हेड (शून्य) का विकेट गवां दिया। उसके बाद अभिषेक शर्मा और राहुल त्रिपाठी ने पारी को संभाला। पांचवें ओवर में हर्षल पटेल ने त्रिपाठी को अर्शदीप के हाथों कैच आउट करा दिया। त्रिपाठी ने 18 गेंदों में चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए (33) रन बनाए। नितीश कुमार रेड्डी ने 25 गेंदों में (37), शाहबाज अहमद (3) रन बनाकर आउट हुए। अभिषेक शर्मा ने 28 गेंदों में सर्वाधिक 66 रनों की पारी खेली। हाइनरिक क्लासन ने 26 गेंदों में 42 रन बनाए। अब्दुल समद (11) और सनवीर सिंह (6) रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद ने 19.1 ओवर में छह विकेट पर 215 रन बनाकर चार विकेट से मुकाबला जीत लिया। पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल ने दो-दो विकेट लिये। हरप्रीत बराड़ और शशांक सिंह ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले प्रभसिमरन सिंह (71), राइली रुसो (49) और अथर्व तायडे (46) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पंजाब किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिये 215 रनों का लक्ष्य दिया था। चोटिल शिखर धवन और सैम करन की अनुपस्थिति में कप्तान बनाये गये जितेश शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी प्रभसिमरन सिंह और अथर्व तायडे की सलामी जोड़ी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट लिए 97 रन जोड़े।



अर्धशतकीय साझेदारी के दौरान बातचीत करते पंजाब के सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह और रिली रोसोउ।

10वें ओवर में टी नटराजन ने अथर्व तायडे को आउट कर हैदराबाद को पहली सफलता दिलाई। तायडे ने 27 गेंदों में 46 रन बनाए। 15वें ओवर में प्रभसिमरन सिंह के रूप में पंजाब का दूसरा विकेट गिरा। उन्हें विजयकांत वियसकांत ने आउट किया।

प्रभसिमरन सिंह ने 45 गेंदों में सात चौके और चार छक्के लगाते हुए सर्वाधिक (71) रन बनाए। शशांक सिंह (2) और आशुतोष शर्मा (2) रन बनाकर आउट हुए। राइली रुसो ने 24 गेंदों में 49 रनों की पारी खेली। जितेश शर्मा 15 गेंदों में (32) और सुबोध भाटी (2) रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 214 रनों का स्कोर खड़ा किया। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से थंगारसु नटराजन ने दो विकेट लिए। पैट कमिंस और वी वियसकांत ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 14 | 9 | 3 | 20 | 2 | +1.428 |
| हैदराबाद (क्वा) | 14 | 8 | 5 | 17 | 1 | +0.414 |
| राजस्थान (क्वा) | 14 | 8 | 5 | 17 | 1 | +0.273 |
| बेंगलुरु (क्वा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.459 |
| चेन्नई (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.392 |
| दिल्ली (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| लखनऊ (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.667 |
| गुजरात (बा) | 14 | 5 | 7 | 12 | 2 | -1.063 |
| पंजाब (बा) | 14 | 5 | 9 | 10 | 0 | -0.353 |
| मुंबई (बा) | 14 | 4 | 10 | 8 | 0 | -0.318 |

**पंजाब 214/5** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अथर्व तायड़े का सनवीर बो नटराजन | 46 | 27 | 5/2 |
| प्रभसिमरन सिंह का क्लासेन बो व्यासकांत | 71 | 45 | 7/4 |
| रिली रोसोउ का समद बो कमिंस | 49 | 24 | 3/4 |
| शशांक सिंह रन आउट | 2 | 4 | 0/0 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 32 | 15 | 2/2 |
| आशुतोष शर्मा का सनवीर बो नटराजन | 2 | 3 | 0/0 |
| शिवम सिंह नाबाद | 2 | 3 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-36-0, कमिंस 4-0-36-1, नटराजन 4-0-33-2, व्यासकांत 4-0-37-1, शाहबाज 1-0-13-0, रेड्डी 3-0-54-0

**हैदराबाद 215/6** — 19.1 ओवर, अतिरिक्त : 17

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड बो अर्शदीप | 0 | 1 | 0/0 |
| अभिषेक शर्मा का शिवम बो शशांक | 66 | 28 | 5/6 |
| राहुल त्रिपाठी का अर्शदीप बो हर्षल | 33 | 18 | 4/2 |
| नीतिश कुमार रेड्डी का शिवम बो हर्षल | 37 | 25 | 1/3 |
| हेनरिच क्लासेन बो बरार | 42 | 26 | 3/2 |
| शाहबाज अहमद का शशांक बो अर्शदीप | 3 | 6 | 0/0 |
| अब्दुल समद नाबाद | 11 | 8 | 0/1 |

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-37-2, ऋषि 3-0-35-0, हर्षल 4-0-49-2, चाहर 4-0-43-0, बरार 3-0-36-1, शशांक 1-0-5-1, तायडे 0.1-0-4-0

## निजता के उल्लंघन को लेकर आईपीएल प्रसारक पर भड़के रोहित शर्मा

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टीवी प्रसारक पर निजता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कहा कि 'एक्सक्लूजिव' और 'व्यूज' के चक्कर में एक दिन प्रशंसकों, क्रिकेटरों और क्रिकेट के बीच का विश्वास खत्म हो जाएगा।



रोहित ने उनके और कोलकाता नाइट राइडर्स के सहायक कोच अभिषेक नायर के बीच बातचीत का वीडियो वायरल होने पर निराशा जताई। इस वीडियो में वह मुंबई इंडियंस के साथ अपने भविष्य पर बात करते नजर आ रहे हैं। रोहित ने एक्स पर लिखी पोस्ट में आईपीएल के टीवी प्रसारक स्टार स्पोटर्स पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा मेरे मना करने के बावजूद स्टार स्पोर्ट्स ने मेरी बातचीत को न सिर्फ रिकॉर्ड किया बल्कि प्रसारित भी कर दिया। यह निजता का उल्लंघन है। उन्होंने लिखा क्रिकेटरों की जिंदगी में इतना दखल हो रहा है कि कैमरा हर कदम पर पीछा करता है।

भारतीय कप्तान ने कहा एक्सक्लूजिव पाने और व्यूज तथा इंगेजमेंट पर ही फोकस रखने से एक दिन प्रशंसकों, क्रिकेट और क्रिकेटरों के बीच का विश्वास खत्म हो जाएगा। रोहित ने प्रसारकों से ऑडियो बंद करने का अनुरोध किया था। यह बातचीत 11 मई को मुंबई और केकेआर के बीच आईपीएल मैच के बाद हुई थी। विवाद के बाद केकेआर की सोशल मीडिया टीम ने भी वह वीडियो हटा दिया था। इसके बाद 17 मई को रोहित लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुंबई के मैच से पहले मुंबई इंडियंस के पूर्व खिलाड़ी धवल कुलकर्णी से बातचीत कर रहे थे।

## सुकांत, तरूण और सुहास ने पैरालंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** शीर्ष भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम, तरूण और सुहास ने पेरिस में आगामी पैरालंपिक के लिए अपने स्थान पक्के किए। सुकांत कदम पहली बार पैरालंपिक में हिस्सा लेंगे और वह पुरुषों के एसएल 4 वर्ग में खेलेंगे। एसएल 4 में वो खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिनके शरीर के एक तरफ या दोनों पैरों में निचले स्तर पर मूवमेंट प्रभावित होता है। उनके अलावा तरूण और सुहास ने भी इसी वर्ग में क्वालीफाई किया। एसएल3 महिला वर्ग (शरीर के एक तरफ, दोनों पैर या अंगों की अनुपस्थिति वाले खिलाड़ियों के लिए) में मनदीप कौर ने जबकि मिश्रित युगल एसएल6 वर्ग में निथ्या और शिवराजन ने भी कट हासिल किया। पेरिस पैरालंपिक 28 अगस्त से आठ सितंबर तक आयोजित होंगे। कदम पिछले कुछ वर्षों से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और लगातार पदक जीत रहे हैं।

## खेल डायरी

### चेन्नइयिन ने मिडफील्डर जितेश्वर का करार बढ़ाया



**चेन्नई।** पूर्व चैंपियन चेन्नइयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग में शानदार प्रदर्शन करने वाले मिडफील्डर युमखाइबाम जितेश्वर सिंह का करार 2025 तक बढाने का फैसला किया। मणिपुर के इस मिडफील्डर ने 2022 में चेन्नइयिन एफसी के लिये पदार्पण किया था। वह टीम के लिए 44 मैच खेल चुके हैं। टीम के मुख्य कोच ओवेन कॉयल ने कहा जीतू कहीं नहीं जा रहा है। वह अगले सत्र में भी हमारे साथ होगा। जितेश्वर पिछले साल एएफसी अंडर 23 एशियाई कप खेलने वाले भारतीय टीम का भी हिस्सा थे।

### त्वेसा 67 के कार्ड से संयुक्त 21वें स्थान पर

**ब्रेंडनबर्ग (जर्मनी)।** भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने अमुंडी जर्मन मास्टर्स के तीसरे दौर में पांच अंडर 67 का शानदार कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 21वें स्थान पर बनी हुई हैं। यह लेडीज यूरोपीय टूर में करीब चार साल में त्वेसा का सर्वश्रेष्ठ राउंड है। उन्होंने तीसरे दौर में एक ईगल और पांच बर्डी लगायी जबकि दो बोगी कर बैठीं। यह 2021 के बाद एलईटी पर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है, उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में सनशाइन लेडीज टूर पर 65 का सर्वश्रेष्ठ कार्ड खेला था। भारत की कट हासिल करने वाली अन्य दो खिलाड़ी प्रणवी उर्स (71) और दीक्षा डागर (73) क्रमश: संयुक्त 31वें और संयुक्त 43वें स्थान पर बनी हुई हैं।

### रोहित के प्रदर्शन से रॉयल-ईमी ने बांटे अंक

**नई दिल्ली।** डीएसए ए डिवीजन लीग में खेले गए संघर्षपूर्ण मैच में रोहित संतोष के दमदार खेल की बदौलत रॉयल एफसी ने ईमी एफसी को 1- 1 की बराबरी पर रोक कर अंक बांटे। नेहरू स्टेडियम मैदान में दोनों टीमों ने प्रदर्शन किया। रॉयल ने 12 वें मिनट में स्पर्श शर्मा के गोल से बढ़त बनाई, जिसे ईमी के अखिलेश देवरानी ने 49 वें मिनट में पेनल्टी से बराबर कर दिया। तत्पश्चात ईमी ने खेल पर दबदबा बनाया लेकिन रॉयल के गोल रक्षक कप्तान रोहित संतोष ने बेहतर प्रदर्शन से गोल का बचाव किया। होकिप, आशुतोष थपलियाल, गांगते और डेविड के प्रयासों पर रोहित के पूर्वानुमान दर्शनीय रहे जिसकी एवज में उसे प्लेयर ऑफ द मैच आंका गया।

### सबसे ऊंचे पोलिंग बूथ पर आज पहुंचेंगे साइकिल सवार

**रोम।** पांचवीं शिमला। दुनिया के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र टशीगंग से साइकिल सवार देश के मतदाताओं को मतदान का संदेश देने के लिए साइकलिंग एक्सपीडिशन स्पीति में शनिवार को पहुंच गये। ताबो के सेरकोंग स्कूल के बच्चों द्वारा इन साइकिल सवारों का भव्य स्वागत किया गया। इसके साथ ही स्कूल में कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। शिमला के रिज मैदा प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने साइकलिंग एक्सपीडिशन के साइकिल सवार शिमला से 436 किलोमीटर की दूरी तय कर स्पीति के काजा में पहुंचे हैं। लोकसभा और विधानसभा उप-चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए साइकलिंग एक्सपीडिशन आयोजित की गई है। ये साइकिल सवार 20 मई को टशीगंग (15256 फीट) पहुंचेंगे। स्टेट इलेक्शन आइकन जसप्रीत पाल उनके साथी क्षितिज शिमला से टाशीगंग जाएंगे।

# चिराग-सात्विक ने जीता थाईलैंड ओपन

**बैंकॉक, एजेंसी**

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष भारतीय जोड़ी ने रविवार को चीन की चेन बो यांग और लियू यी की जोड़ी को फाइनल मुकाबले में हराकर थाईलैंड ओपन का पुरुष युगल खिताब जीत लिया है। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने 46 मिनट तक चले मुकाबले में चीन की जोड़ी को 21-15, 21-15 से हराकर 2024 बैडमिंटन सत्र का अपना दूसरा खिताब अपने नाम किया।

शानदार खेल दिखाते हुए भारतीय खिलाड़ियों ने शुरुआत में 4-1 की बढ़त बनाई। इसके बाद यांग और यी की जोड़ी ने भी पलटवार किया और पहले हाफ टाइम तक 11-10 से बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद विश्व बैडमिंटन रैंकिंग की वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी ने



शानदार वापसी की और चीनी जोड़ी को गलती करने पर मजबूर कर दिया। भारतीय जोड़ी ने अपनी लय हासिल करते हुए 19-15 की बढ़त बनाई। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने दो अंक अर्जित करते हुए पहला गेम 21-15 से जीत लिया। दूसरे गेम में चीनी खिलाड़ियों ने दो अंक लेकर एक बार फिर भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की बराबरी कर ली। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने स्मैश के जरिए चीनी खिलाड़ियों को बैकफूट पर धकेल दिया ओर इंटरवल तक 11-6 की बढ़त हासिल कर ली। आत्मविश्वास से भरी भारतीय जोड़ी ने कोर्ट 19-15 की बढ़त के साथ खेल को अपने कब्जे में लिया और फिर लगातार दो और अंक हासिल करते हुए मैच पर जीत की मुहर लगा दी।

चिराग और सात्विक के लिए यह वर्ष 2024 बैडमिंटन सत्र का दूसरा खिताब था और थाईलैंड ओपन का भी दूसरा खिताब था। मार्च में फ्रेंच ओपन जीतने से पहले चिराग और सात्विक इस साल की शुरुआत में मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के फाइनल में हार गए थे। सात्विकसाईराज ने खिताब जीतने के बाद कहा थाईलैंड ओपन हमारे लिए एक विशेष टूर्नामेंट रहा है क्योंकि हमने यहां पहला सुपर 500 खिताब भी जीता था और उसके बाद कई और टूर्नामेंट जीते हैं। हम उम्मीद कर रहे हैं कि यह जीत हमारे लिए विजयी अभियान शुरू करेगी।

# भारत ने तीसरे दिन एक रजत और एक कांस्य पदक किया अपने नाम

### पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप

**कोबे (जापान), एजेंसी**

भारत के लिए ऊंची कूद के पैरा एथलीट निषाद कुमार ने रविवार को यहां कोबे 2024 पैरा एथलेटिक्स विश्व चैम्पियनशिप के तीसरे दिन रजत पदक और प्रीति पाल ने महिलाओं की 200 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक जीता।

तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता निषाद ने पुरुषों की ऊंची कूद टी47 फाइनल में 1.99 मीटर के प्रदर्शन से दूसरा स्थान हासिल किया और भारत का खाता खोला। निषाद ने पेरिस में 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में इसी स्पर्धा का रजत पदक जीता था। अमेरिका के रोड्रिक टाउनसेंड ने 2.05 मीटर की कूद से स्वर्ण



प्रतिस्पर्धा के दौरान निषाद कुमार

पदक अपने नाम किया। टी 47 में वो पैरा ट्रैक एथलीट हिस्सा लेते हैं जिनका कोहनी या कलाई के नीचे का हिस्सा कटा होता है या इसमें विकृति होती है। फिर प्रीति पाल ने महिलाओं की टी 35 वर्ग की 200 मीटर स्पर्धा के फाइनल में 30.49 सेकेंड के समय से तीसरा स्थान हासिल कर भारत को दूसरा पदक दिलाया।

# ओलंपिक ट्रायल में सबसे सफल निशानेबाज रहीं मनु

**भोपाल, एजेंसी**



ओलंपियन निशानेबाज मनु भाकर राइफल और पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) में सबसे सफल निशानेबाज रहीं, उन्होंने रविवार को यहां अंतिम दिन महिलाओं की 10 मीटर पिस्टल ओएसटी टी4 मैच में जीत हासिल की। मनु की दो स्पर्धाओं के ट्रायल में यह चौथी जीत रही।

उन्होंने महिलाओं की 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल के ट्रायल भी जीते। मनु ने ओएसटी टी4 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में 240.8 का स्कोर बनाया। उन्होंने हांग्झोऊ एशियाड की चैंपियन पलक को 4.4 अंक से पछाड़ा। इससे पहले इलावेनिल वलारिवान ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल ओएसटी टी4 में 254.3 के स्कोर से जीत दर्ज की। दिव्यांश पंवार ने पुरुषों की एयर राइफल ओएसटी टी4 में 253.3 के स्कोर से जीत दर्ज की। यह स्कोर उनके मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.4 कम रहा। अर्जुन बबूता (250.0) और रुद्रांक्ष पाटिल (229.5) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी4 फाइनल में रविंदर सिंह 242.2 के स्कोर से विजेता रहे।

## अराविंद ने शारजाह मास्टर्स शतरंज में एकल बढ़त बनाई

**शारजाह।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अराविंद चिदंबरम ने स्थानीय खिलाड़ी ए आर सालेह सलेम को हराकर शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में एकल बढत बना ली। चिदंबरम के बाद चार खिलाड़ी दूसरे स्थान पर है जिनमें ईरान के अमीन टाबाटाबाइ और बर्डिया दनेश्वर और अमेरिका के हैंस मोके नीमैन और सैम शांकलैंड शामिल हैं। शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जुन एरिगेसी आठ अन्य खिलाड़ियों के साथ तीसरे स्थान पर है जिनमें भारत के संकल्प गुप्ता भी हैं। एरिगेसी और वोलोडार मुरजिन की बाजी बराबरी पर छूटी जबकि संकल्प ने अजरबैजान के तैमूर राजदाबोव को ड्रॉ पर रोका।

# बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद हुआ राजस्थान-केकेआर का मैच



**गुवाहाटी, एजेंसी**

- दोनों टीमों को बांटा गया एक-एक अंक, कोलकाता शीर्ष पर
- अब केकेआर-सनराइजर्स से और आरसीबी-रॉयल्स से भिडेगी

रूक-रूक कर हो रही बारिश के करण रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 70वें मैच को टॉस के बाद रद्द घोषित कर दिया गया। बारिश रुकने के बाद अम्पायरों ने मैदान का निरीक्षण करते सात-सात ओवरों मैच की मंजूरी दी।

देर रात कोलकाता ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। टॉस जीतने के बाद कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि हमारी टीम में एक बदलाव है। अनुकुल टीम में वापस आए हैं। इस पिच को हम ज्यादा नहीं जानते, हमें नहीं पता कि पिच कैसा व्यवहार करने वाली है। यह सात-सात ओवर का मैच है तो हम पहले गेंदबाजी करते हुए, पिच का व्यवहार जान लेना चाहते हैं। वहीं राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने कहा कि हम भी पहले गेंदबाजी करना चाहते थे। आज हमारी टीम में अंतिम समय में कुछ एक बदलाव हुए हैं तो मुझे उस बारे में ज्यादा कुछ नहीं पता है। हालांकि नांद्रे बर्गर टीम में हैं। इससे पहले कि मैच शुरु हो पाता बारिश फिर से शुरु हो गई। बारिश के कारण मैच में एक भी गेंद फेंकी नहीं जा सकी और अंपायरों ने मैच को आधिकारिक रूप से रद्द घोषित कर दिया गया।

राजस्थान की टीम इस मैच को जीतकर अपने पिछले चार मैचों के हार के क्रम को तोड़कर चाह रही थी। मैच रद्द होने के बाद दोनों टीमों एक-एक अंक बांट दिया गया है जिसके बाद कोलकाता नाइटराइडर्स 20 अंक के साथ शीर्ष पर है। राजस्थान की 17 अंक के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई है।

इस परिणाम के साथ सनराइजर्स हैदराबाद की टीम दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। 21 मई को क्वालीफायर वन में कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच भिड़ंत होगी। वहीं 22 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और राजस्थान रॉयल्स के बीच एलिमिनेटर मुकाबला होगा। दोनों मैच अहमदाबाद में खेले जाएगें।

# धोनी सीएसके का हिस्सा नहीं रहेंगे तो आश्चर्य होगा : हेडन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज मैथ्यू हेडन का मानना है कि करिश्माई विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग में अपना आखिरी मैच खेल लिया है लेकिन वह चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ किसी भूमिका में जुड़े रहेंगे। सीएसके का इस आईपीएल में शुक्रवार को अपने आखिरी लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हार के बाद सफर खत्म हो गया। इस मैच में धोनी ने 13 गेंद में 25 रन की आतिशी पारी खेली लेकिन यह टीम को प्लेऑफ में पहुंचाने के लिए काफी नहीं था।

धोनी ने यश दयाल की गेंद पर इस सत्र का सबसे लंबा 110 मीटर का छक्का लगाकर चेन्नई की उम्मीदें बनाए रखी थी लेकिन वह अगली गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद टीम



- मैथ्यू हेडन बोले- धोनी शायद अपना आखिरी मैच खेल चुके हैं, एमएस ने लगाया 110 मीटर का सबसे लंबा छक्का

चार गेंद में सिर्फ एक रन ही बना सकी। धोनी ने मौजूदा सत्र में 220.55 की शानदार स्ट्राइक रेट से और 53.67 की औसत से 161 रन बनाए। वह इस अब तक इस आईपीएल के सबसे बड़े आकर्षण रहे है और हर मैदान में बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक पहुंच रहे थे। हेडन ने कहा कि धोनी अगले सत्र में अगर सीएसके का हिस्सा या मेंटोर नहीं होंगे तो उन्हें काफी आश्चर्य होगा।

### टेस्ट की तरह बर्ताव कर रही पिच पर 200 पार करना अविश्वसनीय : डुप्लेसी

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि बारिश के बाद टेस्ट मैच की तरह बर्ताव कर रही पिच



बल्लेबाजों का स्कोर को 200 के पार ले जाना और आखिरी ओवर में यश दयाल का गेंदबाजी प्रदर्शन अविश्वसनीय रहा। मैच जीतने के बाद डुप्लेसी ने कहा मुझे लगा कि मैंने बारिश के बाद अब तक सबसे मुश्किल पिच पर यहीं बल्लेबाजी की। यह इतनी मुश्किल प्रतीत हो रही थी कि मैं और विराट कोहली तो 140-150 के स्कोर तक पहुंचने की बात कर रहे थे। यह रांची के पांच दिवसीय टेस्ट मैच की तरह बर्ताव कर रही थी और वहां से 200 के स्कोर को पार करना अविश्वसनीय था। जब हम जीत नहीं रहे थे तब भी प्रशंसक हमारे साथ खड़े थे। जिस तरह का समर्थन हमें मिला इसके लिए हम प्रशंसकों के शुक्रगुजार हैं।

### चमत्कारिक प्रदर्शन से दूसरी टीमों को मिलेगी प्रेरणा : कार्तिक

**बेंगलुरू।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का मानना है कि लगातार छह जीत दर्ज करके आईपीएल प्लेआफ में जगह बनाने वाली उनकी टीम के चमत्कारिक प्रदर्शन से भविष्य में दूसरी टीमों को प्रेरणा मिलेगी। पहले आठ में से सात मैच हारने वाली आरसीबी ने बाहर होने की कगार से निकलकर वापसी की और अंतिम चार में जगह बनाई है। कार्तिक ने कहा जिस तरह आठ मैचों के बाद हमने वापसी की। हमें छह मैच जीते, लोग इस टीम को याद रखेंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

